विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

वर्ष 72 अंक 316 पृष्ठ 12+8= 20

रीवा, बुधवार 13 अगस्त, 2025

भाद्रपद कृष्ण पक्ष 04, विक्रम संवत् 2082

नगर मूल्य 5 रुपए

आज के अंक के साथ सत्यकथा


सभी महान चीजें सरल होती हैं, और उनमें से कई को एक ही शब्द में व्यक्त किया जा सकता है स्वतंत्रता, न्याय, सम्मान, कर्तव्य, दया, आशा।
- विंस्टन चर्चिल

**बिहार वोटर लिस्ट रिवीजन:** भारतीयता के दस्तावेज पर अदालत के रुख में बदलाव


# नागरिकता का निर्णायक सबूत नहीं है आधार कार्ड: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली/पटना।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को स्पष्ट कर दिया है कि आधार कार्ड को भारतीय नागरिकता का निर्णायक सबूत नहीं माना जा सकता। अदालत ने कहा कि नागरिकता की पुष्टि के लिए आधार के अलावा स्वतंत्र सत्यापन जरूरी है। यह टिप्पणी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) यानी विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया की सुनवाई के दौरान आई, जिसमें मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम काटे जाने पर विवाद चल रहा है। अदालत का यह रुख चुनाव आयोग के पूर्व रुख के अनुरूप है, जिसमें आयोग ने कहा था कि आधार नागरिकता का प्रमाण नहीं है, बल्कि केवल पहचान का एक साधन है। मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की दो सदस्यीय पीठ कर रही है।

एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं का दावा है कि 65 लाख मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए हैं। इनमें से कई ऐसे हैं जो जीवित हैं और अपने घरों में रह रहे हैं। कुछ के बारे में कहा गया कि वे कहीं और चले गए या उनकी मृत्यु हो चुकी है। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अगर बड़े पैमाने पर गलत तरीके से नाम काटे गए हैं, तो वह हस्तक्षेप करेगा। फिलहाल अदालत ने एसआईआर प्रक्रिया पर रोक से इनकार किया था और कहा था कि प्रक्रिया में खामियां पाई गईं तो इसे पूरी तरह रद्द किया जा सकता है। एसआईआर के खिलाफ सांसद मनोज झा, महुआ मोइत्रा समेत 11 याचिकाएं दाखिल की हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से जीएस नारायण, कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने दलीलें दीं।

**कपिल सिब्बल:** बिहार की वोटर लिस्ट में 12 ऐसे लोग हैं जो जीवित हैं, लेकिन उन्हें मृत घोषित कर दिया गया है। जबकि कई मृत मतदाता, जीवित बताए गए हैं।

**चुनाव आयोग के वकील :** इस तरह की विशाल प्रक्रिया में कुछ गलतियां स्वाभाविक हैं। यह ड्राफ्ट सूची है। त्रुटियां सुधारी जा सकती हैं।




### अदालत की अहम टिप्पणियां

चुनाव आयोग का यह कहना सही है कि आधार को नागरिकता के निर्णायक प्रमाण के रूप में नहीं लिया जा सकता। इसका स्वतंत्र सत्यापन होना चाहिए।

चुनाव आयोग तथ्यों और आंकड़ों के साथ तैयार रहे, क्योंकि कोर्ट यह देखेगा कि प्रक्रिया शुरू होने से पहले और अब के बीच वोटरों की संख्या में क्या बदलाव आया, कितने लोगों को मृत घोषित किया गया, और क्या इसका कोई औचित्य है।

## दलील और जवाब: इस तरह हुई जिरह

**वरिष्ठ** अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि 1 अगस्त को प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची से लगभग 65 लाख नाम हटा दिए गए हैं, जबकि इनके नाम पर कोई आपत्ति भी दर्ज नहीं थी। उन्होंने इसे पूरी तरह गैरकानूनी बताया।

**सिब्बल** ने दलील दी कि बिहार की बड़ी आबादी के पास चुनाव आयोग द्वारा मांगे गए दस्तावेज नहीं हैं, जैसे जन्म प्रमाणपत्र, मैट्रिक प्रमाणपत्र, पासपोर्ट आदि।

**सिब्बल** ने बताया कि आधार कार्ड, राशन कार्ड और वोटर आईडी अधिकांश लोगों के पास हैं, पर एसआईआर इन्हें नागरिकता का सबूत मानने से इनकार कर रहा है।

**पीठ** ने कहा कि नियमों के अनुसार, जिन लोगों के नाम सूची से बाहर किए गए हैं, उन्हें नाम जुड़वाने के लिए आवेदन करना होगा और तभी उन पर आपत्ति पर विचार होगा।

**न्यायमूर्ति** सूर्यकांत ने इस पर कहा, 'अगर बिहार में ये दस्तावेज नहीं हैं, तो बाकी राज्यों में भी स्थिति यही होगी।'

**इस** पर कोर्ट ने याद दिलाया कि आधार अधिनियम में खुद लिखा है कि यह नागरिकता का प्रमाण नहीं है।

### चुनाव आयोग का जवाब

चुनाव आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि 2003 की सूची में जिनके नाम हैं और उनके बच्चों को कोई फॉर्म भरने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे मतदाताओं की संख्या करीब 6.5 करोड़ है। उन्होंने याचिकाकर्ताओं के तर्कों को 'कल्पना' करार देते हुए आयोग को प्रक्रिया पूरी करने देने की मांग की।

इस पर सिब्बल ने बताया कि बिहार में कुल 7.9 करोड़ मतदाता हैं। आयोग के अनुसार 7.24 करोड़ लोगों ने फॉर्म भरा, 22 लाख की मौत हो चुकी है और 36 लाख लोग स्थानांतरित हो गए हैं। पर यह आंकड़े बिना जांच के बताए जा रहे हैं।

## नाम हटाने की सूची सार्वजनिक क्यों नहीं?

एडीआर की ओर से अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि आयोग ने 65 लाख हटाए गए नामों की सूची प्रकाशित नहीं की और न ही यह बताया कि कौन मृत है और कौन स्थानांतरित। इसके बजाय ड्राफ्ट सूची 4 अगस्त के बाद वेबसाइट पर नॉन-सर्चेबल कर दी गई, जिससे आम नागरिक सीधे जानकारी नहीं पा सकते। अधिवक्ता वृंदा ग्रोवर ने कहा कि आयोग के पास यह अधिकार नहीं है कि वह यह तय करे कि केवल कुछ ही दस्तावेज मान्य होंगे – इसके लिए संसद में संशोधन जरूरी है।

**ऑफ बीट**

## इस होटल में कुत्ते मिलते हैं किराए पर



*कुत्ते सबसे प्यारे और वफादार पालतू जानवर होते हैं, जो अपने स्वाभाव से सभी के दिल में जगह बना लेते हैं। हालांकि, हर किसी को उन्हें पालने का मौका नहीं मिलता है। अब चीन का एक होटल उन लोगों के लिए एक अनोखी सुविधा लेकर आया है, जो कुत्तों के साथ समय बिताना पसंद करते हैं। दरअसल, इस होटल में रुकने वाले मेहमान हर रात पैसों के बदले कुत्ते किराए पर ले सकते हैं इस होटल का नाम बिगुइयुआन फीनिक्स है, जो कि हुबेई प्रांत के वुहान में स्थित है। यहां यह अनोखी सुविधा जुलाई में शुरू की गई थी। होटल में एक खास पालतू जानवरों की थीम वाला कमरा है, जिसका एक दिन का किराया 6,032 रुपये है। इस कमरे में ठहरने वाले ग्राहक एक समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद एक कुत्ता चुन सकते हैं।*

## दिल्ली-एनसीआर: पुरानी गाड़ियों पर रोक नहीं!

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली-एनसीआर में 10 साल पुरानी डीजल और 15 साल पुरानी पेट्रोल गाड़ी के खिलाफ फिलहाल कार्रवाई नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा फैसला सुनाते हुए ऐसी गाड़ियों के खिलाफ एक्शन लेने से मना किया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दिल्ली-एनसीआर में 10 साल पुरानी डीजल और 15 साल पुरानी पेट्रोल गाड़ियों के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया जाएगा। हालांकि, इस मामले में 4 हफ्ते बाद सुप्रीम कोर्ट में दोबारा सुनवाई होनी है। दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए पुरानी गाड़ियों पर लगाए गए बैन को हटाने की मांग की थी।

**ओबीसी आरक्षण:** सुको ने जताई नाराजगी- होल्ड पदों पर छह साल में क्या किया, सरकार सो रही है क्या!

# 23 सितंबर से रोज सुनवाई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मध्यप्रदेश में सरकारी भर्तियों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के 13 प्रतिशत पद होल्ड होने के मामले में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने एमपी सरकार को फटकार लगाई है। ओबीसी महासभा के वकील वरुण ठाकुर ने बताया- कोर्ट ने कहा है कि एमपी सरकार सो रही है क्या? ओबीसी के 13 प्रतिशत होल्ड पदों पर 6 साल में क्या किया? ठाकुर ने बताया- याचिका एमपीपीएससी के चयनित अभ्यर्थियों ने लगाई है, जिनको नियुक्ति नहीं दी जा रही है। मामले में मध्यप्रदेश सरकार ने 29 सितंबर 2022 को एक नोटिफिकेशन जारी किया था, इसे कोर्ट में चैलेंज किया गया है। सरकार ने कोर्ट में कहा था कि हम भी रिजर्वेशन देना चाहते हैं। ऐसे में ऑर्डिनेंस पर जो स्टे है, उसे वेकेंट किया जाए। इस पर कोर्ट ने कहा- सबसे बड़ी बात ये है कि मप्र सरकार के जो जनप्रतिनिधि कहते हैं कि हम ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, उनके वकील सुनवाई में तब पहुंचते हैं, जब ऑर्डर डिक्टेट हो जाता है। फिर ये नेता कहते हैं कि ऑर्डिनेंस पर स्टे वेकेंट नहीं होने से प्रशासनिक परेशानियां आ रही हैं।



मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने 4 मई 2022 के अंतरिम आदेश में ओबीसी आरक्षण की सीमा 14 प्रतिशत तक सीमित कर दी थी। इसके बाद से यह मामला सुप्रीम कोर्ट में है। 5 अगस्त को हुई सुनवाई में ओबीसी महासभा की ओर से कहा गया था कि परीक्षा के बाद भर्ती प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, लेकिन नियुक्ति नहीं दी जा रही है।

दूसरी तरफ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस एएस चांदुरकर की खंडपीठ के सामने अनारक्षित वर्ग द्वारा 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण नहीं दिए जाने पर बात रखी गई थी। इसके पहले जुलाई में हुई एक अन्य सुनवाई के दौरान मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के चयनित अभ्यर्थियों की ओर से मांग की गई थी कि राज्य में ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का कानून होने के बावजूद 13 प्रतिशत पदों को होल्ड पर रखा गया है। इस पर सरकार के वकीलों ने बताया था कि मध्यप्रदेश सरकार भी चाहती है कि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण मिले। हम इसको अनहोल्ड करने के समर्थन में हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमने आपको रोका कब है? मामले में राज्य सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज और महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने पक्ष रखा।

### टॉप आफ द बोर्ड में लिस्टेड

सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सीनियर वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के चयनित अभ्यर्थियों की तरफ से कोर्ट के सामने पक्ष रखा। कोर्ट ने इस मामले को अति महत्वपूर्ण मानते हुए टॉप ऑफ द बोर्ड में लिस्टेड किया है। 23 सितंबर को इसे पहले नंबर पर सुनवाई के लिए रखा है। ये 13 प्रतिशत होल्ड वाले मामले में सभी याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई होगी।

## भाजपा ने बताया ऐतिहासिक फैसला

इस मामले पर भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल ने निर्णय को ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि यह मामला मध्यप्रदेश लोक सेवा संशोधन अधिनियम, 2019 की संवैधानिक वैधता से जुड़ा है। राच्य सरकार के तर्कों से सहमत होकर सर्वोच्च न्यायालय ने इसे 23 सितंबर 2025 से प्रतिदिन सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। अग्रवाल ने लिखा कि यह निर्णय न केवल कानूनी दृष्टि से मील का पत्थर है, बल्कि लाखों युवाओं और पिछड़े वर्ग के लिए नई उम्मीद, नया विश्वास और न्याय की गारंटी है।




# नगर निगम ने बलिदान दिवस पर आयोजित किया कार्यक्रम

## अमर शहीद लाल पद्मधर सिंह पार्क में हुआ आयोजन



**जागरण, सतना।** विन्ध्य भूमि के वीरसपूत लाल पद्मधर सिंह का जन्म सतना नगर के समीपस्त गाँव कृपालपुर में हुआ था। लाल पद्मथर सिंह ने मातृभूमि की सेवा करते हुए 12 अगस्त सन् 1942 को वीरगति को प्राप्त हुए थे। उनके इस अद्वितीय बलिदान को उनके बलिदान दिवस पर नगर निगम सतना द्वारा प्रतिवर्ष कार्यक्रम आयोजित करता है। इसी कड़ी में आज दिनांक 12 अगस्त 2025 को कृपालपुर स्थित अमर शहीद लाल पद्मथर सिंह पार्क पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में शहीद लाल पद्मथर सिंह की प्रतिमा पर उपस्थित जनों ने माल्यार्पण कर श्रृद्धासुमन अर्पित किए गए एवं राष्ट्र ध्वज फ्हराया जाकर राष्ट्रगान का गायन किया गया। साथ ही देशभक्ति से विद्यालय के छात्र.छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओत.प्रोत गीत एवं कहानियाँ प्रस्तुत की गई तथा वक्ताओं द्वारा शहीद लाल पद्मथर सिंह की शौर्य एवं वीरता से जुड़े हुए संस्मरण साझा किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगेश ताम्रकार महापौर नगर पालिक निगम सतना द्वारा राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत जानकारियां साझा की। इसके उपरांत पार्क के वृक्षारोपण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से शहीद लाल पद्मधर सिंह के परिजन ब्रिगेडियर भूपेन्द्र सिंह देवेन्द्र सिंह शेर सिंह मीना आयुक्त नगर पालिक निगम सतना, विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार, राजेश चतुर्वेदी पालन अध्यक्ष स्पीकर नगर पालिक निगम सतना, पूर्व महापौर श्रीमती ममता पाण्डेय, बालकृष्ण शुक्ला वरिष्ठ भाजपा नेता, पार्षद वार्ड क्रण14 तिलकराज सोनी, पार्षद वार्ड क्र27 राजेश कुमार सूर्यवंशी, पार्षद वार्ड क्र 16 श्रीमती सुनीता चौधरी, पार्षद वार्ड क्र26 एवं डायरेक्टर स्मार्ट सिटी सतना महेन्द्र पाण्डेय, पार्षद वार्ड क्रण13 सूर्यपाल सिंह, पूर्व पार्षद शैलेन्द्र दहायत अधिक संख्या में गणमान्य नागरिक एवं नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पंचायत उन्नति सूचकांक में अव्वल 10 ग्राम पंचायतें पुरस्कृत

## कलेक्टर और जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया पुस्तिका का विमोचन




**जागरण, सतना।** पीएआई 1.0 पंचायत उन्नति सूचकांक में अव्वल रही सतना और मैहर जिले की अग्रिम 10 ग्राम पंचायतों को मंगलवार को जिला पंचायत सतना के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में समारोह पूर्वक नकद पुरूस्कार और प्रशस्ति पत्र से पुरूस्कृत किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रामखेलावन कोल और कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में पंचायत उन्नति सूचकांक पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत की उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह, संचार संकर्म समिति के सभापति ज्ञानेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य जयंती तिवारी, रमाकांत पयासी, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन सहित जिला पंचायत के अधिकारी एवं ग्राम पंचायतों के सचिव-सरपंच उपस्थित रहे। जिला पंचायत की सीईओ संजना जैन ने आयोजन की जानकारी में बताया कि पंचायत उन्नति सूचकांक में कुल 151 सूचकांकों पर बेहतर काम करने वाली ग्राम पंचायतों को पुरूस्कृत किया जाता है। इनमें 9 सूचकांक विभिन्न शासकीय विभागों से संबंधित है। सतना और मैहर जिले की ग्राम पंचायतें अच्छा काम कर रही है। ग्राम पंचायतों को स्वास्थ्य, महिला बाल विकास के क्षेत्र में और प्रयास करने तथा सर्विस डिलीवरी सुधारने की दिशा में और प्रयास करने की जरूरत है। सीईओ ने कहा कि ग्राम पंचायतों को उनकी खुद की आय बढाने शीघ्र ही वर्कशाप आयोजित कर प्रशिक्षण दिया जायेगा। सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि वर्ष 2022-23 के पीएआई के पुरूस्कारों में 10 ग्राम पंचायतों को नकद पुरूस्कार और 10 ग्राम पंचायतों को सांत्वना प्रशस्ति पत्र दिये जा रहे हैं। पंचायत उन्नति सूचकांकों में और भी ग्राम पंचायत अच्छा काम कर आगे आ सकती है। कार्यक्रम में सतना और मैहर जिले में समग्र विकास के सूचकांकों पर अग्रसर प्रथम 10 ग्राम पंचायतों को पुरूस्कृत किया गया। जिनमें मैहर जनपद की जूरा ग्राम पंचायत को प्रथम पुरूस्कार 11 हजार रूपये, उचेहरा जनपद की लोहारौरा ग्राम पंचायत को द्वितीय पुरूस्कार 7100 रूपये, सोहावल जनपद पंचायत की सोहावल ग्राम पंचायत को तृतीय पुरूस्कार 5100 रूपये नकद चेक और प्रशस्ति पत्र सरपंच और सचिवों को प्रदान किये गये। सांत्वना पुरूस्कार में 21-21 सौ रूपये का चेक और प्रशस्ति पत्र 7 ग्राम पंचायतों किटहा (मझगवां), अमझर (अमरपाटन), मौहरियालालन (अमरपाटन), खेरवा कला (मैहर), भटूरा (मैहर), पहाडी (मैहर), धनवाही (मैहर) को प्रदान किया गया। इस मौके पर पीएआई 2.0 के सभी लाइन डिपार्टमेंट को सूचकांकों की जानकारी पोर्टल पर प्रवृष्टि कराने का प्रशिक्षण भी दिया गया।

## पेंशनर समाज की नई इकाई का हुआ गठन

**सतना।** भारत पेंशनर्स समाज विकासखंड इकाई रामपुर बघेलान की कार्यकारिणी का गठन नए तरीके से हुआ है जिसमें रामपुर बाघेलान का निर्वाचन डॉक्टर आर एस त्रिपाठी चुनाव अधिकारी के निर्देशन में रामपुर बघेलान सब्जी मंडी परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें अध्यक्ष सुरेश कुमार मिश्रा उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी उपाध्यक्ष जय नारायण शुक्ला सचिव बृजेंद्र प्रसाद द्विवेदी कोषाध्यक्ष बद्री सिंह सहसचिव मानसिंह को इन पदों की जवाबदारी सौंपी गई है ।

## 14 को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस और मौन रैली



**जागरण, सतना।** भारतीय जनता पार्टी सतना 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन करेगी। यह कार्यक्रम कलकत्ता मैरिज गार्डन में भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संयोजक भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय तीर्थवानी एवं सह.संयोजक संजीव दुबेदी' होंगे। इस अवसर पर विभाजन के समय विस्थापित परिवार अपनी आपबीती सुनाएंगे वहीं अभिलेख प्रदर्शनी में विभाजन काल की दुर्लभ और ऐतिहासिक सामग्री प्रदर्शित की जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी को देश के विभाजन की भीषण त्रासदी और उस दौर के बलिदानों से अवगत कराना है। बैठक में तय किया गया कि 14 अगस्त, गुरुवार को दोपहर 3:30 बजे संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगाए जिसके बाद मौन जुलूस कलकत्ता मैरिज गार्डन से प्रारंभ होकर सिंधी कैंप मोड़ के पास समाप्त होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के विभाजन के दौरान हुई त्रासदियों और बलिदानों को याद करना है।

# डॉ उमेश कुमार ने राष्ट्रीय संगोष्ठी में की सहभागिता



**जागरण, सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ उमेश कुमार सोनी ने इमर्जिंग ट्रेंड इन इलेक्ट्रिकल टेक्नोलॉजी फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट .2025 राष्ट्रीय संगोष्ठी में तकनीकी समिति सदस्य तथा सत्र अध्यक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह संगोष्ठी 1 अगस्त 2025 को मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानए प्रयागराज एवं इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई थी। संगोष्ठी में कुल 15 शोध पत्र जमा हुए थे जिनकी गुणवत्ता के आधार पर केवल 6 शोध पत्र इस मौखिक प्रस्तुति के लिए चुने गए। कार्यक्रम के तकनीकी अध्यक्ष के द्वारा डॉ सोनी को सत्र अध्यक्षता का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। डॉ सोनी को विश्वविद्यालय प्रबंधन, डॉजीकेप्रधान, विभागाध्यक्ष डॉ रमा शुक्ला, प्रांजल,देवेंद्र मिश्रा, अजय सिंह सहित विभाग के अन्य सहकर्मियों ने बधाई दी है।

# बेरमा मंडल में निकाली गई विशाल तिरंगा यात्रा



**जागरण, सतना।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश एवं जिले के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी बेरमा मंडल के नेतृत्व में भव्य एवं विशाल बाइक तिरंगा यात्रा का आयोजन ग्राम महेदर एनएच 30 से अमर जवान स्मारक संपत साहू स्मारक घुसडू नदी तक किया गया तिरंगा यात्रा का समापन शहीद स्मारक संपत साहू को पुष्पांजलि अर्पित कर मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी द्वारा फ्ट्टी बाबा आश्रम दसईपुर में किया गया यात्रा के आयोजन का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय एकता अखंडता के प्रति जन मानस को जागृत करना था शहीदों के बलिदान को नमन और भारत माता के चरणों में अपनी निष्ठा और योगदान को समर्पित करने हेतु जगह जगह आयोजित की जा रही है जिससे कि राष्ट्रीयता का भाव समाज और युवाओं में जागृति हो कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी बेरमा मंडल की इस तिरंगा यात्रा की पार्टी की तरफ से यात्रा की प्रभारी क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जयंती महेश तिवारी लगातार पूरे कार्यक्रम में उपस्थित रही उक्त कार्यक्रम में वार्ड 12 के जिला पंचायत सदस्य देव दत्त सोनी पूर्व सरपंच वीरेंद्र सिंह कुसेंडी मंडल के अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा महामंत्री राजेंद्र विश्वकर्मा उपाध्यक्ष बब्बू पटेल , उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक अभिषेक पांडे सरपंच उपाध्यक्ष कौशल साहू , सुखेंद्र सिंह अजय पाल सिंह सतीश शर्मा, शिवकुमार पटेल अब्बू साहू मिठाई लाल साहू वीरेंद्र चतुर्वेदी अंबिका प्रसाद मिश्रा बाल्मिक पटेल श्रीमती सुनीता उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह युवा मोर्चा दिलीप पटेल महामंत्रीआशीष मिश्रा युवा नेता विनयराज सिंह धतूरा कार्तिक शर्मा जी शुभम बढगईंया सत्यम बढगया ,कैलाश विश्वकर्मा संदीप सिंह राजेंद्र प्रजापति एवं भाजपा के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी जनप्रतिनिधि एवं नागरिक गण उपस्थित रहे।

# डॉ रश्मि ने जताया शोक



**सतना।** पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उचेहरा के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह की धर्मपत्नी का उनके गृह ग्राम डिघौरा में दुखद निधन पर कांग्रेस नेत्री डॉ रश्मि सिंह ने उनके निवास पहुंचकर गहरा शोक व्यक्त किया है।डॉ रश्मि सिंह ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि इस कठिन समय में वे एवं कांग्रेस परिवार श्री पटेल और उनके परिवार के साथ हैं तथा ईश्वर परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। ब्लॉक अध्यक्ष ऊंचेहरा लालबहादुर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष एड रमाकांत मिश्रा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हरीश ताम्रकार, पूर्व मंडी डायरेक्टर वीरेंद्र सिंह परिहार,अतुल गौतम,उमेश गौतम, मुबारक अली भूरा, शिवांशु समदरिया, आदित्य प्रताप सिंह, डॉक्टर दिनेश सिंह, जनपद सदस्य लालबिहारी सिंह, रामनरेश सिंह, झल्ली ताम्रकार, राजेंद्र ताम्रकार, ददुआ सेन, पुष्पेंद्र ताम्रकार, आदि कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक जताया।

# निकाली गई घर-घर तिरंगा हर घर स्वच्छता यात्रा



**जागरण, सतना।** घर.घर तिरंगा हर घर स्वक्षता अभियान के तहर रामपुर बाघेलान नगर परिषद क्षेत्र में कन्या हायर सेकंडरी स्कूल से मुख्यबजार सांदीपनि विद्यालय रामपुर बाघेलान थाना होते हुए कन्या हा सेण्स्कूल में तिरंगा यात्रा का समाप हुआ आयोजित यात्रा में अनुविभागीय अधिकारी आर एन खरे ने हर घर तिरंगे लगा कर भारत देश के प्रति समर्पित भाव को व्यक्त करने की बात कही वहीं नगर परिषद द्वारा घरों में तिरंगे लगाए गए साथ ही नपअध्यक्ष श्रीमती रामसखी कचेर सी एम ओ अरुण श्रीवास्तव और उपयंत्री विश्वजीत कुशवाहा द्वारा नगर को स्वक्ष रख कर महामारी और गंदगी से बचने स्वक्ष रहें स्वस्थ रहें के शब्दों से लोगों को प्रोत्साहित किया।आयोजित कार्यक्रम में एस डी एम आर एन खरे मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव खेलकूद विभाग से ब्लाक क्वार्डिनेटर ज्योति तिवारी नगर परिषद उपाध्यक्ष रामकुमार आदिवासीएपूर्व उपाध्यक्ष कमलेश कचेरएपार्षद शिवांक त्रिपाठीएअब्दुल इसहाक नीलेंद्र सिंह श्रीमती नीतू दिलीप सोनी इंजीण् विश्वजीत कुशवाहा कन्या विद्यालय के प्राचार्य दशरथ प्रसाद साकेत सांदीपनि विण् प्राचार्य राममित्र चतुर्वेदी विजय कुमार वर्मा रामबली सिंह मानव शुक्ला रामप्रकाश शर्मा पुष्पेंद्र निगम लेखापाल संदीप वर्माएस्वक्षता प्रभारी इजराइल सौदागरए आकाशदीप सेनए रामविश्वस कुशवाहाएसुरेंद्र सिंहएराजीव सिंहए संजय सेनए लाखन सिंह कुशवाहा ;चकउबद्धए संजय सिंह ए अंकित बैरियाए अशोक साकेतएअमन बड़ौलिया सहित कन्या विद्यालय की छात्राएं आचार्य शिक्षिकाएं समस्त पार्षद नगर परिषद रामपुर बघेलान के कर्मचारी उपस्थिति रहे।


# कसौधन वैश्य समाज का त्रैवार्षिक अधिवेशन 15 को मिलन मैरिज गार्डन में



**जागरण, सतना।** जिला कसौधन वैश्य समाज सतना का त्रैवार्षिक अधिवेशन दिनांक 15 अगस्त 25 को मिलन मैरिज गार्डन सज्जनपुर में दोपहर 1 बजे से होना सुनिश्चित हुआ है। समारोह के अवसर पर जिले के संरक्षक अतिथि होंगे, जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगें।

**जिला सचिव डॉ संतोष गुप्ता प्रस्तुत करेंगे प्रतिवेदन :** जिले के सक्रिय मंडलों को स्मृति चिन्ह जिला संयोजक ऋषिकेश गुप्ता द्वारा भेंट किया जाएगा। कोषाध्यक्ष विनय गुप्ता मझगवा द्वारा आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया जाएगा। जिला कसौधन समाज ने अपने तीन वर्षीय कार्यकाल में प्रत्येक वर्ष शिक्षक सम्मान समारोहए इच्छा नवमी पर परिवार मिलन समारोह,प्रतिभा सम्मान समारोहए वरिष्ठ समाजसेवी सम्मान समारोह, कश्यप जयंती कार्यक्रमए दिवंगत समाजसेवियों का पुण्यतिथि कार्यक्रमएगांधी जयंती कार्यक्रमए सामाजिक कुरीतियों रूढ़िवादी परंपराओंए समाज में व्याप्त फिजूल खर्चीए समाज के आपसी वैवाहिक विवादों पर अंकुश लगाने का प्रयास विगत तीन वर्षों में लगातार किए गए। पूरे जिले में सदस्यता अभियान चलाया गया समाज के अंतिम व्यक्ति को संगठन से जोड़ने का भरपूर प्रयास जिला समिति द्वारा किया गया। 15 अगस्त 25 को वर्तमान समिति के कार्यकाल पूर्ण होने पर नवीन कार्यकारणी का गठन किया जावेगा। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु केशरी गुप्ता,डॉ सुशील गुप्ता, डॉक्टर सन्तोष गुप्ता, ऋषिकेश गुप्ता कामता गुप्ता, ज्ञानचंद गुप्ता,विनय गुप्ता मझगवा, अशोक गुप्ता, गंगादीन गुप्ता, हरिशंकर गुप्ता, चंद्रभान कश्यप, निधिगोपाल गुप्ता, रामचंद्र गुप्ता,प्रकाश गुप्ता, रबी गुप्ता,मनोज गुप्ता कोठी, द्वारिका गुप्ता, राकेश गुप्ता विजय गुप्ता, कमलेश गुप्ता उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता गुप्ता ने जिले के पदाधिकारियों सभी मंडलों सामाजिक बंधुओ से स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित अधिवेशन के कार्यक्रम पर समय से उपस्थित होने की अपील की है ।

## देहदान कर अमर हो गए पिथौराबाद के बाल्मीक



**सतना।** ऊंचेहरा तहसील के पहले देहदानी पिथौराबाद निवासी 86 वर्षीय वाल्मीक सिंह का मंगलवार अपराह्न निधन हो गया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की घोषणा के अनुसार देहदान घोषणा व्यक्ति के पार्थिव शरीर को गार्ड ऑफ ऑनर देकर शासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। आदेश के परिपालन में सतना जिले में देहदान करने वाले व्यक्ति को पहली बार श्गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा।

**बुधवार को अंतिम दर्शन :** बताया गया कि उनके निधन के बाद संकल्प के मुताबिक पुत्र कमलेश सिंह,इंद्रपाल सिंह,संतोष सिंह खेल्लु सिंह व भारत सिंह मेडिकल कॉलेज सतना में देहदान करेंगे। मंगलवार को देह को फ्रीजर में रखा गया है। बुधवार परिवारजन व रिश्तेदारों के अंतिम दर्शन उपरांत मेडिकल कॉलेज सतना में गार्ड ऑफ ऑनरष् देकर ससम्मान श्रद्धांजली दी जाएगी।

**क्षेत्र से दूसरा देहदान पहले संकल्पित रहे है बाल्मीक सिंह :** पद्मश्री बाबूलाल ने बताया कि बाल्मीक सिंह उचेहरा क्षेत्र के प्रथम देहदान के लिए संकल्प लेने वाले व्यक्ति है 10 वर्ष पहले उन्हें जब एक डाक्टर द्वारा बताया गया कि कम से कम 3 छात्रों के बीच एक डेड बॉडी की आवश्यकता होती है तो वे सहर्ष अपना शरीर मेडिकल कॉलेज को दान देने हेतु तैयार हो गए थे और भाई देवलाल सिंह के साथ देहदान का फॉर्म भर संकल्प लिया था।

# छत्रसाल पार्क से देशभक्ति पर केन्द्रित तिरंगा यात्रा निकाली गई



**जागरण, पन्ना।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन उत्साहपूर्वक जारी है। इस वर्ष की थीम अनुसार अभियान में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज पन्ना नगर के छत्रसाल पार्क से नगर पालिका परिषद पन्ना एवं जनअभियान परिषद के तत्वाधान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें कलेक्टर सुरेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी शामिल हुए। इस जागरूकता कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव, नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय एवं पार्षदों ने भी सहभागिता की। उल्लेखनीय है कि हर घर तिरंगा अभियान में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और समर्पण के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर तिरंगा यात्रा के कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि यह अभियान न केवल राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि स्वच्छता और जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों को जोड़ने का माध्यम भी है। तिरंगा यात्रा ने शहर के मुख्य मार्गों में भ्रमण कर लोगों को अभियान में जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इसमें स्कूली विद्यार्थियों एवं नगरवासियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

## रंगोली बनाकर दिया हर घर तिरंगा अभियान का संदेश

**पन्ना।** हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत पन्ना जिले में भी राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान के लिए विभिन्न माध्यमों एवं तरीकों से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस क्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और महिलाओं के सहयोग से आंगनवाड़ी केन्द्रों पर आकर्षक रंगोली बनाकर राष्ट्रध्वज के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। ऐसे कार्यक्रम से लोगों को इस महत्वाकांक्षी अभियान में जोड़ने के साथ राष्ट्रीय ध्वज के प्रति आदर व सम्मान को बढ़ावा देने का प्रयास है। आंगनवाड़ी केन्द्रों पर तिरंगा की थीम पर रंगोली बनाने के अलावा विभिन्न सामग्रियों से आकर्षक डिजाइन तैयार कर राष्ट्रीय एकता एवं देश भावना जागृत करने का संदेश भी दिया गया। इसमें बच्चों ने भी सहभागिता की और उत्साह के साथ हाथों में तिरंगा लहराया।

## दक्षिण पन्ना वन विभाग ने प्रशिक्षण उपरांत वितरित किए लैपटॉप, खिल उठे ट्रेनीज के चेहरे

**जागरण, पन्ना।** अंतर्राष्टीय युवा दिवस के अवसर पर दक्षिण पन्ना वनमण्डल द्वारा ग्रीन इंडिया मिशन अंतर्गत आजीविका विकास प्रशिक्षण प्राप्त 9 युवाओं को लैपटॉप प्रदान किए गए। यह पहल युवाओं को डिजिटल कौशल के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लैपटॉप प्राप्त करने वाले युवाओं में शुभि गुप्ता, सौरभ राजपूत, सुमित नगायच, रजनी नामदेव, निकेतन रिछारिया, बलराम रजक, अनिकेत लखेरा, साक्षी सिंह एवं सुखचेन बर्मन शामिल रहे। अरण्य भवन पवई में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वन संरक्षक, छतरपुर वन वृत्त,नरेश सिंह यादव तथा दक्षिण पन्ना वनमण्डल अधिकारी अनुपम शर्मा ने प्रशिक्षुओं को लैपटॉप प्रदान किए। इस अवसर पर उपवनमण्डल अधिकारी (प्रशिक्षु भा. व. से.) अक्षत जैन, वन परिक्षेत्र अधिकारी नितेश पटेल, स्थानीय वन अमला एवं प्रशिक्षुओं के परिजन उपस्थित रहे। ग्रीन इंडिया मिशन के अंतर्गत दक्षिण पन्ना वनमण्डल द्वारा पवई एवं शाहनगर क्षेत्रों में विगत महीनों में 90 युवाओं को वेब डिजाइनिंग एवं कंप्यूटर ऑपरेटर के प्रशिक्षण प्रदान किए जा चुके हैं।

# पंचायत भवन का हुआ लोकार्पण



**सतना ।** ग्राम पंचायत बर्ती में गौड़ खनिज मद से निर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि रामपुर बघेलान जनपद अध्यक्ष रावेन्द्र सिंह छोटू उपस्थित रहे और ग्राम पंचायत बरती में पंचायत भवन का लोकार्पण किया। जिसमें हमारे सहभागी रहे जिला पंचायत सदस्य रमाकांत पायासी जनपद सदस्य सुलोचना ब्रजेश सिंह जनपद पंचायत सी ई ओ राहुल पांडेय एपंचायत इंस्पेक्टर महेश शर्मा एअन्नपूर्णा सिंह सब इंजीनियर,सरपंच बरती धीरेन्द्र सिंह परिहार,सरपंच मझियार उमेश तिवारी ,मनभरण पाण्डेय सोसायटी अध्क्षय,पुरोहित रामायण प्रसाद पाण्डेय गोकुल बौद्ध वासुदेव अग्निहोत्री लल्ला दादा बरती अमन सिंह परिहार सचिव सीताराम साकेत पुष्पेंद्र सिंह सोनू प्रजापति,कुंजी माझी सहित समस्त ग्राम वाशी बरती मौजूद रहे।

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

वर्ष 72 अंक 316 पृष्ठ 12+8= 20
रीवा, बुधवार 13 अगस्त, 2025
भाद्रपद कृष्ण पक्ष 04, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

www.dainikjagranmpcg.com

चुनाव जीतने के मामले में आदर्शवाद व्यावहारिकता से हार जाता है।
- डैनी स्ट्रॉन्ग

## संक्षिप्त खबरें

### अनिल पर लग सकता है 1828 करोड़ का जुर्माना



**सेबी ने खारिज की सेटलमेंट याचिका**

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने उद्योगपति अनिल अंबानी की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने यस बैंक में निवेश से जुड़े आरोपों के निपटारे की मांग की थी। अब उन पर कम से कम 1,828 करोड़ रुपए का जुर्माना लग सकता है। यह निवेश यस बैंक से ग्रुप की अन्य कंपनियों को लोन दिलाने के बदले में किया गया था। 2016 से 2019 के बीच अंबानी की रिलायंस म्युचुअल फंड ने यस बैंक के एडिशनल टियर-1 बॉन्ड्स में 2,150 करोड़ का निवेश किया था। 2020 में बैंक को दिवालिया घोषित किए जाने पर ये बॉन्ड्स राइट ऑफ हो गए थे। रिलायंस म्युचुअल फंड को 2019 में निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस को बेच दिया गया था और आरोप इस बिक्री से पहले के हैं।

**पाक की नापाक हरकत**

### भारतीय डिप्लोमैट्स के घरों की गैस, पानी बंद

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पाकिस्तान ने एक बार फिर अपनी कुटिल नीतियों से भारत के साथ तनाव बढ़ाने की कोशिश की है। ताजा जानकारी के अनुसार, पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में रहने वाले भारतीय डिप्लोमैट्स के घरों की गैस सप्लाई को अचानक बंद कर दिया है। इतना ही नहीं, स्थानीय गैस सिलेंडर विक्रेताओं को भारतीय राजनयिकों को सिलेंडर बेचने से मना किया गया है। इसके साथ ही, भारतीय डिप्लोमैट्स के परिवारों को मिलने वाली मिनरल वाटर की आपूर्ति और न्यूजपेपर की डिलीवरी भी रोक दी गई है। यह कदम दोनों देशों के बीच पहले से तनावपूर्ण रिश्तों को और बिगाड़ने वाला माना जा रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 11 अगस्त 2025 को पोस्ट की गई जानकारी के अनुसार, पाकिस्तान ने भारतीय राजनयिकों के खिलाफ यह कदम उठाया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कार्रवाई दोनों देशों के बीच हाल के तनावों, विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर हुई गोलीबारी और अन्य कूटनीतिक विवादों का परिणाम हो सकती है।

### अमेरिका ने बीएलए को किया आतंकी घोषित

**वाशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिका ने बलूच लिबरेशन आर्मी और उसके सहयोगी संगठन मजीद ब्रिगेड को विदेशी आतंकी संगठन घोषित किया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोमवार देर रात इसकी जानकारी दी। मार्को रुबियो ने बयान में लिखा, बीएलए ने 2024 में कराची एयरपोर्ट के पास और ग्वादर पोर्ट अथॉरिटी कॉम्प्लेक्स में आत्मघाती हमलों की जिम्मेदारी ली थी। मार्च 2025 में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाईजैक करने की भी जिम्मेदारी ली थी, जिसमें 31 नागरिक और सुरक्षाकर्मी मारे गए थे। 300 से अधिक यात्रियों को बंधक बनाया गया था। अमेरिकी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी नोटिफिकेशन में बताया गया है कि बीएलए पर कार्रवाई इमिग्रेशन एंड नेशनलिटी एक्ट की धारा 219 और एग्जीक्यूटिव ऑर्डर 13224 के तहत की गई है। अमेरिका की ओर से यह ऐलान ऐसे समय में हुआ है जब पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर अमेरिका दौरे पर हैं। रिपोर्ट के मुताबिक मुनीर एक बार फिर से अमेरिका पहुंचे हैं। मुनीर की यह डेढ़ महीने में दूसरी अमेरिका यात्रा है।

**वोट चोरीः** भाजपा को घेरने की तैयारी, राहुल के निर्देश पर चुने जाएंगे कार्यकर्ता

# कांग्रेस के 65 हजार कार्यकर्ता पकड़ेंगे प्रदेश में चुनाव की चोरी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** कांग्रेस कार्यकर्ता अपने नेता राहुल गांधी की चुनाव चोरी की मुहिम को मध्यप्रदेश में बढ़ाएंगे। इसके लिए पार्टी संगठन अपने 65 हजार कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक भेजकर मतदाता सूची का सत्यापन कराएगा। यह कार्यकर्ता पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाता सूची से हटाए और जोड़े गए नामों की पहचान के आधार पर अपनी रिपोर्ट तैयार कराएंगे।

गौरतलब है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा बिहार सहित दूसरे राज्यों की मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ मुहिम चलाई जा रही है। उन्होंने कई राज्यों के साथ मध्यप्रदेश में हुए पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में वोट चोरी होने का आरोप लगाया है। जानकारों की मानें तो कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने राहुल गांधी के निर्देश का हवाला देते हुए कहा है कि पार्टी मध्यप्रदेश में बूथ स्तर मतदाता सूची का अपने स्तर पर सत्यापन कराएंगे। विशेषकर वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव और वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले ऐसे लोगों को सत्यापित करें, जिनके नाम सूची से हटाए या जोड़े व संशोधित किए गए हैं। इसके लिए चयनित कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पहुंचकर बारीकी से जानकारी एकत्र करेंगे।

बताया गया है कि पार्टी प्रत्येक बूथ स्तर पर एक रिपोर्ट तैयार कराएंगी,




जिसका पहले जिला स्तर पर और बाद में प्रदेश स्तर पर परीक्षण कराया जाएगा। यह पूरा कार्य जनवरी 2026 तक पूरा करना होगा। इसके बाद रिपोर्ट दिल्ली भेजी जाएगी और फिर आधार पर पार्टी तय करेगी कि मध्यप्रदेश में इस मुद्दे को लेकर क्या कदम उठाए जाने है।

जानकारों की मानें तो पार्टी जल्द ही ऐसे कार्यकर्ताओं का चयन करेगी, जो बूथ स्तर पर वोटरलिस्ट का सत्यापन कर सकें। पार्टी से जुड़े विशेषज्ञों की मानें तो प्रत्येक विधानसभा के आधार पर कार्यकर्ताओं का चयन किया जाएगा। हर बूथ के लिए बाहरी कार्यकर्ता की ड्यूटी लगाई जाएगी, जिनसे सहयोग के लिए ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी के साथ-साथ स्थानीय बूथ कार्यकर्ता को भी जोड़ा जाएगा। यही कार्यकर्ता आने वाले निकाय, त्रिस्तरीय पंचायत, विधानसभा और फिर लोकसभा चुनाव में बूथ एंजेन्ट के तौर पर काम करेंगे।

इन सभी चयनित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रदेश कांग्रेस द्वारा पिछले चुनावों के दौरान जारी मतदाता सूची उपलब्ध कराई जाएंगी, साथ ही उन्हें उस समय कांग्रेस द्वारा जताई गई आपत्तियों की सूची भी सौंपी जाएगी। जिसके आधार पर कार्यकर्ता मतदाता सूची का सत्यापन करेंगे और यदि खामियां पाई गई, तो उस पर पार्टी द्वारा रणनीति के तरह आयोग के समक्ष अपनी आपत्ति भी जताई जाएगी।

### आयोग ने बंद की वेबसाइटः पटवारी

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश में वोटो की चोरी का खुलासा करने से पहले चुनाव आयोग ने वेबसाइट बंद कर दी है। मंगलवार को पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने जबलपुर में भाजपा और सरकार को इस मामले को लेकर जमकर घेरा। पटवारी ने तंज कसते हुए चुनाव आयोग को भाजपा का तोता बताया। उन्होंने कहा कि इसके सबूत राहुल गांधी ने पेश किए है। जिस तरह से देश में वोटो की चोरी हो रही है,इस बारे में चुनाव आयोग को देश को बताना होगा।

### ग्वालियर में 16 हजार से ज्यादा संदिग्ध वोटर

प्रदेश के ग्वालियर में 16 हजार 426 संदिग्ध मतदाता का मामला सामने आया है। बताया गया है कि वहां एक ही पत्ते पर 50 से 100 मतदाता पाए गए है। बताया गया है कि मतदाता सूची में रिव्यू होने के बाद यह खामी सामनेआई है। ऐसे मामले सबसे ज्यादा ग्वालियर नगर निगम शहरी क्षेत्र में पाए गए है। जानकारों की माने तो राज्य निर्वाचन आयोग ने इस मामले पर फिजिकल वेरिफिकेशन कराने के लिए स्थानीय प्रशासन को निर्देशित किया है।

एसईसी के नोटिस पर महुआ ने सरकार को घेरा

# अमेरिकी एजेंसी के समन से अडानी को बचा रहा केंद्र

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अडानी समूह के खिलाफ अमेरिका में चल रहे मामले में भारत सरकार पर गंभीर आरोप लगे हैं। अमेरिकी सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) ने न्यूयॉर्क की एक अदालत में दायर अपने हालिया स्टेट्स अपडेट में कहा है कि भारत का विधि और न्याय मंत्रालय पिछले छह महीनों से गौतम अडानी और सागर अडानी को जारी समन की तामील में सहयोग नहीं कर रहा है। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने इस मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। महुआ मोइत्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एसईसी के 11 अगस्त के नोटिस की तस्वीर साझा करते हुए आरोप लगाया है कि मोदी सरकार जानबूझकर अडानी को अमेरिकी एजेंसी के समन से बचा रही है, जबकि हेग सर्विस कन्वेंशन के तहत भारत बाध्य है कि वह ऐसे मामलों में सहयोग करे।

एसईसी ने अदालत को आश्वस्त किया है कि वह भारत के मंत्रालय से संवाद जारी रखेगी और हेग कन्वेंशन के तहत समन तामील की कोशिश करती रहेगी। एजेंसी ने कहा कि वह मामले में प्रगति की जानकारी अदालत को देती रहेगी। 26 जून 2025 के आदेश के तहत 11 अगस्त को यह स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की गई, जिसमें स्पष्ट किया गया कि भारतीय प्राधिकरणों ने अभी तक समन सर्व नहीं किया है।

#### महुआ मोइत्रा का ट्वीट

जरा देखिए, विधि एवं न्याय मंत्रालय ने पिछले 6 महीनों से गौतम अडानी को एसईसी का समन नहीं सौंपा, जबकि हेग सर्विस कन्वेंशन के तहत यह जरूरी है।



समस्या क्या है- भाई मिल नहीं रहा या 2.324 करोड़ रुपए की रिश्वत भी कार्रवाई के लिए काफी नहीं?

#### क्या कहता है हेग कन्वेंशन

हेग सर्विस कन्वेंशन एक अंतरराष्ट्रीय समझौता है जो विभिन्न देशों के बीच न्यायिक और वाणिज्यिक मामलों में कानूनी दस्तावेजों की तामील को आसान और बाध्यकारी बनाता है। भारत भी इस कन्वेंशन का सदस्य है, और सिद्धांततः उसे अमेरिकी अनुरोध का पालन करना होता है।


### एसईसी का आरोपः भारत ने नहीं किया सहयोग

एसईसी ने अदालत को बताया कि उसने 20 नवंबर 2024 को अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड से जुड़े मामले में शिकायत दर्ज करवाई थी। एजेंसी का आरोप है कि अडानी ग्रीन ने सितंबर 2021 के डेट ऑफरिंग में गलत और भ्रामक सूचनाएं दीं, जिससे अमेरिकी फेडरल सिक्योरिटीज कानूनों का उल्लंघन हुआ। चूंकि आरोपी भारत में हैं, एसईसी ने अंतरराष्ट्रीय प्रक्रिया के तहत हेग सर्विस कन्वेंशन का सहारा लिया और भारत के विधि और न्याय मंत्रालय को समन तामील करने का अनुरोध भेजा। यह अनुरोध अप्रैल 2025 और जून 2025 की स्टेट्स रिपोर्ट में भी दर्ज था। लेकिन, एसईसी के मुताबिक, अब तक मंत्रालय ने समन तामील नहीं किया है।

जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया

# कैश कांडः अब संसद की तीन सदस्यीय कमेटी करेगी जांच

**नई दिल्ली, जेएनएन।** जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ कैश कांड में बड़ा एक्शन लिया गया है। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व जज वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। यह प्रस्ताव 146 सांसदों के हस्ताक्षर के साथ पेश किया गया था. स्पीकर ओम बिरला ने इसके साथ ही जस्टिस वर्मा के खिलाफ शिकायत को गंभीर प्रकृति का मानते हुए इस मामले की जांच के लिए 3 सदस्यीय कमेटी के गठन का ऐलान कर दिया। स्पीकर ओम बिरला ने बताया कि भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश की राय में इस मामले पर गहन जांच जरूरी है। साथ ही, शिकायत की प्रकृति को देखते हुए पद से हटाने की प्रक्रिया नियमों के अनुसार शुरू करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, इस प्रस्ताव को उचित पाते हुए मैंने इसकी स्वीकृति प्रदान की है और पद से हटाने के अनुरोध पर जांच समिति बनाई है। गौरतलब है कि जस्टिस वर्मा के घर से काफी मात्रा में कैश बरामद हुआ था।





#### जांच समिति में तीन वरिष्ठ जज

इस समिति में तीन वरिष्ठ सदस्यों सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अरविंद कुमार, मद्रास हाईकोर्ट के जस्टिस मनिंदर मोहन श्रीवास्तव और कर्नाटक उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और वरिष्ठ कानूनविद बी. वी. आचार्य को शामिल किया गया है। स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि इस समिति की जांच रिपोर्ट के बाद ही जस्टिस वर्मा के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी।

#### क्या है महाभियोग की प्रक्रिया?

हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जज के खिलाफ जो महाभियोग की प्रक्रिया होती है वह संविधान में साफ-साफ दर्ज है। इसके अनुसार, लोकसभा में महाभियोग का प्रस्ताव लाने के लिए कम से कम 100 सांसदों के दस्तखत होने जरूरी हैं। राज्यसभा में अगर ये प्रस्ताव आता है तो कम से कम 50 सांसदों के दस्तखत जरूरी होते हैं। सदन जब इस प्रस्ताव को स्वीकार करता है, तो लोकसभा अध्यक्ष या फिर सभापति जांच के लिए एक कमिटी बनाते हैं। इस कमिटी में सर्वोच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश, एक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और एक प्रतिष्ठित न्यायविद होते हैं। इसके बाद कमिटी आरोप तय करती है और न्यायाधीश से लिखित जवाब मांगती है। जांच के बाद, समिति यह निर्धारित करती है कि आरोप सही हैं या नहीं। फिर वह अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करती है।

# रणथंभौर से वापस कूनो लाई गई चीता 'ज्वाला'

**सवाई माधोपुर, जेएनएन।** राजस्थान के रणथंभौर से सटे इलाके में पिछले कुछ दिनों से हड़कंप मचा रही मध्यप्रदेश के कूनो नेशनल पार्क की मादा चीता ज्वाला आखिरकार वापस अपने घर लौटी। एक लंबी और जोखिम भरे रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद वन विभाग की टीमों ने मंगलवार को उसे ट्रेंकुलाइज (बेहोश) करके सुरक्षित पकड़ लिया है। ज्वाला की यात्रा कोई छोटी नहीं थी। पिछले कुछ दिनों से वह अपने शावकों से बिछड़कर भटक रही थी। उसने चंबल नदी को पार कर राजस्थान की सीमा में प्रवेश किया। इस दौरान, उसने रामेश्वर त्रिवेणी संगम के पास एक गाय का शिकार किया, और फिर बहरावंडा कला क्षेत्र के करीरा गांव में घुसकर दो बकरियों को अपना शिकार बनाया।



# नहीं मिलेंगी कोविड में रोकी गईं डीए-डीआर की 3 बकाया किस्तें

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्र सरकार ने महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) को लेकर महत्वपूर्ण बयान दिया है। वित्त मंत्रालय ने संसद में स्पष्ट किया है कि कोविड-19 अवधि (जनवरी 2020 से जून 2021) के दौरान रोकी गई तीन किस्तों का बकाया जारी नहीं किया जाएगा। यह बयान संसद में उस सवाल के जवाब में आया, जिसमें पूछा गया था कि क्या महामारी और आर्थिक सुधार के बाद इस फ्रीज को हटाने पर विचार किया जाएगा।

वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि महामारी के दौरान सरकारी वित्त पर भारी दबाव पड़ा और कल्याणकारी योजनाओं के लिए बड़े पैमाने पर खर्च करना पड़ा। इन परिस्थितियों में डीए/डीआर के बकाए का भुगतान करना संभव नहीं था।

#### वर्तमान स्थिति

- सातवें वेतन आयोग के तहत फिलहाल डीए मूल वेतन का 55प्रति. है। नया आयोग लागू होने पर यह घटक रीसेट होगा। हालांकि, कोविड-19 के दौरान रोकी गई पुरानी किस्तों को लेकर अब किसी उम्मीद की गुंजाइश नहीं है।
- सरकार के इस रुख से यह स्पष्ट है कि आने वाले समय में वेतन आयोग की सिफारिशों और महंगाई भत्ते की नई दरों पर ही कर्मचारियों का फोकस रहेगा, जबकि महामारी-काल के बकाए को भूलना होगा।

# रिटायर्ड जज के घर से चार मिनट में पांच लाख की चोरी

**इंदौर, जेएनएन।** इंदौर के रिटायर्ड जस्टिस रमेश गर्ग के घर से तीन बदमाशों ने मात्र 4 मिनट 10 सेकंड में 5 लाख रुपये से अधिक नकदी और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। घटना रविवार तड़के करीब साढ़े चार बजे प्रगति पार्क कॉलोनी में हुई। अलमारी का ताला तोड़ते ही अलार्म बजा, लेकिन पास के कमरे में बेड पर सो रहे जस्टिस के बेटे ऋत्विक की नींद नहीं खुली। बदमाश पूरी वारदात को अंजाम देकर आराम से निकल गए।

यह पूरी घटना कमरे में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। पुलिस ने सोमवार रात केस दर्ज कर जांच शुरू की है। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखा कि बदमाश सुबह 4 बजे लोहे की ग्रिल काटकर घर में घुसे। उस समय बंगले में गार्ड मौजूद था, लेकिन तीनों आरोपी लट्ठ, टॉमी और अन्य औजार लेकर अंदर आ गए। वे सीधे ऋत्विक के कमरे में पहुंचे, जबकि उनकी पत्नी बहू और बच्चे दूसरे कमरे में सो रहे थे। सुबह जब ऋत्विक की पत्नी उठीं, तो कमरा अस्त-व्यस्त था, अलमारी खुली थी और नकदी व जेवर गायब थे।

# अवंतिका में गूंजे भोले शंभू-भोलेनाथ

## पांचवी सवारी से पूर्व सभामंडप में भगवान श्री चंद्रमोलेश्वर की पूजा-अर्चना



**जागरण उज्जैन।** भगवान श्री महाकालेश्वर की श्रावण-भाद्रपद माह में निकलने वाली सवारियों के क्रम में पांचवे सोमवार को शाम चार बजे परम्परानुसार श्री महाकालेश्वर भगवान की सवारी धूमधाम से निकली। इस दौरान अवंतिका नगरी भोले शंभू-भोलेनाथ के जयकारों से गुंजायमान हुई। सवारी में भगवान श्री महाकालेश्वर ने पांच विभिन्न स्वरूपों में भक्तों को दर्शन दिये। इसमें पालकी में श्री चन्द्रमोलेश्वर, गजराज पर श्री मनमहेश, बैलगाड़ी में गरूड पर शिवतांडव, बैलगाड़ी में नंदी पर श्री उमा-महेश एवं बैलगाड़ी में श्री होल्कर के स्वरूप में विराजमान होकर अपनी प्रजा का कुशलक्षेम जानने नगर भ्रमण पर निकले। श्री महाकालेश्वर भगवान की पंचम सवारी निकलने के पूर्व श्री महाकालेश्वर मंदिर के सभामंडप में भगवान श्री चंद्रमोलेश्वर का षोडोपचार पूजन अर्चन किया।

#### चार जनजातीय कलाकारों के दलों ने की सहभागिता

चार जनजातीय कलाकारों के दल ने सवारी में सहभागिता की। जिसमे बैतूल से मिलाप इवने के नेतृत्व में गौंड जनजातीय ठाट्या नृत्य, खजुराहो से गणेश रजक के नेतृत्व कछियाई लोक नृत्य, दमोह से पंकज नामदेव नेतृत्व में बधाई लोक नृत्य एवं डिण्डोरी के सुखीराम मरावी के नेतृत्व गेडी जनजातीय नृत्य की प्रस्तुतियां देते हुए सम्मिलित हुए।

#### झाकियां आकर्षण का केंद्र

प्रदेश के धार्मिक पर्यटन के अंतर्गत श्री राजाराम लोक ओरछा, सर्वसिद्धि श्री मां बगलामुखी माता मंदिर, माँ शारदा शक्तिपीठ मैहर एवं देवीलोक माँ श्री बिजासन धाम सलकनपुर की प्रतिकृति प्रदर्शित की गई, जिनका निर्माण धार्मिक एवं न्यास एवं अध्यात्म विभाग, मध्यप्रदेश के माध्यम से किया।

### शिवडोला देखने उमड़े 2 लाख श्रद्धालु पहुंचे



**जागरण, खरगोन।** महाकाल की तर्ज पर खरगोन के शिव डोला पर्व में भगवान सिद्धनाथ महादेव और महाबलेश्वर महादेव की सवारी नगर भ्रमण पर निकली है। शिवडोले के दर्शन और पूजा पाठ करने श्रद्धालुओं का सैलाब सड़कों पर उमड़ पड़ा। अलग-अलग सजी झांकियां में जगह-जगह पर लोगों ने भगवान का पूजन किया। यात्रा पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। युवा टोली में डमरू बजाकर झूमते रहे तो रास्ते में लोगों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके पूर्व सुबह मंदिर में विशेष पूजा और महाआरती के बाद भगवान को फूलों से सजी पालकी में विराजित किया गया।

**पशु प्रेम** आवारा कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के विरोध में उतरे सेलेब्स

# जान्हवी बोलीं-'ये सिर्फ जानवर नहीं, शहर की धड़कन हैं'

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश पर बॉलीवुड से लेकर सोशल मीडिया तक बहस तेज हो गई है। अदालत ने 11 अगस्त को सभी नगर निकायों को निर्देश दिया था कि आठ हफ्तों के भीतर सड़कों से आवारा कुत्तों को हटाकर नसबंदी कराई जाए और उन्हें स्थायी रूप से शेल्टर होम में रखा जाए।

कोर्ट ने साफ कहा कि इन कुत्तों को किसी भी हाल में दोबारा सड़कों पर नहीं छोड़ा जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर कई फिल्मी सितारों ने खुलकर नाराजगी जताई है। अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी सेक्शन में एक भावुक पोस्ट लिखी। उन्होंने लिखा- 'वे इसे खतरा कहते हैं, हम इसे धड़कन कहते हैं। आज सुप्रीम कोर्ट कहता है कि दिल्ली-एनसीआर की सड़कों से हर आवारा कुत्ते को पकड़कर बंद कर दो। ना धूप, ना आजादी, ना वो चेहरे जिन्हें ये रोज देखते हैं। लेकिन ये सिर्फ 'आवारा कुत्ते' नहीं हैं, ये वो हैं जो आपके चाय के ठेले के बाहर बिस्किट का इंतजार करते हैं, दुकानों के रात्रि-प्रहरी हैं, बच्चों के स्कूल से लौटने पर पूंछ हिलाते हैं। ये ठंडे शहर में गर्माहट हैं।'

जान्हवी ने आगे कहा कि हां, काटने के मामले और सुरक्षा चिंताएं हैं, लेकिन पूरे समुदाय को कैद करना समाधान नहीं है। असली हल है- बड़े पैमाने पर नसबंदी, नियमित टीकाकरण, सामुदायिक भोजन स्थल और गोद लेने को बढ़ावा देना। आखिर में उन्होंने नारा दिया- 'सजा नहीं, कैद नहीं।' सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के हमलों से जुड़े मामलों पर सुनवाई के दौरान पशु प्रेमियों से सवाल किया था कि 'क्या आप रेबीज के शिकार बच्चों को वापस ला सकते हैं?'



#### मलाइका व वरुण ने भी जताई आपत्ति

अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा ने भी सोफी चौधरी की एक पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए कोर्ट के आदेश पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि उनका पालतू कुत्ता कैस्पर भी एडॉप्टेड है और उनके लिए सबसे बड़ा तोहफा है। वहीं, अभिनेता वरुण धवन ने भी सोशल मीडिया पर इस फैसले को लेकर चिंता जताई और लिखा कि समाधान मानवीय होना चाहिए, न कि कठोर।





"दिल्ली में करीब तीन लाख आवारा कुत्ते हैं, जिन्हें रखने के लिए लगभग 3,000 शेल्टर होम चाहिए होंगे, जिनकी लागत करीब 15,000 करोड़ रुपए होगी। साथ ही, उनकी देखभाल के लिए हर हफ्ते लगभग 5 करोड़ रुपए और डेढ़ लाख कर्मचारियों की जरूरत पड़ेगी। कुत्तों को हटाने से पर्यावरण संतुलन बिगड़ सकता है, जैसे पेरिस में चूहों की संख्या बढ़ गई थी, या बंदरों के जमीन पर उतरने का खतरा।



**मेनका गांधी**, पूर्व केंद्रीय मंत्री और पशु अधिकार कार्यकर्ता

#### बढ़ता विवादः मानव बनाम पशु प्रेम

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सोशल मीडिया पर बहस दो हिस्सों में बंट गई है। एक पक्ष का कहना है कि कुत्तों के हमलों और रेबीज के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे कार्रवाई जरूरी है। वहीं, दूसरे पक्ष का मानना है कि समस्या का हल कुत्तों को कैद करना नहीं, बल्कि उनका मानवीय तरीके से प्रबंधन करना है।

# मारवाड़ी सम्मेलन का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित




## राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष शरद सरावगी को दिलाई शपथ

**जागरण, कटनी।** मध्यप्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन संबद्ध अखिल भारतवर्षीय मरवाडी सम्मेलन कोलकाता का शपथ ग्रहण समारोह विगत दिवस पन्ना मोड स्थित सत्कार होटल में गरिमामयी माहौल में अपार उत्साह के साथ मनाया गया। अतिथि गणों ने मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर पूजन किया। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष शरद सरावगी, कृष्णकुमार शर्मा व सदस्यों ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर कर अभिनंदन किया।

कार्यक्रम का संचालन समाज के अजय सरावगी ने किया। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया व विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोड़ी, कोलकाता राष्ट्रीय सदस्य श्रीमती सुषमा अग्रवाल दिल्ली प्रांतीय अध्यक्ष विजय कुमार सकलेचा, कमलेश नाहटा जबलपुर की गरिमामय उपस्थिति रही। राजस्थान ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण बजाज राजस्थानी मारवाड़ी समाज के अध्यक्ष पवन बजाज राजस्थान महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती हंसा खंडेलवाल राजस्थानी मारवाड़ी ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंकज शर्मा, माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष नारायण दास गट्टानी, वरिष्ठ समाजसेवी राजू अग्रवाल, प्रांतीय सचिव श्याम सुंदर महेश्वरी क्रांति कोषाध्यक्ष अजय खंडेलवाल कटनी शाखा के सचिव अजय सरावगी कोषाध्यक्ष श्याम मित्तल अन्य गणमान्यजनों की नागरिक उपस्थिति थी।

### विनम्रता से मंजिल हासिल करना आसान-सुषमा अग्रवाल

शपथ ग्रहण समारोह में राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोड़ी कोलकाता ने कहा कि मारवाड़ी समाज के विभिन्न संगठन समाजिक उत्थान के लिये व्यापक तरीके से कार्य कर रहा है आज हम गर्व से कह रहे कि हम मारवाड़ी है। उन्होंने आधुनिक संचार क्रांति के युग में सोशल मीडिया पर सामाजिक गतिविधियों का भी संचालित करने की बात कही और समस्याओं के निदान पर इसी माध्यम पर सूचना देने कहा। राष्ट्रीय सदस्य श्रीमती सुषमा अग्रवाल दिल्ली ने कहा हम सब मारवाड़ी समाज को जोड़ने का काम करते है। यह समाज ऊर्जावान समाज है। हर आदमी विनम्रता से वह सब हासिल कर सकता है जिसकी वह अपेक्षा रखता है। समाज में सभी को लेकर चलना पड़ेगा अकेला व्यक्ति सफलता की मंजिल नहीं पा सकता मारवाड़ी समाज देश भर में सबको लेकर चलने का अदभुत काम करता है। इस अवसर पर मध्यप्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया ने कहा कि मारवाड़ी समाज का देश के हर क्षेत्र में अतुलनीय योगदान है समाज सक्षम है तो सहयोग मदद के लिये भी तत्पर है देश भर में समाज की ख्याति है हम सभी एकजुटता के साथ काम कर रहे है। संगठित होकर ही सामाजिक कार्यों को गति प्रदान की जा सकती है। अखिल भारत वर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोडी ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष शरद सरावगी, सचिव श्याम सुंदर महेश्वरी जबलपुर, कोषाध्यक्ष अजय खंडेलवाल कटनी को शपथ दिलाई तथा अजय सरावगी सचिव, श्याम मित्तल कोषाध्यक्ष को भी शपथ दिलाई। उन्होंने कहा शरद सरावगी समाज के लिये समर्पित और सेवाभावी व्यक्ति है उनकी सेवाओं और मेहनत पर उनको यह दायित्व सौंपा जा रहा उन्हें विश्वास है वे समाज के कार्यों में कटनी का नाम देश में रोशन करेगे तथा उन्होंने सम्मेलन के राष्ट्रीय कार्यक्रमों के बारे में सभी को विस्तार से जानकारी दी। शपथग्रहण समारोह में सुरेश अग्रवाल, हरीश जैन, दीपक सरावगी, गोविंद अग्रवाल, चंद पप्पू चमडिया, गोयनका, सुशील शर्मा, जितेंद्र कनोडिया, बिल्लू शर्मा, नारायण अग्रवाल, डॉ रामगोपाल बजाज, मधुसूदन बगड़िया, शहडोल शाखा के अध्यक्ष शीतल पोद्दार, राजेश मित्तल, अशोक मोर रायपुर सम्मेलन से पधारी श्रीमती रंजना संघ जितेंद्र सिंघानिया, सोमिल गोयनका, मनीष सरावगी अखिल सरावगी नरेश पोद्दार सहित बडी संख्या में सामाजिक लोगों की उपस्थिति रही।

# शासकीय महाविद्यालय ब्यौहारी में महिला आत्मरक्षा कराते एवं योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ




**जागरण ब्यौहारी।** उद्यमिता विकास केंद्र, मध्यप्रदेश के तत्वाधान में शासकीय महाविद्यालय ब्यौहारी में 15 दिवसीय महिला आत्मरक्षा कराते प्रशिक्षण शिविर एवं योग प्रशिक्षण का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। इस शिविर का उद्देश्य महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और मानसिक-शारीरिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य पंडित रामकिशोर शुक्ल स्मृति शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, ब्यौहारी के प्राचार्य महोदय द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ और माल्यार्पण द्वारा किया गया। प्राचार्य महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में आत्मरक्षा का ज्ञान हर महिला के लिए अत्यंत आवश्यक है, जिससे न केवल वे स्वयं को सुरक्षित रख सकती हैं बल्कि दूसरों की भी मदद कर सकती हैं। इस 15 दिवसीय शिविर में महिला प्रतिभागियों को कराते की विभिन्न तकनीकों जैसे मुक्केबाजी, किक, ब्लॉक, पकड़ से बचाव और ग्राउंड डिफेंस की ट्रेनिंग दी जाएगी। प्रशिक्षक दल ने बताया कि यह प्रशिक्षण सरल और व्यवहारिक तरीके से दिया जाएगा, ताकि महिलाएं किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया दे सकें। इसके साथ ही योग प्रशिक्षण भी शिविर का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसमें प्रतिभागियों को प्राणायाम, ध्यान, सूर्य नमस्कार, और विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया जाएगा। योग से मानसिक एकाग्रता, तनाव नियंत्रण और शारीरिक लचीलापन बढ़ाने में मदद मिलेगी।

शिविर में नगर की छात्राएं, महाविद्यालय की छात्राएं, स्थानीय महिला समूहों की सदस्याएं और अन्य इच्छुक महिलाएं शामिल हुईं। प्रशिक्षण के दौरान अनुशासन, नियमितता और आत्मविश्वास के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि आत्मरक्षा केवल शारीरिक क्षमता नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता और त्वरित निर्णय क्षमता का भी प्रशिक्षण है।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों में उद्यमिता विकास केंद्र के प्रतिनिधि, स्थानीय जनप्रतिनिधि और समाजसेवी शामिल हुए। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे।

शिविर के दौरान प्रत्येक दिन सुबह योग सत्र और दिन में आत्मरक्षा प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। अंतिम दिन प्रतिभागियों द्वारा सीखे गए कौशल का प्रदर्शन किया जाएगा और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं सम्मानित किया जाएगा।

इस अवसर पर महाविद्यालय के एनएसएस इकाई, महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ, और खेल विभाग ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा किया गया और आभार प्रदर्शन प्रशिक्षण प्रभारी ने किया। यह शिविर न केवल महिलाओं को आत्मरक्षा और योग का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करेगा, बल्कि उनके आत्मविश्वास, स्वाभिमान और स्वतंत्रता की भावना को भी सशक्त करेगा। आने वाले दिनों में इस प्रकार के और भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है।

# ब्यौहारी में किसान खाद के लिए करेंगे 15 अगस्त को धरना प्रदर्शन




**जागरण ब्यौहारी।** ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र में किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है , खेती किसानी का समय किसान खेतों में रहता है लेकिन खाद के लिए गोदाम सोसाइटी का लगातार चक्कर लगा रहा है , घंटों लाइन में लग रहा है लेकिन एक बोरी भी नहीं मिल पा रही है अभी तक बहुत ही कम मात्रा में खाद वितरित किया गया है जबकि मांग बहुत ज्यादा है , पहले भी विभाग को विधायक को अनुविभागीय अधिकारी को किसानों द्वारा अवगत कराया गया है जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र पटेल ने बताया जल्द मांग पूरी न होने पर जल्द ही किसान धरना प्रदर्शन करेंगे

# महापौर सहित निगम पार्षदों ने खरीदे स्व.सहायता समूहों द्वारा निर्मित तिरंगा झंडा

## निगम कार्यालय में खुला स्टॉल, महापौर ने महिलाओं को किया प्रोत्साहित




**जागरण, कटनी।** नगर के हर घर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा आन बान और शान से लहराएगा। शासन निर्देशानुसार नगर में हर घर तिरंगा अभियान 13 से 15 अगस्त चलाया जा रहा है इस दौरान नगर में विभिन्न जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने की तैयारियां चल रही है। हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए ओम शांति स्व.सहायता समूह की दीदियाँ झंडा तैयार करने के साथ ही कम दामों में नागरिकों को झण्डा मुहैया कराने में लगी है। नगर निगम कार्यालय के बाहर समूह की महिलाओं ने झंडे के विक्रय के लिए अपना झंडा स्टॉल भी लगाया है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं पार्षदों नें मंगलवार को इस स्टॉल में पहुंचकर झंडा खरीदा और स्व.सहायता समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। इस दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, सुरेन्द्र गुप्ता, पार्षद शकुंतला सोनी, सीमा श्रीवास्तव, वंदना राजकिशोर यादव, उमेन्द्र अहिरवार सहित अन्य जनों नें अपने अपने घरों में ध्वज फहराने हेतु झंडा खरीदा। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि समूह की महिलाओं द्वारा तिरंगा झंडा तैयार किया जा रहा है। तिरंगा हमारी पहचान हैए इसकी प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए विशेष रूप से अपने घर पर तिरंगा झंडा अवश्य लागाये। उन्होंने कहा कि 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जायगा। सभी शासकीय, निजी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, अर्धशासकीय कार्यालयों, व्यावसायिक, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, गैर सरकारी संगठनों के कार्यालयों में तिरंगा झंडा फहराया जाएगा। निगमायुक्त ने बताया कि जिले में हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्व सहायता समूहों के माध्यम से झंडा तैयार कराया जाकर नगर के अन्य स्थलों मे भी स्टॉल लगाकर विक्रय कराया जाएगा। नगर निगम कटनी कार्यालय परिसर के मुख्य द्वार के बाजू से स्व सहायता समूह के द्वारा तिरंगा झंडे का स्टाल लगाया गया। यह स्टॉल विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों के लिए खुला है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने सभी से अपील करते हुए कहा है देश भक्ति को जागृत करनें के इस अभियान में नगरवासी बढ़ चढ़कर भाग लें तथा स्वसहायता समूहों द्वारा निर्मित तिरंगा झंडा क्रय कर अपनें-अपनें घरों एवं कार्यालयों में अवश्य फहराएं।

# कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

**जागरण शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता की उपस्थिति में कमिश्नर कार्यालय शहडोल के अमरकंटक सभाकक्ष में साप्ताहिक जन सुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने शहडोल संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

# कलेक्टर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में शहडोल जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में शहडोल जिले के ग्राम पटासी निवासी पूरन नायक ने अपने पुत्र विक्रमादित्य नायक के दाखिला रजिस्टर में उसके माता पिता का नाम सुधरवाने बावत, बिरसा मुण्डा मेडिकल कॉलेज में कार्यरत नर्स पूजा देवी ने अनापत्ति प्रमाण पत्र दिलवाने बावत, मीना पटेल निवासी ग्राम अखेटपुर ने पति की मृत्यु के बाद अनुकंपा नियुक्त दिलाने हेतु, शहडोल के घरौला मोहल्ला निवासी मीना सोनी ने राषन कार्ड में बच्चों का नाम जुड़वाने हेतु जन सुनवाई में आवेदन किया। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अन्य प्राप्त आवेदनों को कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर प्रेषित कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।


## विधिक सूचना

प्रति,
उपेन्द्र उपाध्याय तनय इन्द्रवली उपाध्याय साकिन वार्ड क्र. 15 आर.टी.ओ. के पास रतहरा तहसील हुजूर थाना समान जिला रीवा म.प्र. आपके द्वारा मेरे पक्षकार छोटेलाल पटेल को ऋण अदायगी हेतु चेक क्रमांक 001798 आई.सी.आई.सी.आई. बैंक तादाती 10,00000=00 दस लाख रुपये दिया गया है। जो दिनांक 15.7.2025 को इस टीप के साथ अनादृत हो गया है कि खाते में राशि उपलब्ध नहीं है। विधिक सूचना जरिये रजिस्टर्ड डाक प्रेषित की गई थी। जो वापस हो गई है। अतएव समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि चेक में वर्णित राशि अदा कर चेक वापस प्राप्त कर लेवें। अन्यथा आपके विरुद्ध न्यायालयीन कार्यवाही की जावेगी।
दिनांक 12.8.2025

भवदीय
**लखन प्रताप सिंह एड.**
मो. 9893923715
RN.82741



## उत्तर मध्य रेलवे

जेम टेण्डर नोटिस संख्या :- GEM/2025/B/6543979 — दिनांक : 07.08.2025

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी द्वारा निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

**निविदा संख्या : GEM/2025/B/6543979** — **ठेके की अवधि : तीन वर्ष**

**कार्य का उसके स्थान सहित नाम :** ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर स्थित टीटीई रेस्ट हाउस का 03) वर्ष की अवधि के लिए रेलवे के नियमों और शर्तों के अनुसार गतिविधि आधारित संपूर्ण हाउसकीपिंग अनुबंध, जिसमें बिस्तर, हाउसकीपिंग, रेस्ट हाउस लिनेन की धुलाई और इस्त्री, उपभोज्य स्वच्छता, सफाई उपकरण/मशीनें, पत्रिकाएं और समाचार पत्र, डी2एच केबल कनेक्शन, खानपान/रियायती भोजन आदि की व्यवस्था सहित मैन पावर का प्रावधान शामिल है।

**कार्य का अनुमानित लागत (तीन वर्ष हेतु) : रु0 39,93,106/-** — **बयाना राशि : रु. 79,870/-**

**ई-निविदा खुलने की तिथि एवं समय : 29.08.2025 को 18:30 बजे**

**वेबसाइट एवं निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है। :** ई-निविदा का पूर्ण विवरण (ई-निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.gem.gov.in** पर टेण्डर खुलने की तिथि **29.08.2025 को 18:00 बजे** तक उपलब्ध है एवं ई-निविदा सूचना उत्तर मध्य रेलवे की बेवसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in** पर भी देखा जा सकता है। **1442/25 (C)**

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



## उत्तर मध्य रेलवे

**पत्र सं.-** JHS/Commercial/e-Auction/25/126 — **दिनांक:** 11.08.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) - झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है:-

**श्रेणी:** प्रचार — **केटलॉग संख्या:** JHS-MIX-ADV-13

**एसेट्स डिटेल्स: 1.** Miscellaneous Statics policy के अंतर्गत निम्न ठेको का आवंटन:- • वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी (VGLJ), भीमसेन (BZM) और रायरू (RRU) गुड्स शेड कैंटीन। • Gwalior (GWL) Banking promotional KIOSK. • इलेक्ट्रिक वाहन (EV) चार्जिंग स्टेशन की स्थापना, रखरखाव और संचालन का ठेका: **BNDA, ORAI, KURJ, & LAR** stations. • ग्वालियर (GWL) रेलवे स्टेशन पर पार्सल स्कैनर मशीन का ठेका। **2.** RDN नॉन-डिजिटल LED FLANGE मीडिया द्वारा विज्ञापन का ठेका **MCSC, MRA, LAR, KURJ, TKMG** stations. **3.** RDN नॉन-डिजिटल मीडिया द्वारा विज्ञापन का ठेका **MRPR, NEW,** stations. **4.** RDN डिजिटल मीडिया द्वारा विज्ञापन का ठेका **CKTD, KURJ, BNDA & MBA** stations. **5.** स्टेशनों के (Circulating Area) में 'आउट ऑफ होम' के अंतर्गत विज्ञापन का ठेका **KURJ, DBA, MRA, MCSC** stations. **6.** एटीएम पॉलिसी के तहत 07 रेलवे स्टेशनों पर एटीएम की आपूर्ति, संचालन और रखरखाव का ठेका: **VGLJ, BNDA, DAA, MBA, ORAI, KURJ, NEAR MAIN GATE OF DRM OFFICE JHANSI.**

**ई-नीलामी प्रारम्भ की तिथि व समय:** दिनांक 27.08.2025 को समय- 11:00 से

**ई-नीलामी समाप्त की तिथि व समय:** दिनांक 27.08.2025 को समय- 16:40 तक

**नोट:-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट - **www.ireps.gov.in** के **e-auction module** के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। **1437/25 (ADM)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR


# हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान के तहत स्टेशन रोड में चलाया गया श्रमदान कार्यक्रम

## निकली तिरंगा रैली, दिलाई स्वच्छता की शपथ

**जागरण, कटनी।** देश प्रेम, एकता, देशभक्ति की भावना और राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान मनाया जाकर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार प्रातः महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे की मौजूदगी में शहर के मुख्य रेलवे स्टेशन से पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास मार्ग की स्वच्छता एवं सफाई के लिए श्रमदान अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं अधिकारी कर्मचारियों ने मार्ग में श्रमदान कर सफाई की तथा स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया। वहीं महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने स्टेशन रोड मुख्य मार्ग के कपड़ा व्यवसाई सहित अन्य व्यवसाइयों एवं रहवासियों को साफ सफाई बनाए रखने हेतु डस्टबिन का उपयोग करने की समझाइश दी गई। कार्यक्रम समापन के पूर्व महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा उपस्थित जनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने में सहयोग प्रदान करने की अपील की गई। महापौर श्रीमती सूरी नें कार्यक्रम में उपस्थित जनों से अपने घर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने घरों में तिरंगा ध्वज फहराने एवं तिरंगा सेल्फी अपलोड करने का आग्रह भी किया।


## उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं.T_25-26_Furnishing_02/Notice — दिनांक : 12.08.2025

**ई-निविदा सूचना**

कोच एम. एल. आर कारखाना, झाँसी, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदायें आंमत्रित की जाती हैं।

**निविदा संख्या:T_25-26_Furnishing_02** — **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 24 माह

**कार्य का विवरण:** सी.एम.एल.आर. कार्यशाला झांसी में कार्य के दायरे के अनुसार जीएससीएन, जीएस, एसएलआर, जीएससीजेड और सभी प्रकार के आईसीएफ / एलएचबी कोचों के आईसीएफ प्रकार के बीजी कोचों के पीआएच के दौरान फर्निशिंग गतिविधियों को पूरा करना।

**निविदा मूल्य :** ₹ 9,85,04,616.16/- (₹ नौ करोड़ पचासी लाख चार हजार छः सौ सोलह और सोलह पैसे मात्र)

**मात्रा :** एक कार्य। — **बयाना राशि :** ₹6,42,500/- — **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** ₹ 0/-

1. निविदा दिनांक 11.09.2025 को 15:00 बजे बंद होगी एवं भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर बेवसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। 2. निविदा की संपूर्ण जानकारी के लिये भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर बेवसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें। 3. ठेकेदार टेण्डर प्रपत्र को डाउनलोड करने के लिये एवं टेण्डर सूचना संबंधी किसी भी प्रकार के संशोधन/परिशिष्ट (यदि कोई है) हेतु भारतीय रेलवे की ई-टेण्डरिंग की बेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखते रहें। इस संबंध में कोई सूचना नहीं दी जायेगी और ना ही किसी भी प्रकार का पत्राचार किया जायेगा। **1447/25(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



## MADHYA PRADESH ROAD DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(Govt. of M.P. Undertaking)
45-A, Arera Hills, Bhopal–462 011, Madhya Pradesh
MPRDC Phone : 0755-2527290, 2765205 (EPBX), Fax : 0755-2572643
Website : www.mprdc.gov.in
NIT No. 675/MPRDC/Procu/2025

### निविदा आमंत्रण

मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड भोपाल द्वारा निम्नानुसार कार्यों के लिये ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करता है :-

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमा. लागत/ वार्षिक संभावित संग्रह (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रुपये लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में) | सेवा की अवधि/ कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मध्यप्रदेश राज्य में रीवा-ब्योहारी मार्ग पर उपयोक्ता शुल्क संग्रहण। | 2613.00 | 130.65 | 50,000/- | 24 माह |
| 2. | मध्यप्रदेश राज्य में सीहोर-इछावर-कोसमी-नसरुल्लागंज मार्ग पर उपयोक्ता शुल्क संग्रहण। | 1219.00 | 60.95 | 30,000/- | 24 माह |
| 3. | गुना-अशोकनगर मार्ग पर व्हाइट टॉपिंग द्वारा उन्नयन (किमी. 0+000 से 3+400) (एस.एच.-54) गुना शहर भाग। (लम्बाई-3.4 किमी.) (तृतीय आमंत्रण) | 889.49 | 8.90 | 20,000/- | 6 माह |
| 4. | आगर-जावरा मार्ग (एस.एच.-25) पर व्हाइट टॉपिंग द्वारा उन्नयन, आलोट शहर भाग के अंतर्गत 4.7 किमी. लंबाई में (लम्बाई-4.7 कि.मी. ) (चतुर्थ आमंत्रण) | 654.41 | 6.55 | 20,000/- | 6 माह |
| 5. | विजयपुर-धरनावदा मार्ग (गेल के पास विजयपुर शहरी भाग) पर व्हाइट टॉपिंग द्वारा उन्नयन। (लम्बाई-1.5 किमी.) (तृतीय आमंत्रण) | 388.77 | 3.89 | 15,000/- | 4 माह |
| 6. | हरदा बायपास पर नर्मदापुरम शहरी भाग पर व्हाइट टॉपिंग द्वारा उन्नयन। (लम्बाई-2.5 किमी.) (तृतीय आमंत्रण) | 346.69 | 3.47 | 15,000/- | 4 माह |

निविदा क्रय करने, निविदा जमा करने आदि का विवरण की-डेट्स में दिया गया है। निविदा प्रपत्र केवल वेबसाइट **www.mptenders.gov.in से 15:30 बजे दिनांक 23.09.2025 (सरल क्र. 1 से 2 पर दर्शित कार्य हेतु) एवं 15:30 बजे दिनांक 09.09.2025 (सरल क्र. 3 से 6 पर दर्शित कार्य हेतु) तक** क्रय किया जा सकता है। निविदाकारों को तकनीकी निविदा एवं वित्तीय दर केवल ऑनलाइन ही भरनी है। परिशिष्ट एवं शुद्धिपत्र (कोई भी) वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर ही प्रकाशित किया जावेगा। निविदा खोलने के दिनांक को मध्यप्रदेश शासन द्वारा अवकाश घोषित करने पर उक्त कार्य अगले कार्यदिवस में संपादित किया जावेगा।

म.प्र. सड़क विकास निगम लिमिटेड को किसी भी निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार होगा।

म.प्र. माध्यम/121548/2025 — **प्रबंध संचालक**



## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।


# महापौर ने स्वच्छता मित्रों की कलाई पर बांधी राखी, समरसता और भाईचारे का दिया संदेश

**जागरण, कटनी।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर नगर निगम कटनी में आयोजित विशेष कार्यक्रम में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने स्वच्छता मित्रों को तिलक लगाकर और कलाई पर राखी बांधकर भाईचारे, सामाजिक समरसता और सम्मान का संदेश दिया। इस दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, पार्षद शकुंतला सोनी, उमेन्द्र ओमी अहिरवार, पूर्व पार्षद राज किशोर यादव सहित निगम के अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी रही। इस अवसर पर महापौर श्रीमती सूरी ने स्वच्छता के असली हीरो सफाई कर्मचारी भाइयों को मिष्ठान भी खिलाया और कहा कि नगर की स्वच्छता और सुंदरता के पीछे हमारे स्वच्छता मित्रों का अमूल्य योगदान है। रक्षाबंधन पर्व हमें याद दिलाता है कि हम सभी एक परिवार हैं और एक दूसरे के सम्मान व सहयोग से ही समाज आगे बढ़ता है। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता मित्रों ने भी महापौर को शुभकामनाएं दीं और नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने के लिए अपने निरंतर प्रयास जारी रखने का संकल्प दोहराया।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड सिंगरौली (म.प्र.)

पता-विजय बंधुपेट्रोलपम्प के पास, Email-eephedsin@gmail.com Phone :-07805-299483
नि.आ.सू.क्रं 90/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.या./खण्ड/सिंगरौली/2025 दिनांक 04.08.2025

### निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न कार्यों हेत निविदा का आन लाईन वेबसाइट http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। आन लाइन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 18.08.2025 सायं 17:30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 19.08.2025 साय 17:30 बजे है। निविदा मे संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाईटपर देखी जा सकती है।

Name of Work:- "To Repair/ Maintenance and take responsibility of Keeping all the handpump working/running continously for complete vw month in Block Chitrangi, Deosar and Waidhan Distt. Singrouli using Including Labour etc. Supplied By The Contractors For The Period vw Months.etc.

| S. No | NIT No. | Tender ID | Name of Village/Block | PAC (Rs. In Lakhs) | e-EMD in Rs. | Cost of Tender in Rs. | No. of Calls |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 90/2025-26 | 2025_PHED_441840_1 | Chitrangi, Deosar and Waidhan | 217.39 | 217390.00 | 15000.00 | 1st |

G-17153/25

**कार्यपालन यंत्री**
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
सिंगरौली (म.प्र.)


# फिल्टर प्लांट से पेयजल को शुद्ध करने में लापरवाही



जागरण लापरवाही

## प्लांट की दीवार पर जमीं धूल की नहीं होती सफाई

### सुरक्षा मापदण्डों की खुलेआम हो रही उपेक्षा



जागरण,सीधी

नगर पालिका द्वारा शहर में पेयजल आपूर्ति में निर्धारित मापदण्डों को प्राथमिकता नहीं दी जा रही है। मधुरी फिल्टर प्लांट से शुद्ध पेय जल की आपूर्ति को लेकर बड़ी लापरवाही बनी हुई है। फिल्टर प्लांट की दीवारों में जहां धूल की परत जमी है। वहीं इंटक वेल के अंदर काई व कचरा जमा है। जिम्मेदार अफसर सफाई कराने की जरूरत नहीं समझ रहे। पानी शुद्ध करने के लिए ब्लीचिंग पाउडर कभी कभार ही उपयोग किया जाता है। ज्यादातर इसे सीधे सप्लाई कर दिया जाता है। शहर में सोन नदी से होने वाली पानी सप्लाई का फिल्टर प्लांट व इंटक बेल मधुरी में है। यहां से शहर के लोगों को अशुद्ध पानी सप्लाई किया जाता है। शहर की आधी आबादी को सोन नदी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से पेयजल की आपूर्ति की जाती है। इसके लिए फिल्टर प्लांट तो है लेकिन नवीन पेयजल योजना के तहत बनाई गई टंकियों से शहर में पानी सप्लाई शुरू होने के बाद भी फिल्टर प्लांट की व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने की जरूरत नहीं समझी गई। इंटक वेल मशीन खराब हो जाने व लापरवाही होने के कारण जलाशय के पानी को बिना फिल्टर संपवेल व पाइप के सहारे घरों तक पहुंचा दिया जाता है। प्लांट का ठीक से रखरखाव न हो पाने से लोगों को समस्या से जूझना पड़ रहा है। मधुरी स्थित फिल्टर प्लांट से शहर के लोगों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति करने यहां से करीब 5 किमी दूर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण पांच दशक पूर्व में किया गया था। यहां सोन नदी से पानी की सप्लाई कर उसे फिल्टर करने के बाद पाइप के सहारे उस पानी को शहर में निर्मित टंकियों में जमा किया जाता है। इसके बाद लोगों के घरों तक इसकी आपूर्ति की जाती है। बढ़ती आबादी को देखते हुए यहां बाद के दिनों में एक और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाया गया। पुराने प्लांट में रखरखाव की कमी के कारण जो स्थिति बनी थी वही बाद में भी कुछ समय में नजर आने लगी। पिछले कई महीने से बगैर ट्रीटमेंट किए पानी लोगों के घरों में पहुंचा दिया जा रहा है। बताते चलें कि गर्मी और बरसात के दिनों में अशुद्ध पेयजल सप्लाई नलों से होने की शिकायतें लोगों की आम रहती हैं। जिसका खामियाजा नागरिकों को भुगतने की मजबूरी बनी हुई है। इसी लापरवाही के चलते कई बार जल जनित बीमारियों के प्रकोप में भी लोग घिरकर काफी समय तक उपचार में परेशान रहते हैं। यह समस्या सीधी शहर में सालों से बनी हुई है। सबसे ज्यादा दिक्कतें बरसात के दिनों में होती हैं। उस दौरान जल जनित बीमारियों का कहर भी बरपने लगता है। सही तरीके से फिल्टर प्लांट से पानी न आने के कारण लोगों को पेट से संबंधित दिक्कतें बनी रहती हैं। इस मामले में जिम्मेदार अमला काफी लापरवाह बना हुआ है। नगर पालिका द्वारा शहर की नल जल व्यवस्था को दुरुस्त करने के नाम पर सालों से भारी-भरकम बजट खर्च किया जा रहा है। यह राशि अधिकांशतः ऐसे कार्यों में खर्च हो रही है जिससे लोगों को शुद्ध पानी मिलने में प्रयास सफल नहीं हो रहा है। ऐसे में फिल्टर प्लांट में शुद्धता को लेकर सबसे ज्यादा ध्यान देनी चाहिए।

### पाइप लाइन का काम आधा-अधूरा

नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में नल जल सप्लाई की नवीन व्यवस्था बनाने के लिए करीब एक दशक से काम किया जा रहा है। इसके तहत सम्राट चौक, कृषि विज्ञान केंद्र के समीप एवं सीधी खुर्द स्कूल के समीप नवीन पानी टंकियों का निर्माण कराने के बाद पुरानी पाईप लाइनों के स्थान पर नवीन पाईप लाईन डालने का काम आधा-अधूरा कई क्षेत्रों में किया गया। खासतौर से कई ऐसे इलाके हैं जहां नल जल सप्लाई के लिए पाईप लाईन डालने का काम भी नहीं हो सका है। ऐसे स्थानों के लोग पानी के लिए सबसे ज्यादा परेशान हैं। इस तरह के जल संकट की स्थिति दक्षिण करौंदिया क्षेत्र के कई इलाकों में है। वहीं कोतर कला, थनहवा टोला, आदि मोहल्ले में भी नवीन पाईप लाईन डालने का काम आधा-अधूरा है। तत्संबंध में जानकारों का कहना है कि शहर के नवीन पाईप लाईन डालने के लिए ठेका के माध्यम से काम शुरु किया गया था। कई स्थानों में काफी गुणवत्ताविहीन पाईप लाईन डाली गई है। पाईप लाईन डालने के बाद लोगों के घरों में जो नल कनेक्शन किए हैं उस पाईप की क्वालिटी भी काफी घटिया होने के कारण क्षतिग्रस्त हो गई है। अब लोगों को अपनी व्यवस्थाओं से पाईप लाईन का काम कराने की मजबूरी बनी हुई है। जिससे उनके घरों में नल का पानी पहुंच सके। दरअसल यह सबकुछ कमीशन वसूली के चलते हुआ है। कमीशन देने के बाद ठेकेदार द्वारा नवीन पाईप लाईन डालते समय नगर पालिका की करोड़ों की कंक्रीट सड़कों को जगह-जगह से तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। जिसके चलते आवागवन में भी दिक्कतें खड़ी हो गई हैं। कमीशन लेने के बाद संबंधित अधिकारियों द्वारा आनन-फानन में आधू-अधूरे कार्यों का मूल्यांकन कर राशि आहरित करा दी गई है।

# भेलकी में महिलाओं पर बेरहमी से हमले का वीडियो वायरल



## चुरहट थाना में 3 आरोपियों पर एफआईआर दर्ज

जागरण, सीधी

चुरहट थाना अंतर्गत ग्राम भेलकी 822 पोस्ट मोहनिया में महिलाओं पर बेरहमी के साथ हुए हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। घटना मंगलवार की है, जब ओमप्रकाश शुक्ला, सुशील त्रिपाठी और रामकुमार त्रिपाठी तीनों आरोपियों ने सरोज तिवारी व उनकी पुत्री प्रिया तिवारी के ऊपर हमला कर दिया। वीडियो में साफ दिख रहा है कि आरोपियों ने महिलाओं को बाल पकड़कर खींचा और मारपीट की। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे संदीप तिवारी ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद पीड़ितों की जान बच सकी। पीड़ित परिवार ने चुरहट थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ पहले भी शिकायतें हो चुकी हैं, लेकिन कार्रवाई न होने के कारण उनका हौसला बढ़ा हुआ है। अब वीडियो वायरल होने के बाद लोग पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### क्या था पूरा मामला

चुरहट थाना में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार फरियादिया सरोज तिवारी पति कृष्णकुमार तिवारी उम्र 50 वर्ष निवासी भेलकी 822 ने कहा है कि 22 अगस्त 2025 की सुबह 5 बजे देखा तो उसके पुराने घर की ओसारी खोदी हुई थी। जिस पर वह गुहार लगाना शुरू की। सुबह करीब 8 बजे घर के सामने ही ओमप्रकाश शुक्ला, रामकुमार तिवारी, सुशील कुमार तिवारी पहुंचे और घर खोदने की बात कर गाली-गलौच करने लगे। इनके द्वारा लाठी-डंडा से उसके ऊपर हमला किया गया। जिस पर बेटी प्रिया तिवारी बचाने पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट की गई। मारपीट में बेटा संदीप कुमार तिवारी को भी हांथ-मुक्का से मारपीट की गई। बाद में लोगों के बीच-बचाव से आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए गए।

# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## सरकार नहीं मानी तो आएंगे छात्रों के आंदोलन में: राहुल



**जागरण, सीधी।** मध्यप्रदेश के सीधी जिले में विश्वविद्यालय की मांग पिछले पांच छः वर्षों से लगातार चली आ रही है। इसी कड़ी में जिले के चुरहट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजय सिंह राहुल भैया को छात्र-छात्राओं ने उनके गृह ग्राम शिवराजपुर सांडा में पहुंच कर सीधी जिले में विश्वविद्यालय स्थापना हेतु ज्ञापन सौंपा। छात्र संगठन का नेतृत्व कर रहें शोध छात्र इंद्रलाल पटेल ने जिले के उच्च शिक्षा की समस्या एवं प्रवेश लेने से लेकर डिग्री पाने तक की तमाम समस्या को बताया और कहा कि हजारों प्रकार की पढ़ाई में नाम मात्र के दो-तीन संकाय की परंपरागत पढ़ाई जिले में मुश्किल से हो पाती है। बाकी अन्य कोर्स के लिए अन्य जिले प्रदेशों में जाकर शिक्षा लेते हैं या अपनी पढ़ाई रोक देते हैं या विपरीत विषय को लेकर पढ़ने को मजबूर हैं। समस्याओं को सुनने के बाद श्री सिंह ने छात्रों से कहा कि आप लोगों की मांग जायज है और हम विश्वविद्यालय मांग को विधानसभा में रखेंगे ।यदि सरकार बात नहीं सुनेगी तो हम भी आप सभी छात्रों के साथ आंदोलन में आ जाएंगे। ज्ञापन सौंपने वाले छात्रों में इंद्रलाल, ज्योति पटेल, अंकुर सिंह, विजय पटेल, मुस्कान द्विवेदी, राहुल यादव, आरती तिवारी, शिवानी रावत, रोशनी पटेल, कृपाशंकर पटेल, मोहनलाल साहू, संगम रावत, बरसा कोल, शिवम सिंह चौहान, रंजना पटेल, महेश पटेल, सुमित पटेल, अमित कुमार पटेल, सलमान खान, पायल रावत, सपना रावत, पुष्पांजलि साकेत, अमरदीप पटेल, साधना साकेत, अरुण पटेल, स्मृति साहू, राम प्रकाश पटेल एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मोहनिया गांव में निकली तिरंगा रैली



**जागरण, मोहनिया।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को ग्राम पंचायत मोहनिया में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं व ग्रामीण जनों ने गांव का भ्रमण किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अभय सिंह ने तिरंगे के इतिहास, महत्व व मर्यादा पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी अस्मिता और एकता का प्रतीक है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चौकी प्रभारी मोहनिया चक्रधर प्रजापति, ग्राम पंचायत के सरपंच जयकरण रावत, सचिव अतिवल कोल, सहायक सचिव नरेंद्र पटेल, पुलिस दल नवीन द्विवेदी, केके मिश्रा, रवि सिंह, सत्येंद्र पटेल, कमलभान सिंह, शैलेन्द्र सिंह, सुभाष पाण्डेय, श्री प्यासी, प्रदीप, अध्यापक राजीव पाण्डेय, संतोष द्विवेदी, रामनारायण पटेल, एमबी साकेत, कमलावती पटेल, अर्चना पटेल, कलावती शुक्ला, ग्रामीण जन कुंजमनि पटेल, बलराम पटेल, श्रीनिवास पटेल, लालमणि पटेल, शेषमणि पटेल, द्वारिका तिवारी, रामभाऊ पटेल, जयसिंह पटेल, दीनबंधु रावत, दिवाकर रावत, पत्रकार प्रेमलाल साहू शामिल रहे। विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा के परिपालन में सभी ने अपने घर पर तिरंगा फहराने और उसकी गरिमा बनाए रखने का संकल्प लिया।

## हर घर तिरंगा राष्ट्र भक्ति का महोत्सव: देव कुमार



**जागरण, सीधी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व के पूर्व आयोजित किया जा रहा है। हर घर तिरंगा अभियान प्रत्येक नागरिक के राष्ट्रभक्ति के प्रकटीकरण का महोत्सव है। उक्त आशय के विचार हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे कार्यक्रम को कुसमी मंडल में संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश राष्ट्रभक्ति और स्वदेशी के मूल भाव से ओत-प्रोत है। पहले तिरंगा कुछ विशिष्ट लोगों की जागीर हुआ करती थी, किंतु भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को हर व्यक्ति के लिए खोल दिया गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चौहान ने प्रत्येक नागरिक का आह्वान किया कि वे हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होकर अपने घरों और प्रतिष्ठानों में तिरंगा ध्वज शान से फहराएं। इसके साथ ही देशभक्ति के गीत गानों के बीच विशाल तिरंगा यात्रा नगर के विभिन्न स्थानों से होते हुए निकली। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कुसमी मंडल अध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. देवेंद्र त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष संदीप द्विवेदी, जिला महामंत्री विनोद साकेत, भानु प्रताप सिंह, डॉक्टर यूके श्रीवास्तव, हीराबाई सिंह, जमुनी देवी, मोर्चा अध्यक्ष निशांत मिश्रा, इंद्रप्रकाश गुप्ता, राजकुमार तिवारी, सुरेंद्र वैश्य, राम भरत मिश्रा, राजकरण कुशवाहा, संजीव गुप्ता, राजेंद्र तिवारी, संगीता सिंह, रन्नू साकेत, विक्रमादित्य मिश्रा, जितेंद्र सिंह परिहार, अविनाश मिश्रा, दशमतिया साहू, समय लाल गुप्ता, जगजीवन सिंह, राम सिंह सहित सैकड़ो स्थानीय जन उपस्थित रहे।

## एक साल से नहीं मिला स्व सहायता समूह का वेतन

**जागरण, सीधी।** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिहावल अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बहरी में जननी शिशु सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रसव हेतु आने वाली महिलाओं को भोजन नाश्ता प्रदान करने के लिए प्रियंका स्व सहायता समूह को कार्य करने को आदेशित किया गया था। जो कि दिनांक 8 जून 2024 से निरन्तर 31 मार्च 3025 तक बराबर काम किया गया और 31 मार्च 2025 से समूह का अनुबंध भी खत्म हो गया है। अनुबंध खत्म हो जाने से प्रसव हेतु आने वाली महिलाओं को भोजन चाय नाश्ता नसीब अब नहीं हो रहा है, जो कि पूर्व में खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा पत्र जारी कर समस्त चिकित्सा अधिकारी को की किचन का संचालन बराबर संचालित रहे। ताकि प्रसव हेतु आने वाली महिलाओं को कठिनाई का सामना न करना पड़े, जो कि आज भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में किचन संचालन चार माह से बंद पड़ा है और वहीं पर समूह संचालक का किए गए कार्य का भुगतान के लिए कई बार ऑफिस का चक्कर लगा चुके। परन्तु समूह संचालक का भुगतान नहीं किया गया और बाकी जगहों का भुगतान कर दिया गया। जब भुगतान के लिए खंड चिकित्सा अधिकारी सिहावल और खंड लेखा पाल सिहावल से भुगतान की बात की गई तो कहा गया कि अभी बजट नहीं है।

# साप्ताहिक जनसुनवाई में एसपी ने सुनी लोगों की समस्याएं



**जागरण, सीधी।** जिले में नागरिकों की समस्याओं का तत्काल समाधान और जनविश्वास को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन आज पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार में किया गया। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने घरेलू विवाद, भूमि विवाद, मारपीट एवं साइबर अपराध संबंधी शिकायतें प्रस्तुत कीं। पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित थाना प्रभारियों को तत्काल और प्रभावी कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, डीएसपी मुख्यालय अमन मिश्रा, नवनियुक्त डीएसपी शुभम जैन, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक कन्हैया सिंह बघेल, महिला थाना प्रभारी श्रीमती रीता त्रिपाठी एवं थाना जमोड़ी प्रभारी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी भौतिक रूप से मौजूद रहे, जबकि अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। जन सुनवाई में प्रमुख रूप से महिला फरियादियों की समस्याओं को संवेदनशीलता और तत्परता से सुनते हुए, तत्काल कार्रवाई हेतु आदेश जारी किए गए। अधिकतर शिकायतें जमीन संबंधी विवाद और पारिवारिक कलह से जुड़ी रहीं, जिनके त्वरित समाधान हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। कई मामलों में अधिकारियों को जनसुनवाई के दौरान ही कार्रवाई प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए, ताकि शिकायतों का समयबद्ध निपटारा हो सके। यह जनसुनवाई केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास व सहयोग का सेतु बन रही है।

# 2 आरोपी समेत 67 हजार रु. कीमत के गांजा व बाइक जब्त



**जागरण, सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी मड़वास उप निरीक्षक भूपेश बैस के नेतृत्व में चौकी प्रभारी पथरौला उप निरीक्षक प्रीति वर्मा एवं उनकी टीम ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त दो आरोपियों को दबोचते हुए उनके कब्जे से गांजा व परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की। पुलिस के अनुसार 11 अगस्त को चौकी प्रभारी पथरौला को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति अवैध गांजा बेचने की तैयारी में हैं। सूचना पर रेड कार्यवाही कर अमर तिवारी पिता संतोष तिवारी उम्र 19 वर्ष एवं चंदन यादव पिता बाल मुकुंद यादव उम्र 22 वर्ष दोनों निवासी खैरी चौकी पोड़ी थाना कुसमी को पकड़ा गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इस सराहनीय कार्यवाही में योगदान देने वाले अधिकारी कर्मचारी में चौकी प्रभारी उनि प्रीति वर्मा, सउनि बीपी वर्मा, प्रआर रामचंद्र दीवान, शिवा द्विवेदी, आरक्षक दिवाकर सिंह, गेंदेलाल एवं चालक प्रआर सुंदरलाल गुप्ता आदि शामिल रहे।

# जिला प्रशासन एवं जिला पुलिस ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

## जिले भर में गूंजा देशभक्ति का स्वर



जागरण, सीधी

जिला प्रशासन एवं जिला पुलिस सीधी के संयुक्त तत्वावधान में 12 जुलाई को विशाल तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यह यात्रा पुलिस परेड ग्राउंड से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट, अस्पताल चौक होते हुए पूजा पार्क में संपन्न हुई। पूरे मार्ग में शहर तिरंगे के रंग में रंगा नजर आया और देशभक्ति गीतों की गूंज से वातावरण प्रफुल्लित हो उठा। तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सीधी श्रीमती रीति पाठक उपस्थित रहीं। उनके साथ जिला कलेक्टर स्वरोचिश सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा, जिला पंचायत सीईओ अंशुमन राज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, डीएसपी मुख्यालय अमन मिश्रा, एसडीएम गोपाद बनास, तहसीलदार गोपाद बनास, नगर पालिका सीएमओ सुश्री मिनी अग्रवाल एवं नगर पालिका स्टाफ, थाना प्रभारी कोतवाली, जमोड़ी, यातायात एवं महिला थाना, स्वास्थ्य विभाग से सिविल सर्जन डॉ. एसबी खरे एवं जिला चिकित्सालय स्टाफ, एनसीसी कैडेट, विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राएं, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, वन विभाग सहित अनेक विभागों के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। पूजा पार्क में यात्रा के समापन अवसर पर विधायक सीधी श्रीमती रीति पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा तिरंगा सिर्फ एक ध्वज नहींए यह हमारे देश की अस्मिताए बलिदान और एकता का प्रतीक है। आज सीधी की जनता ने यह साबित कर दिया कि जब बात देशभक्ति की हो, तो हम सब एक साथ खड़े हैं। इस तिरंगे को सदैव ऊँचा रखने का संकल्प हम सभी को लेना चाहिए। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर जिला कलेक्टर स्वरोचिश सोमवंशी ने उपस्थित जनसमूह को स्वच्छ भारत हेतु शपथ दिलाई। उन्होंने सभी से अपील की कि न केवल अपने घर बल्कि अपने आसपास के क्षेत्र को भी स्वच्छ रखें और स्वच्छता को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। केवल मुख्यालय ही नहीं, बल्कि जिले के सभी थाना एवं चौकियों में भी जिला प्रशासन एवं जिला पुलिस के नेतृत्व में अपने.अपने क्षेत्रों में भव्य तिरंगा यात्राएं निकाली गई। गांव-गांव, कस्बों और बाजारों में तिरंगे की लहराती शान और गूंजते देशभक्ति गीत ने ऐसा माहौल बनाया कि पूरा सीधी जिला मानो तिरंगे के रंग में डूब गया। स्थानीय नागरिक, व्यापारी, छात्र और सामाजिक संगठन बड़ी संख्या में इन यात्राओं में शामिल हुए, जिससे हर गली, हर चौक और हर सड़क पर देशभक्ति का ज्वार उमड़ पड़ा।

## खाद की किल्लत को लेकर शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

**जागरण, सीधी।** जिले में खाद संकट गहराने से किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने संभागीय कमिश्नर के नाम जिला विपडन अधिकारी को पत्र सौंपकर जिला विपणन केंद्रों पर हो रही अनियमितताओं की शिकायत की है। पाण्डेय ने कहा कि जिले के विभिन्न केंद्रों पर प्रतिदिन सैकड़ों किसान खाद लेने पहुंचते हैं, लेकिन पर्याप्त आपूर्ति न होने से उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर मिलावटी खाद बेची जा रही है और कालाबाजारी चरम पर है। कोसों दूर से आने वाले किसान घंटों लाइन में खड़े रहने के बावजूद निराश होकर लौट जाते हैं, जिससे उनकी फसलों और उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। पाण्डेय ने कहा कि प्रभारी मंत्री द्वारा पर्याप्त खाद होने का दावा किया गया था, लेकिन हकीकत यह है कि सैकड़ों किलोमीटर से किसान सीधी मुख्यालय आकर भी बिना खाद के लौट रहे हैं। शिवसेना ने मांग की है कि जिले में खाद की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, वितरण प्रणाली पारदर्शी बनाई

# जिले में पैरामेडिकल की पढ़ाई में तेजी से बढ़ रहा फर्जीवाड़ा



जागरण फर्जीवाड़ा

## आदिवासी क्षेत्रों में कागजों पर चल रहा फर्जीवाड़ा

### जिम्मेदार अधिकारी नहीं करते निरीक्षण एवं कार्यवाही



जागरण, सीधी

पैरामेडिकल कॉलेज के लिए जिले में बड़े स्तर पर गोरखधंधा चलाया जा रहा है। यह सब जिले में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के संरक्षण में यह कारोबार जमकर फल-फूल रहा है। उल्लेखनीय है कि आदिवासी क्षेत्रों में पैरामेडिकल कॉलेज संचालन में सरकार द्वारा काफी छूट प्रदान की जाती है जिसके चलते पैरामेडिकल कॉलेज संचालकों द्वारा कुसमी ब्लाक के नाम पर मान्यता लेकर धड़ल्ले से कागजों में कालेजों का संचालन किया जा रहा है। आदिवासी क्षेत्र में कालेज संचालित करने के लिए सरकार द्वारा कई प्रकार की छूट प्रदान की जाती है। कई पैरामेडिकल कॉलेजों के पास न तो स्वयं का भवन है और न ही अस्पताल फिर भी धड़ल्ले से उन बच्चों का एडमीशन कराकर जिला अस्पताल में प्रशिक्षण के बाद उनको परीक्षा दिला दी जा रही है। कई बार जांच करने टीमें भी आती है लेकिन पैरामेडिकल कॉलेज संचालकों द्वारा उनको भी गुमराहकर मनमानी जगहों का निरीक्षण कराकर उनको रवाना कर दिया जाता है। कई पैरामेडिकल कॉलेज तो धड़ल्ले से कागजों में संचालित हो रहे है, इसकी जानकारी भी अधिकारियों को है लेकिन कार्रवाई करने में उनके हांथ-पांव कांपने लग जाते है जिससे ये मनमानी ढंग से अपने कार्यो में लिप्त देखे जा रहे है। जिले में कई पैरामेडिकल कॉलेजों का संचालन हो रहा है इनमें से कुछ को छोड़कर बाकी संस्था नियमों का पालन कतई नहीं कर रही है। पैरामेडिकल कालेज के कागजों में संचालन के लिए पूरे जिले में रैकेट चलाया जा रहा है। जिले में राजनैतिक संरक्षण में पैरामेडिकल का धंधा काफी जोरो से फल-फूल रहा है। कई पैरामेडिकल कालेज संचालक सत्तादल के पदाधिकारी हैं, इनके द्वारा अधिकारियों के पास राजनैतिक धौंस देकर अपने कार्य करा लिये जाते है। राजनैतिक दलों के संरक्षण में पैरामेडिकल कालेज चल रहा है, वह शासन के मापदण्डों को पूरा नहीं करते हैं बावजूद धड़ल्ले से शहर में कालेजों का संचालन किया जा रहा है।

### कॉलेज संचालन में नहीं पूरे हो रहे मापदण्ड

नियमानुसार पैरामेडिकल कॉलेज संचालन के लिए निर्धारित पैमाने के अनुसार बिल्डिंग और सभी सुविधाएं होनी चाहिए। मसलन सुविधा युक्त लैब, विद्यार्थियों के लिए बसों की सुविधाए टॉयलेट आदि संपूर्ण होना चाहिए। लेकिन अधिकतर पैरामेडिकल कॉलेजों में ऐसा देखने में नहीं आ रहा है। बताया गया है कि 50 हजार रुपए से लेकर एक लाख रुपए तक की वसूली होती है। कुल मिलाकर देखा जाए तो जिले में पैरामेडिकल कॉलेजों का संचालन अधिकतर कागजों में ही हो रहा है। नियमों का पालन ज्यादातर कॉलेजों में नहीं हो रहा है। फैकल्टी की भी कमी है। हर सब्जेक्ट के लिए पैरामेडिकल स्टाफ अनिवार्य है लेकिन अधिकतर पैरामेडिकल संस्थाओं में इनकी कमी है। कहीं-कहीं तो एक दो कमरों में ही कॉलेजों का संचालन किया जा रहा है।

### छात्रवृत्ति का फैला लंबा फर्जीवाड़ा

पैरामेडिकल कॉलेज में ऐसे छात्र-छात्राओं को चिन्हित कर प्रवेश दिया जाता है जिन्हें शासन की ओर से कोर्स करने के लिए भारी-भरकम छात्रवृत्ति मिलती है। इसी वजह से कॉलेज संचालन से जुड़े लोगों द्वारा ऐसे छात्र-छात्राओं का प्रवेश दलालों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा कराने में सक्रिय रहते हैं। इन छात्र-छात्राओं को शासन की ओर से मिलने वाली भारी-भरकम छात्रवृत्ति बाद में मोटे शुल्क के रूप में पैरामेडिकल कॉलेज के संचालकों के पास पहुंच जाती है। इसी वजह से छात्रवृत्ति पाने वाले छात्र-छात्राओं का प्रवेश ही ज्यादा संख्या में किया जा रहा है।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# आयोग का हलफनामा मतदाताओं के लिए आश्वासनकारी

> कोई भी देशभक्त और लोकतंत्रकामी नागरिक यही चाहेगा कि उसकी मतदाता सूची त्रुटिरहित हो, चुनाव की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी हो और जनादेश का सभी पक्ष सम्मान करें। आयोग ने योग्य वोटर्स को लेकर सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा पेश किया है।

बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जैसे-जैसे खुलासे और दावे किए जा रहे हैं, वे चिंताजनक तो हैं ही, चुनाव आयोग से अतिरिक्त सावधानी और पारदर्शिता की मांग भी करते हैं। शनिवार को आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर यह स्पष्ट किया है कि मतदाता सूची में पहले से दर्ज किसी भी योग्य वोटर का नाम उसे बिना नोटिस दिए और उसका जवाब सुने, नहीं हटाया जाएगा। निस्संदेह, यह शपथपत्र आश्वस्तकारी है। कोई भी देशभक्त और लोकतंत्रकामी नागरिक यही चाहेगा कि उसकी मतदाता सूची त्रुटिरहित हो, चुनाव की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी हो और जनादेश का सभी पक्ष सम्मान करें। वैसे भी, भारतीय लोकतंत्र की प्रतिष्ठा का आधार सिर्फ इसका विशाल मतदाता वर्ग नहीं, बल्कि छिटपुट शिकायतों के बावजूद सभी पक्षों द्वारा इसके चुनावों की व्यापक निष्पक्षता को स्वीकारा जाना, जनादेश का सम्मान करना और सत्ता का निर्बाध हस्तांतरण रहा है। इसलिए मौजूदा विवाद को न सिर्फ चुनाव आयोग, बल्कि इससे जुड़े सभी पक्षों को पूरी गंभीरता से लेना चाहिए। खासकर बिहार के नागरिकों की यह अहम जिम्मेदारी बनती है कि वे आयोग के साथ पूरा सहयोग करें।

चुनाव आयोग ने अपने अतिरिक्त हलफनामे में बताया है कि बिहार में लगभग 65 लाख मतदाताओं ने अपने दस्तावेज नहीं दिए हैं, इसलिए 1 सितंबर तक वे अपने दावे और आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। आयोग ने यह भी वचन दिया है कि सभी दावों का निस्तारण सात कार्यदिवसों में किया जाएगा। जाहिर है, अगर विवादों का निपटारा नहीं हुआ, तो एक बड़ी संख्या में लोग वोट से वंचित हो जाएंगे। ऐसे में, सवाल यह उठेगा कि विधानसभा में उनका जन-प्रतिनिधि कौन होगा? सुप्रीम कोर्ट पहले ही यह स्पष्ट कर चुका है कि नागरिकता तय करना आयोग का अधिकार नहीं। स्वाभाविक ही यह एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन गया है और सिर्फ बिहार ही नहीं, देशव्यापी मुद्दा बन चुका है। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई चल रही है और अब उसके अंतिम फैसले पर पूरे देश की निगाहें टिकी हैं।

एसआईआर विवादास्पद कभी नहीं होता, अगर आयोग ने ऐन विधानसभा चुनाव से पहले इतनी बड़ी कवायद शुरू न की होती। खुद आयोग के आंकड़े इस बात की तस्दीक करते हैं कि चंद हजार मतों के फर्क से कई राज्यों में सरकारों का भविष्य तय हुआ है। बिहार में तो 65 लाख वोटों का सवाल है। शायद यह पहली बार है, जब मतदाता सूची को लेकर इतने बड़े पैमाने पर शक-शुब्हे जताए जा रहे हैं। वह भी डिजिटल युग में। कई राज्यों में मतदाता सूची से छेड़छाड़ के आरोप लग रहे हैं और विपक्ष द्वारा दस्तावेजी सुबूत भी पेश किए जा रहे हैं। मुमकिन है कि इनमें से बहुत सारे आरोप राजनीति या हार की खीझ व भय से प्रेरित हों, मगर चुनाव आयोग का रवैया भी विवाद को सुलझाने वाला होना चाहिए, उलझाने वाला नहीं!

# अमेरिकी नीतियों के दौर में भारत-चीन संबंधों की नई परीक्षा

अंतरराष्ट्रीय संबंध

सुजान चिनॉय



> भारत और चीन के बीच रिश्ता अब भी एक नाजुक मोड़ पर खड़ा है। चीनी विद्वान और विशेषज्ञों का मानना है कि जो काम सबसे जरूरी है, वह यह है कि जो लाभदायक स्थिति बनी है, उसको बनाए रखा जाए और संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में काम किया जाए। लंबित मुद्दों और मतभेदों के बावजूद दोनों पक्षों को बाकी के क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाना चाहिए।

जुलाई की शुरुआत में मैं चीन की यात्रा पर था। इस दौरान मुझे भारत के बारे में बीजिंग की सोच को समझने के लिए वहां के कई रसूखदार लोगों से बातचीत करने का अवसर मिला। इसी दौरान मुझे राष्ट्रपति ट्रंप के मौजूदा अमेरिका के प्रति चीन के रुख की झलक भी मिली। चीनी विद्वानों और बुद्धिजीवियों के बीच यह आम राय थी कि राष्ट्रपति ट्रंप की नीतियों ने भारी अनिश्चितता पैदा कर दी है और वह वैश्वीकरण की संकल्पना के खिलाफ कदम उठा रहे हैं। अमेरिका और चीन के बीच प्रतिस्पर्धा की मूल वजह प्रौद्योगिकी है। साइबर प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) इस जटिलता को और बढ़ा रही हैं। बीजिंग में लोगों का रुख अमेरिका के प्रति बाइडन प्रशासन की तुलना में अधिक आक्रामक और अपने को लेकर ज्यादा आश्वस्तकारी था। व्यापक तौर पर यही धारणा थी कि अमेरिका अब पतन की ओर अग्रसर है। विडंबना यह है कि ये लोग ट्रंप की टैरिफ जंग और 'सौदेबाजी' की उनकी प्रवृत्ति को चीन के हितों की रक्षा के लिहाज से एक बेहतर मौके के तौर पर देख रहे थे। जब चीन के वैश्विक नेतृत्व को लेकर मैंने उनका रुख जानना चाहा, तो बीजिंग में इस बाबत 'जीरो-सम अप्रोच' दिखा। इस नजरिये में एक का लाभ दूसरे की हानि की कीमत पर होता है। उनका मानना था कि अमेरिका के 'अनिवार्य पतन' पर ही वैश्विक नेता के रूप में चीन का 'अवश्यंभावी उदय' निर्भर है। वहां सभी जगहों पर अमेरिका के प्रति स्पष्ट नाराजगी दिखी। उनका मानना था कि वाशिंगटन आज जो भुगत रहा है, उसका वह हकदार है। चीनी विद्वान और विशेषज्ञ इस बात से आश्वस्त जान पड़ रहे थे कि दुनिया क्रमशः अमेरिका और चीन के नेतृत्व वाले दो खेमों में बंटी हुई है और मौजूदा समय भारत को यह मौका दे रहा है कि वह चीन के साथ हाथ मिलाने में हिचक न दिखाए। जहां तक भारत और चीन के रिश्तों की बात है, तो इस पर कमोबेश आम सहमति दिखी कि पिछले अक्तूबर में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई बैठक के बाद संबंध सुधरे हैं। हालांकि, यह रिश्ता अब भी एक नाजुक मोड़ पर खड़ा है। मगर उनका मानना था कि अभी जो काम सबसे जरूरी है, वह यह है कि जो लाभदायक स्थिति बनी है, उसको बनाए रखा जाए और संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में काम किया जाए। कई चीनी बौद्धिकों का मानना था कि लंबित मुद्दों और मतभेदों के बावजूद दोनों पक्षों को बाकी के क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाना चाहिए। उन्होंने चीन के इस दृष्टिकोण को दोहराया कि द्विपक्षीय संबंधों को 'किसी तीसरे देश की राय' के आधार पर तय नहीं किया जाना चाहिए।

उन्होंने सुझाव दिया कि चीन और भारत को अपने आर्थिक संबंध गहरे करने चाहिए। जैसे, एआई में 'ट्विन-इंजन' साझेदारी (साझा लक्ष्यों के लिए दोनों का मिलकर काम करना) की संभावनाओं पर बात होनी चाहिए। शी जिनपिंग ने अक्तूबर 2023 में वैश्विक एआई गवर्नेंस पहल शुरू की थी। चीन ने हाल ही में शंघाई में विश्व कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहयोग संगठन का मुख्यालय खोलने की दिशा में कदम उठाने का एलान किया है। उन्होंने कहा, 'बाह्य अंतरिक्ष' एक और क्षेत्र है, जहां दोनों पक्ष सहयोग कर सकते हैं। चीन के विशेषज्ञ शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) और ब्रिक्स मंचों के जरिये द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने के इच्छुक दिखाई दिए। ऐसी खबरें हैं कि प्रधानमंत्री मोदी इस माह के अंत में शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में भाग लेने चीन जा सकते हैं। एक-दूसरे देश में पनपी आम धारणाओं पर भी बातें हुईं। चीनी वार्ताकारों ने माना कि हाल-फिलहाल में यह खाई चौड़ी हुई है। दुखद सीमा विवाद के अलावा, पाकिस्तान के साथ चीन की बढ़ती नजदीकियों ने, जो ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कहीं अधिक स्पष्ट दिखीं, भारत में उसके प्रति नकारात्मक धारणा को और मजबूत किया है। उनका कहना था कि प्रतिद्वंद्विता हमारी स्थायी नियति नहीं बननी चाहिए। कुछ चीनी विशेषज्ञों का मानना था कि भारत के औद्योगिक विकास को किसी भी अन्य देश की तुलना में चीन के साथ मजबूत आर्थिक साझेदारी से अधिक फायदा मिलेगा। उनके मुताबिक, 'ईपीसी' (इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण) के क्षेत्र में भारत को आगे बढ़ने में चीन मदद कर सकता है। चीन भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है. पिछले साल दोनों देशों के बीच व्यापार 127 अरब डॉलर से ज़्यादा का हुआ। भारत ख़ासतौर पर चीन से आने वाले दुर्लभ खनिजों पर निर्भर करता है। इसलिए सीमा क्षेत्रों में शांति बनाए रखना आर्थिक रिश्तों को बेहतर बनाने के लिए बहुत ज़रूरी है। चीन भी अब भारत के साथ सीमा पर शांति चाहता है। लेकिन चीन को इस बात का डर है कि पश्चिमी देश भारत का इस्तेमाल उसके बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने के लिए कर रहे हैं। अमेरिका और उसके सहयोगियों पर भारत की निर्भरता का संतुलन बनाने के लिए चीन सीमा विवाद के अलावा दूसरे मुद्दों में भी सुधार चाहता है। चीन चाहता है कि भारत में निर्यात और निवेश को बढ़ाया जाए. वो ये भी चाहता है कि चीनी इंजीनियरों और कामगारों के लिए वीज़ा पाबंदियाँ हटें। साल 2020 में गलवान में हुई हिंसक झड़प के बाद संबंधों में आई गिरावट से पहले भारत में चीन की अच्छी उपस्थिति थी और यह बुनियादी ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं से लेकर बंदरगाहों, दूरसंचार, यहां तक कि दुर्लभ तत्वों व एल्यूमिनियम शोधन तक में दिखाई पड़ती थी। तीसरे देशों सहित चीन के साथ संभावित ऊर्जा सहयोग पर भी जोर दिया गया, साथ ही ग्लोबल साउथ में प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर भी हमारी बात हुई।

कुल मिलाकर, भारत के प्रति बीजिंग का नजरिया सकारात्मक, लेकिन अनिश्चित दिखाई पड़ा। बीजिंग का रणनीतिक रूप से प्रभावशाली तबका भारत के साथ जुड़े किसी भी मुख्य मुद्दे पर झुके बिना, द्विपक्षीय संबंधों की उलझन को सुलझाने के प्रति उत्सुक दिखाई दिया। हालांकि, समानता के सिद्धांत की प्रशंसा करते हुए भी कुछ लोगों ने अपने अहंकार का परिचय दिया। और यह बात संकेत से कहीं अधिक मुखर होकर सामने आ रही थी कि भारत को अब चीन की वैश्विक श्रेष्ठता स्वीकार कर लेनी चाहिए। एक खीझ भरा नजरिया यह भी था कि भारत को हिंद महासागर में चीनी नौसैनिक व अनुसंधान जहाजों की मौजूदगी या यात्राओं पर सवाल उठाने या उनको बाधित करने का अधिकार नहीं है, क्योंकि बीजिंग इसको अपनी बढ़ती भागीदारी और हितों के अनुरूप एक सामान्य गतिविधि मानता है। बीजिंग में जिस तरह की सोच मैंने देखी, उसको ध्यान में रखते हुए मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि 'ट्रैक-2 वार्ताएं' (गैर-सरकारी व्यक्तियों में होने वाली मेल-मुलाकात) बेहद उपयोगी हैं, खासकर जब अमेरिका और चीन, दोनों के साथ हमारे संबंधों की कड़ी परीक्षा हो रही है। भारत के लिए इस समय यही उचित होगा कि वह इन दोनों देशों के साथ मिलकर काम करने का कोई ऐसा तरीका तलाशे, जिसमें किसी के साथ हमारी अपेक्षा बहुत बढ़ी हुई न हो।

**(लेखक एमपीआईडीएसए महानिदेशक हैं।)**

# बदलती जीवन शैली से बढ़ा खाद्य प्रसंस्करण बाजार

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग

डा. जयंतीलाल भंडारी



> शहरी संपन्न वर्ग अपने मासिक खाद्य बजट का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा पैकेज्ड फूड और डिलीवरी पर खर्च कर रहा है। ग्रामीण भारत में भी ऐसा बदलाव दिख रहा है। ग्रामीण खपत पेय पदार्थों और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की ओर बढ़ रही है। लगातार तेजी से खान-पान शैली में आए बदलाव के कारण देश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग तेजी से बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना, सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिकरण, खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना जैसी बहुआयामी पहलों के माध्यम से पौष्टिक दुनिया के निर्माण के सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के तहत पिछले दस वर्षों में 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक का एफडीआई प्राप्त हुआ है और भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 15 गुना से अधिक बढ़कर दो सौ लाख टन से अधिक हो गई है।

इस समय देश में लोगों की बढ़ती हुई आमदनी, शहरीकरण के कारण बदलती जीवनशैली और खान-पान की आदतों में बड़े परिवर्तन के कारण भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का बाजार आकार तेजी से बढ़ रहा है। हाल ही में डेलायट और फिक्की के द्वारा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग पर एक रिपोर्ट जारी की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक देश में परिवारों के खाद्य बजट का वर्ष 2000-01 में अनाज और दालों पर 40 फीसदी खर्च किया जाता था, वह वर्ष 2023-24 में घटकर महज 14 फीसदी पर पहुंच गया है। देश में खान-पान तो लगभग हर आय वर्ग का बदला है, लेकिन शहरी संपन्न वर्ग अब अपने मासिक खाद्य बजट का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा पैकेज्ड फूड, बाहर खाने और डिलीवरी पर खर्च कर रहा है। ग्रामीण भारत में भी इसी तरह का बदलाव दिख रहा है। ग्रामीण खपत अनाज से पेय पदार्थों और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की ओर बढ़ रही है। निश्चित रूप से लगातार तेजी से बढ़ते खाद्यान्न उत्पादन और लोगों की खान-पान शैली में बड़े बदलाव के कारण देश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। रिजर्व बैंक के अनुमान के अनुसार कृषि उत्पाद जब तैयार भोजन का रूप लेता है तो उसके मूल्य में लगभग 30 फीसदी की वृद्धि होती है। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) की खाद्य प्रसंस्करण पर प्रकाशित शोध अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक भारत के खाद्य प्रसंस्करण का क्षेत्र वर्ष 2023 में करीब 307 अरब डॉलर का था, इसके तेजी से बढ़कर वर्ष 2030 तक करीब 700 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंचने की उम्मीद है। साथ ही कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से निर्यात लगातार बढ़ते हुए वर्ष 2030 तक 125 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंचते हुए दिखाई दे सकेगा।

भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के तहत पिछले दस वर्षों में 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक का एफडीआई प्राप्त हुआ है और भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 15 गुना से अधिक बढकर दो सौ लाख टन से अधिक हो गई है।

इसमें कोई दो मत नहीं है कि सरकार के द्वारा देश में खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के तहत इन पांचों क्षेत्रों की व्यापक संभावनाओं को मुठ्ठियों में करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

छोटे फूड प्रोसेसिंग उद्योगों को वित्त, तकनीक और अन्य तरह की मदद पहुंचाने के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की 'केंद्रीय प्रायोजित पीएम फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोससिंग एंटरप्राइज योजना' सफलतापूर्वक आगे बढ़ रही है। इस योजना के तहत राज्यों की जिम्मेदारी है कि वे हर जिले के लिए एक खाद्य उत्पाद की पहचान करें। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के आधार पर चुने गए उत्पादों का प्रोडक्शन करने वाले उद्योगों को प्राथमिकता के आधार पर मदद दी जा रही है। वस्तुतः खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र कृषि और विनिर्माण दोनों क्षेत्रों का महत्वपूर्ण घटक है। जहां खाद्य प्रसंस्करण कृषि क्षेत्र में किसानों की आय बढ़ाने में मदद करता है। लेकिन निश्चित रूप से भारत खाद्य प्रसंस्करण की ऊंची संभावनाओं को पर्याप्त रूप से मुट्ठी में नहीं ले पा रहा है। यही कारण है कि खाद्य प्रसंस्करण के मामले में भारत बहुत पीछे है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण का स्तर विश्व के अन्य देशों की तुलना में बहुत कम है। उम्मीद करें कि सरकार के द्वारा खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर में बढ़ती हुई आर्थिक, निर्यात और रोजगार संभावनाओं को मुठ्ठियों में लेने के लिए इस सेक्टर की डगर पर जो बाधाएं आ रही हैं, उनका उपयुक्त निराकरण किया जाएगा। खाद्य उत्पादों के प्रसंस्करण स्तर को बढ़ाया जाएगा।

प्रसंगवश

# ईडी की कार्यशैली पर बड़ा सवाल है अदालत की टिप्पणी

> यह अफसोसनाक है कि ईडी की जांच में आरोपी बनाए गए लोग दोषी सिद्ध न होने पर भी महीनों विचाराधीन कैदी के रूप में जेल में बंद रहते हैं। अदालत की यह टिप्पणी ईडी की जांच प्रक्रिया और कार्यशैली पर एक बड़ा सवाल है। अगर इस संस्था की छवि इस कदर नकारात्मक बन रही है, तो इस पर उसे सोचने की जरूरत है।

प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की कार्यशैली और उसकी भूमिका पर आए दिन सवाल उठते रहे हैं। राजनीतिक दलों का आरोप है कि ईडी प्रतिशोध की भावना से कार्रवाई करती है। वहीं उच्च न्यायालयों से लेकर शीर्ष अदालत ने भी निदेशालय को कई बार सवालों के कठघरे में खड़ा किया है। यह अफसोसनाक है कि ईडी की जांच में आरोपी बनाए गए लोग दोषी सिद्ध न होने पर भी महीनों विचाराधीन कैदी के रूप में जेल में बंद रहते हैं।

ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि धनशोधन रोकथाम कानून का दुरुपयोग कैसे और क्यों हो रहा है और किसके इशारे पर हो रहा है। इस कानून के तहत दोषसिद्धि दर पर भी सवालिया निशान लग चुके हैं। पिछले सप्ताह शीर्ष न्यायालय ने भी इस बात पर चिंता जताई है कि धनशोधन मामलों में सजा की दर बहुत कम है। अदालत ने ईडी को सख्त लहजे में चेताया है कि वह किसी गुंडे की तरह काम नहीं कर सकती, उसे कानून के दायरे में रह कर काम करना होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार ईडी की कार्यशैली पर सवाल नहीं उठाया है। अदालत की टिप्पणी ईडी की जांच प्रक्रिया और कार्यशैली पर एक बड़ा सवाल है। अगर इस संस्था की छवि इस कदर नकारात्मक बन रही है, तो इस पर उसे सोचने की जरूरत है। ऐसा नहीं है कि शीर्ष न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय के कामकाज पर कोई पहली बार सवाल उठाया है। पिछले महीने भी अदालत ने कहा था कि ईडी सारी हदें पार कर रही है। यह गंभीर स्थिति है कि न्यायिक हिरासत खत्म होने के बाद आरोपी जेल से बाहर आ जाते हैं। इस दौरान प्रवर्तन निदेशालय न तो अपनी जांच पूरी कर पाता है और न ही उनके खिलाफ आरोप सिद्ध कर पाता है।

इस पर विचार किया जाना चाहिए कि अगर ईडी के पास किसी आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए मजबूत आधार होता है तो दोषसिद्धि की दर दस फीसद से भी कम क्यों है।

इस पर चिंता जताते हुए शीर्ष अदालत ने उचित सवाल किया है कि अगर आरोपी बरी हो जाते हैं, तो इसका भुगतान कौन करेगा। यह बेकसूर नागरिकों की स्वतंत्रता का भी सवाल है। ईडी की छवि पर अगर प्रश्न उठ रहे हैं, तो इसका निवारण अब उसे ही करना होगा। इस संदर्भ में ईडी को शीर्ष अदालत की इस नसीहत पर गौर करने की जरूरत है कि उसे कानून की सीमा में काम करना चाहिए।




॥गीता॥



**श्लोक**

**न काङ्क्षे विजयं कृष्ण न च राज्यं सुखानि च।**
**किं नो राज्येन गोविंद किं भोगैर्जीवितेन वा॥**

**भावार्थ**

हे कृष्ण! मैं न तो विजय चाहता हूँ और न राज्य तथा सुखों को ही। हे गोविंद! हमें ऐसे राज्य से क्या प्रयोजन है अथवा ऐसे भोगों से और जीवन से भी क्या लाभ है।

जीवन दर्शन

# झूठे मुखौटे का त्याग करें, समझें अपनी वास्तविकता

आज हम कितने झूठे व्यक्ति हैं, झूठापन लेकर हम समाज में लोगों से मिलते हैं। एक झूठा पति हो, झूठी पत्नी हो, भाई, बहन, दोस्त। अब यहाँ पर हम जब झूठा व्यक्ति कहते हैं, इसका मतलब क्या है? इसका मतलब यह है कि जो भाव आपके भीतर है, जो भी विचार आप लेकर चलते हैं वो कहीं पर तो आप लोगों से छुपाते हैं, और कहीं जग जाहिर करते हैं। मतलब अपनी कमियों को छुपाना और अच्छाइयों को बढ़ चढ़ कर बताना। या कुछ किया भी न हो, फिर भी वो बताना, तो यह जो झूठा मुखौटा है उसको निकालने का समय आ गया है। आप किसी और के जैसे नहीं बन सकते हैं, आप जैसे हो वैसे ही आपको रहना है।

मैत्रीबोध के इस परिवर्तन के कक्षा में आप सभी का स्वागत है। आप जब परिवर्तन की इस यात्रा में आगे बढ़ रहे हैं, परिवर्तन की इस यात्रा के साथ आप अपने भीतर एक उच्चतम आध्यात्मिक अवस्था का अनुभव करने वाले हैं, या तो सही मायने में आप एक इंसान बनने वाले हैं, तो आपको इस झूठे मुखौटे का त्याग करना होगा नहीं तो आप ऐसे ही जीवन में कही पर भटकते रहेंगे, जहाँ पर स्थिरता नहीं आएगी और शांति का अनुभव नहीं होगा। जैसे लोग भाग रहे हैं वैसे ही आप भी भागते रहेंगे।

तो अभी हमको करना क्या है? यह जो झूठा चेहरा है, मुखौटा है उसे हमको निकलना है। वो कैसे करें?

इसके ऊपर एक सूत्र है, पहली बात यह है कि कई बार एक आदत सी बन जाती है कि रोते रहना। यानी कि अपना दुखड़ा रोते रहना, बार बार किसी से भी मिलते हुए मेरे साथ यह हो गया, मेरे साथ वो हो गया, मैं अकेला हूँ, या मैं अकेली हूँ, मुझे कोई प्यार नहीं करता, मेरे साथ कोई नहीं है ,सबसे हम बात करने की कोशिश करते हैं। कोई मुझसे बात नहीं करता, लोगो को मैं पसंद नहीं हूँ या कुछ भी अच्छा करने की कोशिश करते हैं अच्छा होता ही नहीं है। तो यह जो भाव है, बार बार हम यह लेकर चलते हैं सब जगह।

स्वस्थ शरीर के साथ-साथ मन को स्वस्थ रखना भी जरूरी है, अब ये कैसे होगा ? अब इसके पीछे एक तो कारण यह भी होता है कि हम इस दुखड़े को रोते हुए लोगों को अपनी ओर आकर्षित करें। जिसे कहते हैं कि आप मुझे देखो, मेरे ऊपर कुछ अत्याचार हुआ है, इस भाव के साथ भी बात करते हैं। अगर आपकी जिन्दगी में सच में कुछ प्राब्लम है तो आपको अपने पति, पत्नी को या अपने पिता या माता को या तो भाई, बहन या अपने नजदीकी दोस्त, किसी को तो आप बता सकते हैं, पर सभी को जा कर बताना यह सही नहीं होता।

इसका मतलब आप कहीं पर तो ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं। यही होता है। अगर आपको पसंद नहीं है कि कोई आपसे इस तरह से बात करे तो आप भी किसी के साथ ऐसे बात ना करें। तो आपको इसको छोड़ना होगा तुरंत इसी वक्त। मैं जैसा हूँ वैसा ही हूँ और मेरी तकलीफ अगर है तो मैं सही व्यक्ति को ही बताऊंगा। ये आप सभी आज ध्यान में रखें।

मैत्रेय दादाश्री

## संक्षिप्त खबरें

### अभियान के लिए नोडल अधिकारी होंगे नियुक्त

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने हर हर घर तिरंगा अभियान ने कालेजों को नोडल अधिकारी नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं। इसके अलावा हर कालेज 14 अगस्त तक तिरंगा रैली का आयोजन करेगा। हर कालेज में सेल्फी प्वाइंट बनाते हुए अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक एवं कर्मचारी सेल्फी लेकर वेबसाइट पर अपलोड करेंगे। अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों का सेल्फी के साथ ऑनलाइन पंजीयन कराया जाएगा। समस्त क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, प्राचार्य, नोडल कालेज संबंधित कलेक्टर से संपर्क कर हर घर तिरंगा अभियान से संबंधित समस्त गतिविधियों में सक्रिय ले सकेंगे।

### गुणवत्ता विहीन कार्य होने पर होगा एक्शन

**विसं भोपाल।** ऊर्जा विकास निगम रूफटॉप सोलर प्रोजेक्ट में लापरवाही व गुणवत्ता विहीन कार्य होने पर संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस बात का एलान सोमवार को पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के वेंडर्स प्रशिक्षण शिविर में किया गया। ऊर्जा विकास निगम के प्रबंध संचालक अमनबीर सिंह बैंस ने वेंडर्स से कहा कि उन्हें ध्यान रखना है कि हर जगह गुणवत्तापूर्ण कार्य होने चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करें और उसका शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण में वसुधा फाउंडेशन सहभागी रही। इसमें 50 से अधिक वेंडर्स ने भाग लिया। एमडी बैंस ने बताया कि प्रशिक्षण में वेंडर्स को सौर ऊर्जा प्रणालियों की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव से संबंधित तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक कौशल संबंधी जानकारियां प्रदान की गई।

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत पुलिस ने निकाली रैली

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार दोपहर गांधी नगर थाना से तिरंगा वाहन रैली निकाली गई। यह रैली विभिन्न मार्गों और चौराहों से होते हुए थाना छोला में समाप्त हुई द्य इस रैली में डीसीपी जोन 4 जितेंद्र पंवार, एडिशनल डीसीपी मलकीत सिंह, एसीपी ऋचा जैन और निशातपुरा संभाग के सभी थाना प्रभारी, नगर रक्षा समिति और पुलिस बल समेत करीब 100 लोग शामिल हुए। सोमवार को ही थाना प्रभारी कोलार एवं चुनाभट्टी थाना प्रभारी और थानों के स्टाफ ने अपने थाना क्षेत्रों में भी तिरंगा रैली निकाली गई तथा इस दौरान जवानों ने देश भक्ति के नारे लगाकर जनता को हर घर तिरंगा लहराने का संदेश दिया।

# प्रदेश में नया परिसीमन आयोग बनाने का दिया प्रस्ताव, कुछ गांवों पर नेताओं में तनातनी

### राज्य निर्वाचन आयोग ने सरकार को भेजा प्रस्ताव, निकाय और पंचायत चुनाव में आरक्षण सहित वार्डों का होगा परिसीमन

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में एक ओर जहां कुछ जिलों में परिसीमन को लेकर नेताओं में जंग शुरू हो गई है, तो वहीं राज्य निर्वाचन आयोग ने नया परिसीमन आयोग बनाने का प्रस्ताव सरकार को भेजा है। इसमें अगले निकाय और पंचायत चुनाव में जनप्रतिनिधियों के पदों के आरक्षण सहित वार्डो का परिसीमन आयोग द्वारा करने की बात कही गई है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से मैहर, सतना सहित दूसरे जिलों के जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने जिलों के गांव दूसरे जिलों में शामिल होने की संभावना पर विरोध जताना शुरू कर दिया है। दरअसल पिछले दिनों भोपाल से भेजे एक प्रपत्र के आधार पर मैहर के अपर कलेक्टर ने अमरपाटन तहसील के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को पत्र लिखा है, जिसमें मैहर जिले में आने वाले 6 गांवों को रीवा में शामिल होने को लेकर ग्राम पंचायतों से अभिमत मांगा गया है। बताया गया है कि इन गांवों में प्रसिद्ध मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर भी शामिल है, जो वर्तमान में मैहर जिले का हिस्सा है, लेकिन परिसीमन में यह रीवा जिले में शामिल हो सकता है। इसे लेकर स्थानीय स्तर पर नेताओं ने विरोध जताना शुरु कर दिया है। विशेषकर सतना सांसद गणेश सिंह ने इस मामले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित दूसरे नेताओं को पत्र भी लिखा है। नेताओं की इस राजनीतिक खींचतान के बीच राज्य निर्वाचन आयोग ने वर्ष 2027 में होने वाले अगले निकाय और पंचायत चुनाव के लिए अलग से नया परिसीमन आयोग बनाने की सिफारिश राज्य सरकार से कर दी है। कहा जा रहा है कि इस



प्रस्ताव पर यदि सरकार की मुहर लगती है,तो फिर अगले निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पहले यह नया आयोग ही मेयर, नगर पालिका-परिषद के अध्यक्ष, पंचायत में पंच-सरपंच, जनपद और जिला पंचायत अध्यक्ष के पदों का आरक्षण और वार्डों के परिसीमन कराएगा। बताया गया है कि राज्य निर्वाचन आयोग ने इसका ड्राफ्ट बनाकर सरकार को भेज दिया है। जानकारों की माने तो इस ड्राफ्ट में प्रस्तावित आयोग को केंद्रीय परिसीमन आयोग की तरह ही अधिकार देने जाने की बात कही गई है। जानकारी के मुताबिक इस ड्राफ्ट में इस बात का भी प्रावधान किया गया है कि आयोग के किसी भी फैसले को न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती।

#### अब तक ऐसी है व्यवस्था

वर्तमान में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा कराए जाने वाले नगरीय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए वार्डो के परिसीमन और पदों के आरक्षण की व्यवस्था की जिम्मेदारी अलग-अलग तरह से है,यानि कि नगरीय निकायों के लिए वार्डों का परिसीमन और पदों का आरक्षण नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग द्वारा कराया जाता है,जिसमें संबंधित दिले के कलेक्टर की भूमिका अहम रहती है,जिनकी मौजूदगी में वार्डों का परिसीमन किया जाता है। इसी तरह पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराने के लिए वहां के वार्डो के परिसीमन और आरक्षण की जिम्मेदारी निभाई जाती है।

#### सेवानिवृत्त आईएएस अफसर को मिलेगी जिम्मेदारी

सूत्रों की मानें तो सरकार को जो प्रस्ताव भेजा गया है, उसमें आयोग के अध्यक्ष पद पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी को पदस्थ किया जाएगा। यह अधिकारी मुख्य सचिव स्तर को होगा। इनके अलावा आयोग में बतौर सदस्य 3 सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी पदस्थ किए जाएंगे। इन सभी का कार्यकाल 5 साल का होगा। उन्हें राज्य निर्वाचन आयोग के अध्यक्ष की तरह ही सेवा शर्ते का लाभ मिलेगा।

#### चुनाव से 18 महीने पहले होगा परिसीमन

जानकारों की मानें तो जो प्रस्ताव सरकार के पास भेजा गया है,उसमें आयोग चुनाव से 18 महीने पहले ग्रामीण क्षेत्रों में परिसीमन कराएगा। इसके बाद मतदाता सूची का पुनरीक्षण और फिर पदों का आरक्षण होगा। इसी तरह निकाय चुनावों के लिए वार्डो की सीमा चुनाव से 2 महीने पहले कराना जरुरी होगा।

## विद्यार्थियों को दी जाएगी ऑनलाइन परीक्षा सुविधा

### एसीएस राजन ने विभाग की ली बैठक

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन ने सोमवार को विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। इसमें उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को ऑनलाइन परीक्षा की सुविधायें दी जायें। दो परीक्षाओं के बीच में पर्याप्त अंतर रखा जाये। स्वाध्यायी एवं नियमित विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि के प्रयास किये जायें। विद्यार्थियों को उपयोगी कोर्स की जानकारी दी जाए। जिन विद्यार्थियों की अपार आईडी नहीं बनी है, बनवाने के प्रयास किये जाएं। सभी विश्वविद्यालय एक माह में उपाधि अपलोड कर दें। शासन स्तर पर जानकारी पूरे परीक्षण उपरांत भेजी जाएं। उच्च शिक्षा से संबंधित बैठक हर माह संचालनालय स्तर पर आयोजित की जाये। उच्च शिक्षा के सही क्रियान्वयन के लिए विश्वविद्यालयों के रजिस्ट्रार उत्तरदायी होंगे। बैठक में स्वयं कोर्स से मेपिंग के संबंध में केंद्रीय अध्ययन दल की बैठक, स्वयं पोर्टल पर उपलब्ध कोर्स में पंजीयन की स्थिति एवं विभागीय प्रयास, विश्वविद्यालयवार कुल पंजीयन के आधार पर स्थिति, अंकसूची एवं उपाधि अपलोड की स्थिति, क्रेडिट डाटा से मैपिंग एवं आधार अपडेशन एवं त्रुटि रहित अपार आईडी प्राप्त करने संबंधी कार्यवाही की स्थिति,शैक्षणिक संस्थाओं की ऑनबोर्ड स्थिति, उच्च शिक्षण संस्थाओं में अपार एवं स्वयं के नोडल अधिकारियों की जानकारी एवं प्रशिक्षण तथा विश्वविद्यालयों में समर्थ की प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त प्रबल सिपाहा, विभाग के अधिकारी, प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के रजिस्ट्रार और स्वयं, अपार एवं समर्थ कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।



**स्वयं, अपार एवं समर्थ कार्यक्रमों की समीक्षा की**

## प्रदेश में 415 सीएचओ की नियुक्ति ग्रामीण क्षेत्र में मरीजों को फायदा

### दूरस्थ जिलों में पोस्टिंग, आरोग्य मंदिरों पर मिलेगी सेवा

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** नेशनल हेल्थ मिशन मप्र (एनएचएम) ने 400 से अधिक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की नियुक्ति की है। ये नियुक्तियां आकांक्षी और उच्च प्राथमिकता वाले जिलों में की गई हैं। ये सामुदायिक चिकित्सा अधिकारी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में सेवाएं देंगे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा इन नियुक्तियों को विशेष रूप से आकांक्षी और उच्च प्राथमिकता वाले जिलों की स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया गया है। इन जिलों में सीधी, सिंगरौली, टीकमगढ़, डिंडोरी, पन्ना, छतरपुर जिले शामिल हैं। जिनमें कुल 415 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। इन अधिकारियों की नियुक्ति के बाद ग्रामीण इलाकों में रहने वाली आबादी को अपने निवास स्थान के पास ही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। एनएचएम के अधिकारियों ने बताया कि सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्युनिटी हेल्थ के लिए शॉर्टलिस्टेड उम्मीदवारों को एमपी ऑनलाइन के माध्यम से पदस्थापना स्थल के लिए विकल्प चयन करवाया गया था। इनमें 415 कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की पदस्थापना आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में की गई है। संबंधित जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में अभिलेखों का सत्यापन कर अंतिम नियुक्ति आदेश जारी किया जाएगा। समग्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की अवधारणा को शामिल किया गया था। केंद्रों में 12 सेवाओं के हेल्थ पैकेज द्वारा समग्र सेवा उपलब्ध करवाई जा रहे हैं, जिनमें गर्भावस्था देखभाल, बाल एवं किशोर स्वास्थ्य, संचारी एवं असंचारी रोगों का प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य, वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल, मुख रोग, दंत रोग, नेत्र रोग, नाक, कान गला रोग और आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं शामिल है। इन केंद्रों में 17 प्रकार की पैथोलॉजी जांच और 126 औषधियां निशुल्क उपलब्ध हैं।

## राहुल की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस ने फूंका पुतला

### पीसीसी के सामने प्रदर्शन, भाजपा ने किया पलटवार, कहा- हताशा का परिणाम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** चुनाव में वोट चोरी का नई दिल्ली में विरोध कर रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी की गिरफ्तारी का असर भोपाल में भी दिखाई दिया है। सोमवार को कांग्रेसियों ने पीसीसी के सामने पुतला दहन किया। नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव आयोग का जमकर दुरुपयोग कर रही है। इससे पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पत्रकारों से संवाद किया। उन्होंने बताया कि वोट चोरी को लेकर सोमवार को विपक्षी दलों के नेताओं ने मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के नेतृत्व में चुनाव आयोग से मिलने का कार्यक्रम बनाया था। जिसमें लगभग 300 सांसद शामिल थे, लेकिन जनता की आवाज उठाने के बजाय केन्द्र सरकार ने लोकतंत्र का गला घोंटते हुए सभी सांसदों को गिरफ्तार कर लिया। पटवारी ने कहा कि महाराष्ट्र, हरियाणा, कर्नाटक और मध्य प्रदेश में बीजेपी ने चुनाव आयोग की मदद से जनादेश को मैनिपुलेट किया। यह किसी दल की हार-जीत का सवाल नहीं, बल्कि एक वोट एक अधिकार की पवित्रता को बनाए रखने की लड़ाई है। पटवारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भाजपा का रवैया इसी तरह तानाशाहीपूर्ण रहा, तो मध्य प्रदेश की सड़कें जनता के आंदोलन से भर जाएंगी। आज घर-घर यह बात पहुंच चुकी है कि बीजेपी वोट चोरी से चुनाव जीतती है और जनता अब चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में मंगलवार को भी पुतला दहन कार्यक्रम होगा। उन्होंने बताया कि 12 अगस्त को रीवा से वोट सत्याग्रह की शुरुआत होगी, जिसमें नेता प्रतिपक्ष, वरिष्ठ नेता, विधायक और पार्टी के कार्यकर्ता शामिल होंगे।



#### राहुल की गिरफ्तारी लोकतंत्र पर हमला

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने राहुल की गिरफ्तारी को लोकतंत्र पर हमला बताया है। ये दिन इतिहास में काले दिन के रूप में दर्ज होगा। राहुल गांधी ने जिस तरह वोट चोरी का खुलासा किया है, वह भाजपा की असलियत को सामने लाता है। लोकतंत्र की रक्षा और राहुल गांधी की ताकत को बढ़ाने के लिए देश को एकजुट होकर खड़ा होना होगा। सिंघार ने एक एक्स के जरिए भोपाल में स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनी के अफसरों में पाकिस्तानी भी शामिल होने पर आपत्ति जताई है। उन्होंने लिखा कि भाजपा सरकार ने मंचों सेपाकिस्तान को गाली दी और अंदरखाने जनता को लूटने वाले स्मार्ट मीटर का ठेका ऐसी कंपनी को दे दिया जिसमें पाकिस्तानी अफसर हैं।

#### वोट सत्याग्रह हताशा का नया ढोंगः अग्रवाल

कांग्रेस के इस आरोप पर भाजपा ने पलटवार किया है। प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि जीतू पटवारी जी आपके नेता राहुल गांधी का 'वोट सत्याग्रह' दरअसल हार की हताशा का नया ढोंग है। जिस कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र को कुचला, संविधान का गला घोंटा और वोट की ताकत छीन ली - वही आज नैतिकता का उपदेश दे रही है। राहुल गांधी और कांग्रेस नेतृत्व को बार-बार जनता ने नकारा है, लेकिन हार का कारण स्वीकारने की बजाय चुनाव आयोग और वोटिंग प्रक्रिया पर झूठा आरोप लगाना - जनता के जनादेश का खुला अपमान है। अग्रवाल ने आगे लिखा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में, जीरो टॉलरेंस और विकासवादी सोच के साथ भाजपा सरकार जनहित में निरंतर काम कर रही है। कांग्रेस का यह तथाकथित 'वोट सत्याग्रह' असल में सत्ता-ग्रह' की ख्वाहिश का नया नाम है। छिंदवाड़ा जैसे अपने गढ़ में समर्थन खो चुकी कांग्रेस अब रीवा में नाटक कर रही है,लेकिन प्रदेश की समझदार जनता कांग्रेस के छल-कपट और बहकावे में आने वाली नहीं है।

## फीस कमेटी की डिप्टी सेक्रेटरी बिना ऑफिस जाए 4 साल से ले रहीं वेतन

**कहां हैं किसी को नहीं पता, आरजीपीवी दे रहा है वेतन**

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रवेश एवं फीस विनियामक समिति में करीब चार साल से डिप्टी सेक्रेटरी के तौर पर स्वाति वशिष्ठ कार्यरत हैं, लेकिन चार साल से उन्हें नियमित फीस कमेटी में आते हुए किसी ने नहीं देखा है। जबकि उन्हें बाकायदा वेतन दिया जा रहा है। आवश्यकता होने पर उनकी तरफ से अवकाश के आवेदन आते हैं, जिन्हें स्वीकृत करते हुए अग्रेषित किया जाता है। जब इस संबंध में जानकारी जुटाई गई, तो सामने आया कि फीस कमेटी के अधिकारी से लेकर कर्मचारियों ने स्वाति वशिष्ठ को नियमित तौर पर आफिस आते नहीं देखा। फाइलों पर उनकी टीप और हस्ताक्षर तक नहीं हैं। उनका वेतन राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा जारी किया जा रहा है। जबकि उनकी सेवाएं फीस कमेटी में संलग्न हैं। क्योंकि राजपत्रित अधिकारी होने के कारण उनकी हाजरी का कोई सिस्टम नहीं है। मूल रूप से स्वाति वशिष्ठ उच्च शिक्षा विभाग की डिप्टी रजिस्ट्रार हैं, जो लंबे समय से विभाग से प्रतिनियुक्ति पर बनी हुई हैं। वे बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में रह चुकी हैं, लेकिन वहां भी उनकी उपस्थिति कम ही रही है। यहां से भी वे पुरातत्व विभाग में प्रतिनियुक्ति पर गई थीं।

#### फीस तय कराने पहुंचे कॉलेज संचालक हो रहे हैं परेशान

प्रभारी ओएसडी स्वाति वशिष्ठ फीस कमेटी नहीं जा रही हैं, इसलिए काम लगातार अटक रहे हैं। कुछ कालेज संचालक अपनी फीस तय कराने के प्रस्ताव लेकर कमेटी पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि प्रभारी ओएसडी वशिष्ठ अभी नहीं हैं। इसलिए उनके आनलाइन आवेदन स्वीकृति नहीं हो सकते हैं। फीस कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र रामचंद्र कान्हेंरे को आनलाइन प्रस्ताव जमा कराने के लिए लिंक खोलने के आदेश दिए। वहीं कालेज संचालकों का कहना है कि उन्होंने कभी भी डिप्टी सेक्रेटरी वशिष्ठ को नहीं देखा है। फीस का प्रस्ताव देने के लिए गए थे तब भी वे कमेटी में उपस्थित नहीं मिली थीं।

> डिप्टी सेक्रेटरी स्वाति वशिष्ठ का वेतन आरजीपीवी द्वारा दिया जाता है। उनकी उपस्थिति भी फीस कमेटी से नहीं दी जाती है।
>
> ■ **रविंद्र रामचंद्र कान्हेंरे,** अध्यक्ष प्रवेश एवं शुल्क विनियामक समिति

> मैं नियमित तौर पर फीस कमेटी जाती हूं। फाइलों पर मेरे हस्ताक्षर देख सकते हैं।
>
> ■ **स्वाति वशिष्ठ,** प्रभारी ओएसडी प्रवेश एवं शुल्क विनियामक समिति

**उच्च शिक्षा**

### अंतिम सीएलसी में आज से पंजीयन और 14 को दिए जाएंगे प्रवेश

## दो काउंसलिंग और दो सीएलसी बाद इंजीनियरिंग में 33 हजार और एमबीए में 33,500 सीटें रिक्त

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** तकनीकी शिक्षा विभाग ने प्रदेश के 124 इंजीनियरिंग कालेजों की रिक्त करीब 33 हजार रिक्त सीटों पर प्रवेश कराने के लिए अंतिम कालेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) से प्रवेश देगा। प्रदेश में इंजीनियरिंग की 74 हजार 722 सीटें हैं। दो राउंड की काउंसलिंग और दो सीएलसी में 41 हजार 707 विद्यार्थियों का प्रवेश हुआ है। मंगलवार से अंतिम सीएलसी शुरु हो रही है। इसमें बीटेक के साथ एमबीए, एमसीए, बीबीए और बीसीए कोर्स में विद्यार्थियों को प्रवेश दिए जाएंगे। इसमें विद्यार्थी 14 अगस्त तक पंजीयन प्रवेश ले पाएंगे।

#### एमबीए में हुए हैं 21,641 प्रवेश

प्रदेश के 209 एमबीए कालेजों की करीब 55 हजार 129 सीटों में से 21 हजार 641 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिए हैं। अभी भी करीब 33 हजार 500 सीटें रिक्त हैं, जिन्हें अंतिम सीएलसी से भरा जाएगा। वहीं एमसीए (मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस) की छह हजार 235 सीटों में से दो हजार 700 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिए हैं। विभाग के पास अभी भी करीब साढे तीन हजार सीटें शेष बची हैं। उन्हें भरने के लिए विभाग कवायद में लग गया है।



#### डीटीई की फैक्ट फाइल

| कोर्स | सीट | प्रवेश |
|---|---|---|
| इंजीनियरिंग | 74,722 | 41,707 |
| एमबीए | 55,129 | 21,641 |
| एमसीए | 6,235 | 2,700 |
| बीबीए | 32,047 | 14,776 |
| बीसीए | 14,514 | 7,021 |

#### बीबीए और बीसीए में 44 हजार सीटें

बीबीए में 32 हजार 47 सीटों में से 14 हजार 776 विद्यार्थियों के दाखिले हुए हैं। जबकि 17 हजार 271 सीटें खाली हैं। वहीं दूसरी तरफ बीसीए की 14 हजार 514 में से सात हजार 21 विद्यार्थियों के प्रवेश हुए हैं। यहां भी करीब साढे सात हजार सीटें रिक्त हैं। उक्त दोनों कोर्स में करीब 25 हजार सीटें हैं। यह पहला मौका है जब इतनी तादात में बीबीए और बीसीए की सीटें रिक्त बनी हुई हैं। रिक्त सीटों पर प्रवेश कराने के लिए विभाग मंगलवार से तीसरे चरण की अंतिम सीएलसी शुरू कर रहा है।

#### बढ़ सकते हैं अंतिम सीएलसी में प्रवेश

अंतिम चरण की सीएलसी में विभाग को बेहतर प्रवेश मिल सकते हैं। ऐसे अनुमान लगाए जा रहे हैं कि सभी विवि ने स्नातक के अंतिम वर्ष के रिजल्ट जारी कर दिए हैं, जिससे एमबीए और एमसीए की सीटों पर प्रवेश बढ़ सकते हैं। वहीं एमपी बोर्ड की दूसरी परीक्षाओं के रिजल्ट भी जारी होने के साथ रुक जाना नहीं के भी रिजल्ट जारी हो गए हैं।

**आयोजन**

### स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अलग-अलग जिलों में ध्वजारोहण की दी जिम्मेदारी

# मुख्यमंत्री भोपाल में लेंगे 15 अगस्त को परेड की सलामी

**जागरण, भोपाल।** सरकार ने स्वतंत्रता दिवस पर मंत्रियों के लिए ध्वजारोहण करने जिलों का आवंटन कर दिया है। 15 अगस्त को 31 अलग-अलग जिलों में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और मंत्री ध्वजारोहण करेंगे। इसके अलावा बाकी जिलों में कलेक्टर द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संदेश पढ़ा जाएगा। इसके बाद स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सभी को अलग-अलग जिलों में ध्वजारोहण की जिम्मेदारी दी गई है। भोपाल में लाल परेड ग्राउंड के मुख्य कार्यक्रम में परेड की सलामी लेने के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ध्वजारोहण करेंगे। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा जबलपुर और राजेंद्र शुक्ला शहडोल में आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।



भोपाल में लाल परेड ग्राउंड पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियां चल रही हैं। छायाः एचसी वर्मा

#### इन जिलों में मंत्री करेंगे ध्वजारोहण

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सतना में, प्रहलाद पटेल भिंड में और कुंवर विजय शाह रतलाम में ध्वजारोहण करेंगे। इसके अलावा मंत्री राकेश सिंह नर्मदापुरम में, करण सिंह वर्मा मुरैना में, उदय प्रताप सिंह बालाघाट में, संपतिया उइके मंडला में, तुलसीराम सिलावट बुरहानपुर में, एदल सिंह कंषाना छतरपुर में, निर्मला भूरिया मंदसौर में, गोविंद सिंह राजपूत नरसिंहपुर में, विश्वास सारंग खरगोन में, नारायण सिंह कुशवाह ग्वालियर में, नागर सिंह चौहान अलीराजपुर में, प्रद्युम्न सिंह तोमर पांढुर्णा में, राकेश शुक्ला श्योपुर में, चेतन चौहान ध्वजारोहण करेंगे। राजगढ़ में कश्यप, दमोह में इंदर सिंह परमार, सीहोर में कृष्णा गौर, खंडवा में धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी, सीधी में दिलीप जयसवाल, बड़वानी में गौतम टेटवाल, मऊगंज में लाखन पटेल, रायसेन में नारायण सिंह पंवार, बैतूल में नरेंद्र शिवाजी पटेल, डिंडोरी में प्रतिमा बागरी, अनूपपुर में दिलीप अहिरवार, राधा सिंह मैहर में ध्वजारोहण करेंगे। बाकि जिलों में कलेक्टर ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री का संदेश पढ़ेंगे।

### तिरंगा यात्रा में सेना का नमन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेना के पराक्रम को नमन करने के लिये हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को सीएम ने यह बातें ग्वालियर में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल होने के उपरांत कही। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने इस बार पाकिस्तान में आतंकवादियों को मारने के साथ उनके विमान और अस्त्र-शस्त्र नष्ट करने का साहसिक काम किया है। इससे पहले सीएम खुले वाहन पर सवार होकर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

#### 25 अगस्त को पीएम करेंगे भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 अगस्त को मध्यप्रदेश आएंगे और धार जिले के बदनावर क्षेत्र में बनने वाले देश के पहले पीएम मित्रा पार्क का भूमिपूजन कर प्रदेश को विकास की एक और सौगात देंगे। उन्होंने कहा कि जहां देश के दूसरे राज्य पीएम मित्रा पार्क के लिए प्रारंभिक तैयारियां ही कर रहे हैं, वहीं मप्र में 25 अगस्त को इसका भूमिपूजन भी सम्पन्न होने जा रहा है। इस सौगात के लिए हमने केंद्र सरकार से निरन्तर समन्वय किया है। उन्होंने कहा कि पीएम मित्रा पार्क का निर्माण पूरा होने पर सम्पूर्ण मालवा क्षेत्र के विकास को नए पंख लगेंगे। धार जिले का यह क्षेत्र पीथमपुर की तरह अब दूसरा वृहद औद्योगिक केंद्र (इन्डस्ट्रियल हब) बनने जा रहा है।

## पैर दबवाने वाली महिला टीचर और प्रिंसिपल को डीईओ ने दिया नोटिस

**जागरण, भोपाल।** राजधानी के गांधीनगर स्थित शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में महिला शिक्षक द्वारा चौथी कक्षा के छात्र से पैर दबवाने का वीडियो रविवार को वायरल हुआ था। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी एनके अहिरवार ने संबंधित महिला शिक्षक अनीता श्रीवास्तव और स्कूल प्रिंसिपल एपी सिंह को नोटिस जारी किया है। मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है, जिसे तीन दिन में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल अनुशासन का नहीं, बल्कि शिक्षक-छात्र संबंधों की मर्यादा और सरकारी स्कूलों की छवि से भी जुड़ा है। स्कूल प्रिंसिपल एपी सिंह ने बताया कि घटना के समय वे किसी अन्य शासकीय कार्य में व्यस्त थे और सबूत वीडियो और जीपीएस लोकेशन के रूप में उन्होंने प्रस्तुत किया है। उनकी अनुपस्थिति में चार्ज हेड मास्टर आर.के. खीर के पास था। वहीं, महिला शिक्षक अनीता श्रीवास्तव ने अपनी सफाई में कहा कि गेट के पास टूटी हुई टाइल से बने गड्ढे में पैर मुड़ गया था, जिससे दर्द हो रहा था। एक छात्र ने प्रेमभाव से पैर दबाना शुरू किया, जिसे रोकना उन्होंने जरूरी नहीं समझा।



## लवकुशनगर में निकाली गई तिरंगा यात्रा




**लवकुशनगर** । हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत लोगो को जागरुक करने के लिये नगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई । तिरंगा यात्रा में अधिकारी कर्मचारी और स्कूली बच्चे शामिल रहे । तिरंगा यात्रा नगर परिषद कार्यालय से प्रारंभ हुई जिसमें एसडीएम राकेश शुक्ला, एसडीओपी नवीन दुबे, सीएमओ महादेव अवस्थी, टीआई अजय अम्बे सहित बीईओ आरडी चौरसिया शिक्षक और स्कूली बच्चे अपने हाथो में तिरंगा झण्डा लेकर निकले । तिरंगा यात्रा में बंदे मातरम, जय हिंद जय भारत के नारे गूँज रहे थे । तिरंगा यात्रा महोबा रोड होते हुये पुराने बस स्टेण्ड, छतरपुर रोड से पुरानी तहसील तक पहुंची इसके बाद पुनः वापस आई । तिरंगा यात्रा में उत्कृष्ट उ.मा.विद्यालय के बच्चे और नगर परिषद के कर्मचारी अधिकारी सहित नगर के गणमान्य नागरिक, समाज सेवी और विद्यार्थी परिषद, बजरंग दल सहित अन्य संगठनो के कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## भव्य तिरंगा बाइक रैली निकाली गई




**छतरपुर** । छतरपुर जिले में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में विभिन्न गतिविधियां की जा रही है। आम नागरिकों में देशभक्ति की भावना जागृत करने और 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों में तिरंगा फहराने का संदेश देने भव्य तिरंगा बाईक रैली का आयोजन किया गया। तिरंगा रैली में छतरपुर विधायक ललिता, नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, कलेक्टर पार्थ जैसवाल, एसपी अगम जैन, जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एसडीएम अखिल राठौर, सीएमओ माधुरी शर्मा सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। तिरंगा बाईक रैली का शुभारंभ शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 से अतिथियों द्वारा हरि झंडी दिखाकर किया गया था। तिरंगा रैली छत्रसाल चौराहा होते हुए चौक बाजार रोड से महल तिराहा होते हुए बड़ा तलाब से पुलिस लाईन और वापिस शास. उत्कृष्ट विद्यालय क्र.01 में समाप्त हुई।

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत भव्य तिरंगा यात्राएं, नर्मदा में नौका तिरंगा यात्रा बनी आकर्षण का केंद

**जागरण, मंडला।** प्रदेश कार्यालय के निर्देश पर भारतीय जनता पार्टी जिला मंडला द्वारा मंगलवार को हर घर तिरंगा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न ग्रामीण मंडलों में देशभक्ति का अद्भुत उत्साह देखने को मिला। सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा थामकर गाँव-गाँव, गली-गली और सड़कों पर राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। कार्यक्रम की सबसे खास कड़ी रही नर्मदा नदी में निकाली गई नौका तिरंगा यात्रा, जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं ने सजावट से सुसज्जित नौकाओं पर तिरंगा लहराते हुए स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को नमन किया। नौका यात्रा में देशभक्ति के गीत गूंजते रहे और किनारों पर खड़े लोगों ने तिरंगे को देखकर जयघोष किया। कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा ग्रामीण मंडल के द्वारा साल्हेडंडा से प्रारंभ होकर पौंडी होते हुए महाराजपुर तक निकली तिरंगा यात्रा में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए। वही चिरईडोंगरी मंडल के द्वारा जामगांव से चिरईडोंगरी तक ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाली गई। सजे-धजे ट्रैक्टरों पर तिरंगे लहराते हुए ग्रामीणों ने पूरे मार्ग को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।वही बम्हनी मंडल के द्वारा टिकरी टोला से बम्हनी बस स्टैंड तक पैदल और



वाहन रैली के रूप में तिरंगा यात्रा निकाली गई। राहगीरों और दुकानदारों ने यात्रा का स्वागत पुष्पवर्षा से किया।वही जिला इकाई के द्वारा संगम घाट में विशेष नौका तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें भाजपा जिला इकाई के कार्यकर्ता शामिल हुए और नर्मदा तट से तिरंगे को सलामी दी। अंजनिया मंडल के द्वारा भाजपा कार्यालय अंजनिया से मुख्य मार्ग होते हुए तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों का जोश देखने लायक था।

पूरे आयोजन में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के मार्गदर्शन और नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उईके विशेष रूप से मौजूद रहीं। उनके साथ भाजपा पदाधिकारी, ग्रामीण मंडलों के अध्यक्ष, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और सभी प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता शामिल हुए।

भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि हर घर तिरंगा केवल एक सरकारी अभियान नहीं, बल्कि यह भारत माता के सम्मान और हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन करने का प्रतीक है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम आने वाली पीढ़ियों में राष्ट्रभक्ति की भावना जगाने का संकल्प लेते हैं। कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने अपने संबोधन में कहा कि देश की स्वतंत्रता के 79 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिस उत्साह और एकता का परिचय दिया है, वह प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि यह हमारी पहचान, गर्व और त्याग का प्रतीक है। दिनभर जिले के अलग-अलग स्थानों से तिरंगा यात्राओं के दृश्य सोशल मीडिया पर भी वायरल होते रहे। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर कोई तिरंगे के सम्मान में खड़ा दिखाई दिया। मंडला जिला भाजपा ने यह संदेश दिया कि चाहे गाँव हो या शहर, भारत माता के सम्मान में हर दिल तिरंगे के साथ धड़कता है। कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित संजय कुशराम, अखिल सिहारे, आशीष झरिया, सुधीर कसार, महेंद्र पटेल, विजय आनंद मरावी, मीना हरदहा, बद्री नंदा, सूर्यकांत जंघेला, श्रीराम परते, शिवा रानू राजपूत, अनीता तिवारी, नीरज पटेल, विनय मिश्रा, जयदत्त झा, नरेश चंद्रोल, शिखा श्रीवास्तव, जोरावर सिंह, शेखर निखारे, टेकचंद पंद्रो, अभिनव सिहारे, अजीत सिंहानी, संतोष सोनी, धर्मराज परिहार, राजू, रानू, मदन, अभिषेक राय, सुशील मिश्रा, सुनील मिश्रा,नरेश सिंधिया, उत्कर्ष यादव, उमाकांत सिरोठिया, अरुण कटारे, सुरेश सोनी, श्रद्धा उइके, नितिन यादव, उमा यादव,प्रतिभा साहू, संध्या कांड्रा, राजेश दुबे, दिग्विजय, उमेश पटेल,तारेंद्र पटेल, अंकित ज्योतिषी, राम जी गायक, शानू दुबे, नीरज कांड्रा सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अस्पताल में घुसकर घायल को दी धमकी

**छतरपुर** । जिला अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में भर्ती एक घायल व्यक्ति को धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। बताया गया है कि जमीनी विवाद के चलते 4 दिन पहले हुई मारपीट में घायल व्यक्ति का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। मंगलवार को आरोपी पक्ष की ओर से आए एक व्यक्ति ने अस्पताल में घुसकर घायल को धमकी दी, जिसका वीडियो भी सामने आया है। नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम आमखेरा निवासी 31 वर्षीय सुरेश पुत्र हेमराज पटेल ने बताया कि विगत शुक्रवार को जमीनी विवाद को लेकर उसके परिवार के ही कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट की थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसी दिन से वह जिला अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में भर्ती है। सुरेश के मुताबिक मारपीट करने वाले आरोपियों के रिश्तेदार श्याम बिहारी पटेल ने उसे जिला अस्पताल में आकर धमकी दी है, जिसका उसने वीडियो बना लिया था। घायल सुरेश ने पुलिस-प्रशासन से उसे सुरक्षा मुहैया कराने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## थाना नौगांव पुलिस ने 12 पेटी 108 लीटर अवैध अंग्रेजी एवं देसी शराब की जब्त

**नौगांव** । थाना नौगांव पुलिस ने कांबिंग गश्त के दौरान ग्राम मानपुरा में संदेही के घर के एक कमरे से अवैध अंग्रेजी एवं देशी शराब 12 पेटी मात्रा करीब 108 लीटर कीमत करीब 52000 रुपए जप्त कर अपराध पंजीकृत किया था। अवैध संग्रह करने वाला आरोपी फरार था, तलाश की जा रही थी। पुलिस टीम ने अवैध शराब संग्रह करने वाले आरोपी कल्लू उर्फ उर्फ़ कपूर सिंह पिता चतुर सिंह ठाकुर निवासी ग्राम मानपुरा को गिरफ्तार किया, आरोपी कल्लू उर्फ कपूर सिंह अवैध शराब मारपीट जैसे पांच अपराधों में लिप्त है। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है, विवेचना कार्यवाही जारी है। उक्त कार्यवाही में एसडीओपी नौगांव श्री अमित मेश्राम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नौगांव निरीक्षक सतीश सिंह, उप निरीक्षक एसजे खान, गोविंद दास, हरदेव, अरविंद एवं पुलिस टीम की भूमिका रही है।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा की क्षति पूर्ति की प्रथम किस्त की राशि किसानों के बैंक खातों में जमा हुई

**छतरपुर** । प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत रबी 2024-25 एवं पिछले वर्षों मौसमों के फसल बीमा दावो की पहली किस्त डी.बी.टी से पात्र किसानो के बैंक खातों में अंतरित की गई। यह राशि केन्द्रीय कृषि मंत्री भारत सरकार शिवराज सिंह चौहान द्वारा जिला झुझुनू राजस्थान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अंतरित की गई। जिसमें कई राज्यों के फसल बीमा दावो के किसानो की राशि शामिल है। इस कार्यक्रम का छतरपुर जिले में सीधा लाइव प्रसारण कलेक्टर कार्यालय में स्थित एन.आई.सी. कक्ष में रखा गया। जिससे उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास छतरपुर एव डा. अनिल कुमार मिश्रा डा. रवीश कुमार सिंह सहायक संचालक एवं बरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एव लाभान्वित होने वाले किसान तथा फसल बीमा कंपनी के मैदानी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उप संचालक कृषि कल्याण तथा कृषि विकास के.के. वैध ने बताया कि उपरोक्त समारोह में छतरपुर जिले के फसल बीमा में लाभान्वित होने वाले 14 हजार 117 किसान शामिल हैं। रबी मौसम 2023-24 के 11340 किसानों को फसल बीमा दावा राशि 9511886.47 रुपए एवं 2024-25 के 1743 किसानों को 1639811.33 रुपए और खरीफ मौसम 2024 में 1034 किसानों को फसल बीमा दावा राशि 4982404.93 रुपए अंतरित की गई है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में बिजावर में जनसुनवाई सम्पन्न

### कलेक्टर ने विभिन्न विभागों से संबंधित 169 आवेदनों पर सुनवाई कर निराकरण के निर्देश दिए

**जागरण, बिजावर** । कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में 12 अगस्त 2025 मंगलवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन जनपद पंचायत सभाकक्ष बिजावर में किया गया। जिला प्रशासन का यह नवाचार आमजन की सुविधा के दृष्टिगत शुरू किया गया है। इस नवाचार से लोग उत्साहित और खुश नजर आए। बिजावर में कलेक्टर श्री जैसवाल ने जनसुनवाई में 169 शिकायती आवेदनों की सुनवाई की और जिला अधिकारियों को प्राप्त शिकायती आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, एसडीएम विजय द्विवेदी सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में आवेदक सीताराम लोधी निवासी ग्राम लुहारी तह. पटेरा जिला दमोह का विवाह द्रोपती लोधी निवासी सुनवाहा तह. बक्सवाहा के साथ 15 दिसम्बर 2024 को हुआ था। जो विवाह रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र बनाए जाने की शिकायत लेकर आए थे, जिसका कलेक्टर ने मौके पर ही प्रमाण पत्र बनवाकर दिया। साथ ही आवेदक हीरालाल विश्वकर्मा पिता धर्मदास विश्वकर्मा निवासी ग्राम महुआ झाला तह. बिजावर को कानों से सुनाई नहीं देता था, जिसके लिए कलेक्टर ने निःशक्तजन होने पर पंचायत ग्रामीण विकास विभाग द्वारा एडिप योजना के तहत श्रवण यंत्र ईयर ऐड समक्ष में दिया। जनसुनवाई में राजस्व विभाग से संबंधित 131 आवेदन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 08, नगरीय निकाय के 07, शिक्षा विभाग की 09, स्वास्थ्य विभाग की 03, सामाजिक न्याय विभाग की 02, एवं ऊर्जा विभाग, बैंक, कृषि विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, जिला पंजीयक, बीआरसीसी, उपपंजीयक सहकारी समिति, जल संसाधन विभाग एवं पीएचई विभागों की 01-01 शिकायती आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनों का अवलोकन कर कलेक्टर ने अधिकारियों को प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। अगले मंगलवार 19 अगस्त को बड़ामलहरा में जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा।

## वोटर वेरिफिकेशन और चुनाव में वोट चोरी के आरोप पर विपक्ष नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में मंडला कांग्रेस ने किया पुतला दहन





**जागरण, मंडला** । केन्द्र सरकार के इशारे पर जिस तरह निर्वाचन आयोग मतदाता सूची में गड़बड़ी कर देश के लोकतंत्र को तार-तार कर रहा है, यह बहुत ही निंदनीय कृत्य है, एक तो चोरी, उपर से सीना जोरी वाला काम किया जा रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा अपने जवाब में यह कहा है कि लिस्ट से हटाए गए नामों की सूची बनाने या वजह बताने की बाध्यता नहीं है, यह कोई गोपनीय दस्तावेज नही है, धारा 4(2) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह धारा सार्वजनिक प्राधिकरणों को अपनी जानकारी को सक्रिय रूप से प्रकाशित करने और जनता को उपलब्ध कराने के लिए बाध्य करती है और चुनाव आयोग सार्वजनिक प्राधिकरण है फिर कौन से डर के कारण आयोग जानकारी छिपा रहा है।केन्द्र सरकार और निर्वाचन आयोग की वोट चोरी के विरोध में नेता विपक्ष राहुल गांधी सहित मल्लिकार्जुन खड़गे, श्रीमती प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव, सहित विपक्षी सांसदो को शांतिपूर्ण पैदल मार्च निकालने पर पुलिस द्वारा बलपूर्वक रोका गया, उन्हें गिरफ्तार कर थाने ले जाया गया, जिसके विरोध में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एड राकेश तिवारी के नेतृत्व में नेहरू स्मारक के सामने केन्द्र सरकार एवं निर्वाचन आयोग का पुतला दहन किया गया, पुतला दहन करते समय वोट चोरो-गद्दी छोड़ो के नारे लगाए गए।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मंडला के वरिष्ठ पदाधिकारी गण,महिला कांग्रेस, आदिवासी महिला कांग्रेस, पूर्व विधायक,पार्षदगण,एवं सभी मोर्चा संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## तिरंगा बाइक रैली में शामिल हुई मंत्री श्रीमती उइके



**जागरण, मंडला** । हर घर तिरंगा अभियान 2025 के तहत ग्राम पंचायत साल्हेडंडा में भव्य तिरंगा बाईक रैली का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीणों ने भाग लिया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके की विशेष मौजूदगी में यह तिरंगा बाईक रैली निकाली गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती उइके ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में यह अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य राष्ट्रीय नागरिकों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, एकता और सामुदायिक सौहार्द की भावना को प्रबल करना है। यह आयोजन स्वतंत्रता दिवस तक जारी रहेंगे। आप सभी आज इतनी बड़ी तादाद में आकर तिरंगा यात्रा में शामिल हुए हैं। आप आन-बान और शान से अपने घरों पर तिरंगा लहरायें। राष्ट्रीय ध्वज के प्रति अपना समर्पण भाव रखें। पूरी गरिमा के साथ तिरंगा फहराए। ग्राम साल्हेडंडा से निकली यह तिरंगा बाईक रैली अहमदपुर, घाघा, महाराजपुर पौंड़ी पहुंची। यात्रा का लोगों ने स्वागत भी किया। इस दौरान लोगों में गजब का उत्साह था। बरसते पानी के बीच भी लोगों का जज़्बा बढ़ता ही गया। राष्ट्रीय ध्वज लहराते वाहनों का काफिला, देशभक्ति के गीत और झण्डे को थामे निकले। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्री जोरावर सिंह, श्रीमती अनीता तिवारी, जनपद पंचायत सदस्य श्री अजीत सिहानी, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सरपंच, पंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

## जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक की समीक्षा



**जागरण, डिंडोरी** । कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक। वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत लंबित वन अधिकार पत्र के दावों, नवीन आवेदन, संशोधन, नवीन प्रकरणों एवं ग्राम स्तरीय समिति, पटवारी, बीट गार्ड, सचिव के द्वारा प्रकरण तैयार कर ऑनलाइन अपलोड पर विस्तृत चर्चा एवं वन मित्र एप्प पर किए गए अपलोड हितग्राहियों के आवेदनों का परीक्षण कर जांच की गई। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने बैठक के दौरान जिला स्तरीय वन अधिकार समिति के सदस्यों की उपस्थिति में विकासखंड वार वन अधिकार पत्र की व्यक्तिगत दावों की संख्या, वन ग्राम अधिकार समिति के पास लंबित दावे, उपखंड स्तरीय समिति के पास लंबित दावे, जिला स्तरीय समिति के लंबित दावों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को समयसीमा के अंदर पात्र हितग्राही किसान के प्राप्त आवेदन पर कार्यवाही करते हुए एमपी वन मित्र पोंटल में दर्ज करने के निर्देश दिए ताकि किसानों को वन अधिकार पत्र दिया जा सके। ग्राम पंचायत स्तर पर लंबित 810 एवं उपखंड स्तर पर 71 दावों पर विस्तृत चर्चा करते हुए पूर्ण कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले स्तर पर प्रस्तुत किए गए 20 आवेदनों को पुनः परीक्षण हेतु उपखण्ड स्तरीय समिति (एसडीएम) को वापस करने के निर्देश दिए और आवेदनों को पूर्ण कर पुनः प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग श्री राजेन्द्र कुमार जाटव , वन विभाग रेन्जर श्री मिथुन कुमार, क्षेत्र संयोजक श्रीमती श्वेता अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य श्री पीतम सिंह मरावी, समस्त जनपद सीईओ, सचिव, वन विभाग के स्टॉफ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## थाना शहपुरा पुलिस एवं महाविद्यालय परिवार ने निकाली भव्य हर घर तिरंगा पदयात्रा रैली

**जागरण, डिंडोरी** । आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत थाना शहपुरा पुलिस टीम ने शहपुरा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर एक भव्य तिरंगा पदयात्रा रैली का आयोजन किया रैली की शुरुआत महाविद्यालय परिसर से हुई, जहाँ उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। पदयात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए नगर के बस स्टैंड तक पहुँची, जहाँ इसका समापन हुआ।कार्यक्रम में थाना प्रभारी शहपुरा सहित पुलिस टीम, महाविद्यालय के प्राचार्य, सभी शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। इस दौरान वंदे मातरम् भारत माता की जय के जयघोष से पूरा नगर गूंज उठा। थाना प्रभारी शहपुरा अनुराग जामदार ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं गर्व की भावना को जागृत करना है, साथ ही उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अपने-अपने घरों पर तिरंगा अवश्य फहराएँ।



## पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**जागरण, पन्ना** । हर घर तिरंगा एवं हर घर स्वच्छता अभियान के तहत मंगलवार को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वच्छ एवं सुजल गांव की अवधारणा (स्वच्छता और जल सुरक्षा) एवं स्वतंत्रता की भावना की थीम पर यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसका उद्देश्य प्रधानमंत्री की प्रभावी वाश वाटर, सेनीटाईजेशन एवं हाइजीन की संकल्पना को आगे बढ़ाना रहा, जिससे सतत स्वच्छता, सुरक्षित जल आपूर्ति और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वच्छता को सुनिश्चित किया जा सके। संस्था प्राचार्य अरविन्द कुमार त्रिपाठी ने बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया तथा स्वच्छता की संकल्पना को अपने मनोभावों के साथ ड्राइंग शीट पर उकेरा। विद्यार्थियों का यह प्रयास निश्चित ही सराहनीय है और वे इस कदम को अपने निवास क्षेत्रों में जागरूकता के साथ आगे बढ़ाने को सतत प्रयत्नशील रहेंगे। कार्यक्रम समन्वयक अंशुमान रेले एवं पूजा ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. प्रथा राजे परमार, द्वितीय स्थान कु. सविता प्रजापति तथा तृतीय स्थान अमन कुशवाहा ने प्राप्त किया। कु. शायना खातून द्वारा बनाए गए चित्र को विशेष रूप से अनेकता में एकता दर्शाने पर सराहना की गई। अभियान के तहत स्वच्छता जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किया जाएगा।


**नाम सुधार सूचना**

मै घोषणा करती हूँ कि पूर्व मे मेरा नाम जो शैक्षणिक दस्तावेज मैं SIMMY SAWLANI था। जिसे मैं बदल कर अब अपना नया नाम SIMMI SAWLANI कर ली हूं कृपया अब से मुझे नये नाम SIMMI SAWLANI D/O RAJKUMAR SAWLANI के नाम जाना एवं पहचाना एवं संबोधित किया जाय एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाय तथा मेरे निवास का पता. HOUSE NUMBER 01 UKHARI ROAD OPP YANG BALD PRES, SHITAL PURI COLONY BALDEVBAGH, JABALPUR, DISTT JABALPUR (M.P.) है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ (म.प्र.)**

Email-cmoTikamgarh@mpurban.gov.in Phone-07683-245323

क्रमांक/4598/न.पा./विधुत/2025 टीकमगढ, दिनांक 05/08/2025

**ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत 'अ' श्रेणी विधुत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण http://mplenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं (EMD) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_442836_1 11-08-2025 को सायं 05:00 बजे से | वार्ड नं. 20 में विभिन्न स्थानों पर विधुत लाईन वयवस्थित एवं पोल लगाये जाने का कार्य। | 3 माह 682971.00 | 2000 6829 | 28.08.2025 को सायं 05:30 बजे तक |

1. मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय का पत्र क्रं./एफ.237/2024/18-2 भोपाल दिनांक 09.09.2024 प्रभावशील रहेगा जो कि निविदा एवं अनुबंध का भाग है।

**नोट:**-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट पर ही किया जायेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
नगर पालिका परिषद टीकमगढ
जिला टीकमगढ़ (म.प्र)

जवाहरलाल स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान
**JAWAHARLAL INSTITUTE OF POSTGRADUATE MEDICAL EDUCATION & RESEARCH**
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
(An Institution of National Importance under Ministry of Health & Family welfare)
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
धन्वंतरि नगर, पुदुच्चेरी / Dhanvantari Nagar, Puducherry- 605 006
ईमेल / Email: facrectt2024@jipmer.ac.in
दूरभाष / Phone: 0413-2296025

No. JIP/Admn.4(FW)/Rectt./2025 Dated: 13.08.2025

**REVISED-NOTIFICATION**
**Recruitment of faculty posts on regular basis**
**Ref:** 1. JIP/Admn.4(FW)/1(14)/Rectt./2024 dt. 16.10.2024
2. JIP/Admn.4(FW)/1(14)/Rectt./2024-II dt. 18.05.2025

**Applications** are invited from eligible applicants for the posts of **Professor** and **Assistant Professor on regular basis** as under.

The applicants who had applied earlier in response to the advertisement notifications cited at reference (1) and (2) ***need not apply again.*** However, ***he/she must update his/her online application submitted earlier*** and must send the soft copy and hard copy of the updated application as per the details mentioned in the detailed advertisement on the institute's website.

| JIPMER campus | Number of vacancies | | Total |
|---|---|---|---|
| | Professor (Level-14A) | Assistant Professor (Level-12) | |
| Puducherry | 33 | 42 | 75 |
| Karaikal | 03 | 20 | 23 |
| Total | 36 | 62 | 98 |

**Link to APPLY ONLINE will be live from 29/08/2025.** The **last date** for submission of online application is **18/09/2025,** Thursday by 4:30 PM. For further details, refer to the institute's website https://www.jipmer.edu.in

**DIRECTOR**

# महेंद्रबाग मत्स्य बीज प्रक्षेत्र पर रिटायर्ड अधिकारी ने किया कब्जा



## बाउंड्रीबाल तोड़कर बनाई पार्किंग, और बगीचा

**जागरण, टीकमगढ़।** जिस विभाग में लंबे समय तक सेवाएं दी और उससे तनख्वाह ली, उस विभाग को कुछ रिटायर्ड अधिकारी-कर्मचारी अपनी जागीर समझने लगते है। और रिटायर्ड होने के बाद विभाग की समपत्ति पर अपना अधिकार समझने लगते है। ऐसा ही नजारा टीकमगढ़ मछली पालन विभाग के महेंद्र बाग स्थित मत्स्य बीज प्रक्षेत्र पर देखने को मिला है, जंहा की बाउंड्रीबाल को तोड़कर सेवानिवृत्त सहायक मत्स्य अधिकारी आर.के.मिश्रा के द्वारा बाउंड्री बाल तोड़कर गेट लगा लिया है, क्योंकि बाउंड्रीबाल से सटा हुआ आर.के.मिश्रा का मकान है, जिसपर उन्होंने बाउंड्री बॉल तोड़कर गेट लगाकर अंदर बगीचा बनाया गया है, वही शासकीय महेंद्र बाग की बाउंड्रीबॉल के अंदर ही वाहन पार्किंग बनाये हुए है। और आये दिन वंहा से उनके घर अन्य लोगो का आना जाना बना रहता है। जिससे शासकीय संपत्ति को बड़ा नुकसान होने की संभावना बनी हुई है।

## चौकीदारों में बोलने की नहीं है हिम्मत, रहती है दहशत

बानपुर रोड स्थित महेंद्र बाग के मत्स्य बीज प्रक्षेत्र में कार्यरत चौकीदार और मजदूरों में भय बना रहता है कि कही अगर उन्होंने कोई शिकायत की तो उनके साथ कोई भी हादसा हो सकता है। जब पत्रकारों की टीम महेंद्र बाग मत्स्य बीज प्रक्षेत्र पहुंची तो वंहा मौजूद चौकीदार मछली के बीजो को पानी सप्लाई और दाना खिलाते नजर आए और जब उनसे बाउंड्रीबाल तोड़ने के बारे में जानकारी ली तो वह घबराए से नजर आये और कहा कि हम छोटे मजदूर कर्मचारी है साहब, हम लोग मुँह नही खोल सकते। वह पैसे बाले लोग है और हम छोटे कर्मचारी। जिसके बाद मत्स्य बीज प्रक्षेत्र के प्रभारी इंस्पेक्टर पंकज मौर्य से बात की तो उन्होंने बताया कि विभाग के द्वारा शिकायत की गई है लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई है।

## गेट बंद करने गई टीम को गाली-गलौज कर भगाया

जब इस संबंध में जिला मत्स्य प्रक्षेत्र अधिकारी मेघा गुप्ता से बात की तो उन्होंने बताया की वह वह रिटायर्ड होने के पहले से यंहा कब्जा किये हुए थे, जिस पर कुछ कमरों में उनके परिवार और कुछ कमरों में उन्होंने निवास स्थान बनाया था, जिससे विभाग का सामान बाहर डला रहता था, वह जैसे-तैसे करके खाली करवाया गया है तो उन्होंने बाउंड्री बाल को तोड़कर गेट लगा लिया है और बगीचा सहित पार्किंग बनाई गई है। कई बार इस मामले को लेकर उनको हिदायत दी गई लेकिन वह मानने को तैयार नही है। अभी करीब एक माह पहले जब लेबर लेकर उस गेट को बंद करवाया जा रहा था, तो उनके द्वार लेबर के साथ और वंहा मौजूद स्टाफ के साथ गाली-गलौज कर भगा दिया गया था, जिसकी विभागीय पत्राचार कर शिकायत की गई है। लेकिन इस मामले में अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई है। उसके बाद से लागतार विभाग में झूठी शिकायतें और आरटीआई लगाकर परेशान किया जा रहा है।

# रोड पर बुखार से तड़प रहे बच्चे को पहुंचाया हॉस्पिटल

**जागरण, टीकमगढ़।** सोमबार रात करीब 10 बजे एक व्यक्ति ने पत्रकार मोहसिन अहमद को कॉल लगाया की झिरकी बगिया के गेट के पास रोड पर एक महिला अपने बच्चों के साथ खुले आसमान में लेटी है, और उस व्यक्ति ने उसके पास जाकर जानकारी ली तो उसने बताया मैं उत्तर प्रदेश की रहने वाली हूं। मेरा यहां कोई नहीं है, और मेरे बेटे को बहुत तेज बुखार है। यह सब जानकारी उस व्यक्ति ने पत्रकार मोहसिन अहमद को दी और मोहसिन अहमद ने वीडियो कॉल के माध्यम से जानकारी सही पाई, फिर मोहसिन अहमद ने यह जानकारी पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई को डाली उन्होंने यह जानकारी एसडीओपी राहुल कटरे को दी उन्होंने तत्काल सूचना टीकमगढ़ कोतवाली टीआई उपेंद्र छारी को दी। उन्होंने कोतवाली पुलिस को पत्रकार मोहसिन अहमद के साथ भेजा और मोके पर जाकर महिला के बच्चे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पत्रकार मोहसिन अहमद और कोतवाली पुलिस 11 बजे तक जिला अस्पताल में उनके साथ रहे बच्चे का इलाज शुरू करा कर डॉक्टरों से त्वरित उपचार की बात कही, जिस पर डॉक्टरों ने बच्चे को तत्काल उपचार शुरू कर दिया सुबह जब यह टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को लगी तो महिला और उसके बच्चे की मदद के लिए टीकमगढ़ नगर पालिका सीएमओ को कॉल करके उसकी हर संभव मदद के लिए कहा महिला और उसके बच्चे की जो मदद हो सके वह की जाए सी एम ओ ओमपाल भदोरिया ने बताया है रेन बसेरा में भी रह सकती है और वृद्ध आश्रम में भी उसको रखा जा सकता है वहां से उसके बच्चे का एडमिशन करा दिया जाएगा और महिला को भी वृक्षों को पानी देने के लिए भी रख लिया जाएगा और वही उसे खाना पीना भी दिया जाएगा लेकिन महिला का कहना है वह रेन बसेरा में चली जाएगी।



## छत्रसाल स्टेडियम से 13 अगस्त को निकाली जाएगी तिरंगा रैली

**जागरण, पन्ना।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत बुधवार, 13 अगस्त को सुबह 10 बजे छत्रसाल स्टेडियम से तिरंगा रैली निकाली जाएगी। खिलाड़ियों की यह रैली कोतवाली चौक, गांधी चौक से होते हुए वापस छत्रसाल स्टेडियम में समाप्त होगी। इस अवसर पर उपस्थितजनों को तिरंगा फहराने, स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सपूतों की भावना का सम्मान करने तथा देश के विकास और प्रगति के प्रति स्वयं को समर्पित करने की शपथ भी दिलाई जाएगी।

# शिक्षा के लिए दूरी नहीं बने बाधा : राकेश गिरी

## पूर्व विधायक राकेश गिरी ने छात्राओं को बांटी साइकिलें

**जागरण, टीकमगढ़।** मध्य प्रदेश शासन की साइकिल वितरण योजना के तहत ग्राम पंचायत नयाखेरा में मंगलवार को छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक राकेश गिरी, जनपद उपाध्यक्ष ललित अहिरवार, सरपंच भूपेंद्र यादव, श्याम यादव, राकेश लोधी एवं देवेंद्र लोधी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व विधायक राकेश गिरी ने सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ की। इसके बाद विद्यालय के शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक ने अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत एवं सम्मान किया।

अब छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के लिए नही आएगी कठिनाई- राकेश गिरी

कार्यक्रम में संबोधन के दौरान पूर्व विधायक राकेश गिरी ने कहा की शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है, और दूरी कभी भी पढ़ाई में रुकावट नहीं बननी चाहिए। शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का उद्देश्य यही है कि किसी भी छात्र या छात्रा को पढ़ाई के लिए कठिनाई का सामना न करना पड़े। साइकिल वितरण भी उसी दिशा में एक कदम है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राएं सुरक्षित और समय पर विद्यालय पहुंच सकें। उन्होंने आगे कहा कि शासन द्वारा चलाई जा रही सभी शैक्षणिक योजनाओं का लाभ बच्चों तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। साइकिल मिलने से न केवल छात्राओं की आवाजाही आसान होगी, बल्कि उनकी पढ़ाई में निरंतरता भी बनी रहेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों ने विद्यालय की छात्राओं को साइकिलें वितरित कीं। इस अवसर पर ग्रामवासी, विद्यालय के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## किश्त का वितरण 14 को

**जागरण, पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार, 14 अगस्त को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना वर्ष 2025-26 की द्वितीय किश्त का वितरण करेंगे। योजना में प्रतिवर्ष कुल 6 हजार रूपए की राशि पात्र किसानों को तीन समान किश्तों में प्रदान की जाती है। जिला कलेक्टर द्वारा जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को दिए हैं। साथ ही कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने सहित स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम के प्रसारण, ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम प्रसारण व्यवस्था इत्यादि के संबंध में भी निर्देशित किया गया है।

# हर घर तिरंगा और स्वच्छता का संदेश, नगर पालिका ने दिलाई ध्वज संहिता की शपथ

## ध्वज संहिता के पालन की दिलाई शपथ, 15 अगस्त पर हर घर तिरंगा फहराने का संकल्प

**जागरण, टीकमगढ़।** टीकमगढ़। शासन के निर्देश एवं कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के आदेश के तहत मंगलवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता-स्वतंत्रता का उत्सव' और 'स्वच्छता के संग अभियान' के तहत यह आयोजन मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई, जिसके बाद सीएमओ भदौरिया ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, नगर पालिका के अधिकारियों-कर्मचारियों और नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, सही उपयोग और ध्वज संहिता के पालन की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि ध्वज केवल कपड़े का टुकड़ा नहीं, बल्कि यह हमारे देश की आज़ादी, त्याग और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर प्रत्येक घर, कार्यालय और संस्थान पर तिरंगा अवश्य फहराएं।



## नपा सीएमओ ने की अपील

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने शहरवासियों से यह भी अपील की कि वे न केवल ध्वज फहराने में भाग लें, बल्कि स्वच्छता अभियान को भी अपनी जिम्मेदारी मानें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल नगर पालिका की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने सभी को अपने आस-पास के क्षेत्रों को साफ रखने, कचरा निर्धारित स्थान पर डालने और प्लास्टिक का उपयोग कम करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका परिषद के समस्त अधिकारी-कर्मचारी, वार्ड पार्षद, सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने और शहर को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।

# जिला पंचायत में कार्यशाला का हुआ आयोजन

## उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों को किया गया सम्मानित

## पंचायत विकास सूचकांक से किया जाएगा पंचायतों का मूल्यांकन

**जागरण, पन्ना।** जिला पंचायत पन्ना के सभागार में मंगलवार को पंचायत उन्नति सूचकांक 1.0 की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव सहित जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अतिरिक्त सीईओ अशोक कुमार चतुर्वेदी, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार भी उपस्थित रहे। इस दौरान पीएआई 1.0 का विमोचन किया गया। पन्ना जिले में इस पंचायत विकास सूचकांक में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली पन्ना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत रक्सेहा को बतौर प्रथम पुरस्कार 11 हजार रुपए एवं ग्राम पंचायत बिलखुरा को बतौर द्वितीय पुरस्कार 7100 रुपए तथा शाहनगर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मैन्हा को तृतीय पुरस्कार के रूप में 5100 रुपए प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त सात ग्राम पंचायतों क्रमशः पिपरिया कला, रूपझिर, बीहरसरबरिया, भसूड़ा, जमुनहाई, बाराकरगेका एवं बरियारपुर कुर्मियान को 2100-2100 रुपए की राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही अन्य 10 चयनित ग्राम पंचायत भिलसांय, मुरकुछु, हरदुआ रावजू, मलघन, बिसानी, देवरी, ककरा, झांझर, लोढ़ापुरवा एवं पहाड़ीखेरा को भी प्रशस्ति पत्र, श्रीफल एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया।



जिला पंचायत सभागार में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा की गई। अध्यक्ष ने पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र का वितरण किया। कार्यक्रम का समन्वय जिला परियोजना प्रबंधक ने किया तथा पंचायत उन्नति सूचकांक के मास्टर ट्रेनर ई.टी.सी. लवली मिश्रा के द्वारा पीएआई 1.0 का विमोचन एवं प्रचार-प्रसार कर पंचायत उन्नति सूचकांक के वेबसाइट में प्रविष्टि करने के बारे में बताया गया एवं अन्य जानकारियां ग्राम पंचायत सचिव, सरपंच, जिला व जनपद अधिकारियों एवं जिला पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी के समक्ष प्रदर्शित किया गया। ईटीसी नौगांव छतरपुर के ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण संपन्न कराया गया एवं भविष्य में अच्छा और बेहतर कार्य करने के लिए पंचायत उन्नति सूचकांक के आधार पर वर्ष 2023-24 में अव्वल श्रेणी में आने के लिए सभी को प्रेरित किया गया। भविष्य में इसी पोर्टल के आधार पर पंचायत के विकास का मूल्यांकन किया जाएगा। जिसमें सरकार के लाइन विभागों की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी। कार्यशाला में जानकारी दी गई कि डेटा की विसंगति को दूर करने के लिए भारत सरकार ने इस पोर्टल के माध्यम से जमीनी स्तर पर विकास के मूल्यांकन को सुनिश्चित करने के लिए एक नई पहल शुरू की है। इससे ग्राम पंचायत के विकास को राष्ट्रीय स्तर पर एक डैश बोर्ड पर देखा जा सकेगा। कार्यशाला में अन्य जनप्रतिनिधियों सहित लाइन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के जिला कार्यक्रम प्रबंधक रविकांत चतुर्वेदी, जिला समन्वयक मुकेश त्रिपाठी, कम्प्यूटर ऑपरेटर रवि कुमार सेन एवं जनपद की टीम भी उपस्थित रही।

# भाजपा के जिला पर्यवेक्षक शैलेंद्र बरुआ आज पन्ना में कार्यकर्ताओं की लेंगे बैठक

## पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों से करेंगे राय शुमारी

**जागरण, पन्ना।** भाजपा की संभावित जिला कार्यकारिणी एवं विभिन्न शासकीय समितियां, एल्डरमैन, महाविद्यालय की जनभागीदारी समितियों के संबंध में पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ नेताओं से चर्चा कर राय शुमारी करेंगे एवं बंद लिफाफा भोपाल प्रदेश संगठन को सौपेंगे मध्य प्रदेश के कद्दावर नेता पाठय पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष पूर्व संभागीय संगठन मंत्री, वर्तमान प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं भाजपा प्रदेश संगठन द्वारा नियुक्त किए गए पन्ना जिले के पर्यवेक्षक शैलेंद्र बरुआ अपने एकदिवसीय प्रवास पर दिनांक 13 अगस्त 2025 को पन्ना सुबह 9:30 बजे पहुंचेंगे। पन्ना पहुंचकर वह भाजपा जिले के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे इस दौरे में वह भाजपा की संभावित जिला कार्यकारिणी, जिले में विभिन्न शासकीय समितियां, एल्डरमैन महाविद्यालय की जन भागीदारी समितियों के संबंध में पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ नेताओं से चर्चा कर राय शुमारी करेंगे। भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल नियुक्त होने के साथ नए-नए प्रयोग किए जा रहे हैं पूरे प्रदेश भर के सभी भाजपा कार्यकर्ता सक्रिय हो समन्वय के साथ जिला संगठन बने किसी व्यक्ति विशेष या जिला अध्यक्ष की मोनोपोली ना रहे इस दृष्टिकोण से पूरे प्रदेश भर में भाजपा अपनी कार्यशैली के अनुरूप समन्वय, संपर्क और संवाद के साथ निष्ठावान और जमीनी कार्यकर्ताओं को जोड़ने के साथ जिला संगठन में बनने वाले पदाधिकारी शासकीय समितियों में होने वाली नियुक्तियों के संबंध में यह प्रयोग कर रही है। बीजेपी संगठन के सूत्रों से प्राप्त हुई जानकारी के अनुसार भाजपा संगठन के मजबूत स्तंभ श्री शैलेंद्र बरुआ जी पन्ना जिले के पर्यवेक्षक बनाए जाने से भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। पन्ना जिले में कार्यकर्ताओं की उपेक्षा जो पूर्व से लगातार हो रही है, पर्यवेक्षक बरुआ जी के बनाए जाने से उनमें उम्मीद की किरण जागी है। संगठन में बेहतर कार्य होगा और भाजपा को मजबूती प्रदान होगी। ज्ञात हो की कद्दावर नेता शैलेंद्र बरुआ जी संगठन के मजबूत स्तंभ माने जाते हैं और उनके कार्यकाल में संगठन को मजबूती प्रदान हुई है। वर्तमान में पन्ना जिले के कई भाजपा के वरिष्ठ नेता उपेक्षा के शिकार है, निश्चित रूप से उनको महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्राप्त हो सकती है।



# युवती का आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी देकर बलात्संग करने वाले आरोपी को भेजा जेल

**जागरण, पन्ना।** पुलिस द्वारा देवेन्द्रनगर थाना क्षेत्र में घटित गंभीर प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। फरियादिया द्वारा थाना देवेन्द्रनगर में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि सतना निवासी आरोपी ने वीडियो कॉल के दौरान उसकी आपत्तिजनक स्थिति में स्क्रीन रिकॉर्डिंग कर ली थी। इसके बाद आरोपी ने उक्त वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर फरियादिया को ब्लैकमेल किया और उसके साथ बलात्कार किया। फरियादिया की शिकायत पर थाना देवेन्द्रनगर में बलात्कार का अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित की गई। उक्त टीम द्वारा आरोपी की लगातार तलाश एवं पतारसी की गई, मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया, तथा तकनीकी विश्लेषण और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के ठिकानों पर दबिश दी गई। निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप पुलिस टीम ने आरोपी को रैगांव थाना सिमरिया से गिरफ्तार किया और माननीय न्यायालय में पेश किया, जहाँ से जेल वारंट प्राप्त होने पर उसे जेल दाखिल किया गया। सराहनीय योगदान :: उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरी. रामआसरे सोनकर, स.उ.नि. शिशिर मण्डल, प्र.आर. अशोक, भूपेन्द्र, आनंद, कमलेश, आर हरदेव, रोशनी, अंकित, अमित, रोहित चालक आर. पुष्पेंद्र एवं सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने निकाली तिरंगा रैली

**जागरण, पन्ना।** शासकीय कन्या महाविद्यालय पन्ना की छात्राओं द्वारा 15 अगस्त तक संचालित होने वाले हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज शहर में तिरंगा रैली निकाली गई। इस दौरान देश प्रेम की भावना विकसित करने और तिरंगे के प्रति सम्मान सहित संस्था परिसर को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. गिरिजेश शाक्य के मार्गदर्शन में महाविद्यालय की छात्राओं एवं स्टॉफ के द्वारा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं से अभियान को सफल बनाने के लिए सहभागी, परिवारजनों एवं अन्य लोगों को प्रेरित कर अभियान में सहभागी बनाने का आह्वान भी किया गया। छात्राओं ने तिरंगा झंडा सेल्फी भी ली और हर घर तिरंगा की वेबसाइट पर अपलोड की। कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विद्यार्थियों की भी स्वच्छता अभियान संचालित करने के लिए भी प्रेरित किया। प्राचार्य ने तिरंगा अभियान को देश प्रेम और राष्ट्र भक्ति का प्रतीक बताया। छात्राओं ने सामूहिक रूप से महाविद्यालय परिसर में खरपतवार एवं अनावश्यक वनस्पतियों को भी हटाया। इसमें ग्रंथपाल नरेश कुमार पटेल, डॉ. राजेश कुमार पाठक, डॉ. फरीद अहमद सौदागर, विवेक कुमार मिश्रा, रजिया शाह एवं समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी सहभागिता निभाई।



# 09 वर्षो से फरार स्थायी वारन्टी को देवेन्द्रनगर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जागरण, पन्ना।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदय के द्वारा जारी थाना देवेन्द्रनगर के प्रकरण क्रमांक 172/16, धारा 138 ता.हि. में फरार स्थायी वारन्टी बलराम पटेल पिता जमुना प्रसाद पटेल, निवासी बलराम ट्रेडर्स, हरदुवाई रोड, गुनौर जो लगभग 09 वर्षों से फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के काफी प्रयास किए गए किन्तु आज दिनांक तक कोई पता नही चला। आज दिनाँक 12 अगस्त 2025 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि वारन्टी बलराम पटेल पिता जमुना प्रसाद पटेल सामान लेने के लिए बाजार आया हुए है, तत्काल पुलिस टीम द्वारा घेराबन्दी कर पकड़ा, वारन्टी का नाम पता पूँछने पर अपना नाम बलराम पटेल पिता जमुना प्रसाद पटेल, निवासी बलराम ट्रेडर्स, हरदुवाई रोड गुनौर का बताया। आरोपी को हरदुवाई रोड गुनौर से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना साईकृष्णा एस. थोटा द्वारा जिले में फरार स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष दिशा-निर्देश दिए गए थे। इन्हीं निर्देशों के तहत, देवेन्द्रनगर पुलिस ने सतत निगरानी रखते हुए, मुखबिर सूचना के आधार पर दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया और न्यायालय के समक्ष पेश किया। उक्त कार्यवाही मे देवेन्द्रनगर पुलिस एंव सायबर सेल टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है जिसे पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा गिरफ्तारी में शामिल टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है। पन्ना पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि फरार आरोपियों अथवा आपराधिक गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। आपकी पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।



# माता कलेही परिसर में होगा सामूहिक ध्वजारोहण, स्टेडियम में जलभराव बना बाधा

**जागरण, पवई।** आगामी 79वें स्वतंत्रता दिवस को लेकर देश, प्रदेश और जिले भर में तैयारियां जोरों पर हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को एसडीएम समीक्षा जैन की अध्यक्षता में नगर परिषद कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद पंचायत सीईओ अखिलेश उपाध्याय, नगर परिषद अध्यक्ष बसंत दहायत और कुछ चुनिंदा जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष सामूहिक ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नगर परिषद की जिम्मेदारी में होगा। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस का आयोजन बारी-बारी से नगर परिषद और जनपद पंचायत करती है।



अबकी बार आयोजन स्थल में बदलाव किया गया है। लगभग एक दशक से यह कार्यक्रम महाराजा छत्रसाल स्टेडियम में होता आया है, लेकिन इस बार अतिवृष्टि के कारण स्टेडियम में कीचड़ और जलभराव की स्थिति बन गई है। ऐसे में समारोह का आयोजन नगर से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर माता कलेही देवी परिसर में किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया है कि जब नगर के बीचों-बीच स्थित महाराजा छत्रसाल स्टेडियम हर साल स्वतंत्रता दिवस का गवाह बनता है, तो वहां स्थायी व्यवस्था क्यों नहीं की जाती? बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या हर वर्ष आती है, ऐसे में यदि स्थाई समाधान हो जाए तो भविष्य में स्थान परिवर्तन की नौबत ही न आए। साथ ही, विद्यालयों के नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राएं, जो एक सप्ताह तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी करते हैं, उनका उत्साह भी बरकरार रह सके।

## जनसुनवाई में हुई 14 आवेदनों पर कार्यवाही

**जागरण, पन्ना।** जिला मुख्यालय पर कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 14 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और तत्परता से समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में डिप्टी कलेक्टर अनिल तलैया ने जनसुनवाई की। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज जनसुनवाई हुई। इसके अलावा ग्राम पंचायत, विकासखण्ड और तहसील मुख्यालयों पर भी जनसुनवाई हुई और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया गया।

## तिरंगा यात्रा के कार्यक्रम में शामिल होंगे सांसद विष्णु दत्त शर्मा

**जागरण, पन्ना।** खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा 13 अगस्त को पन्ना प्रवास पर रहेंगे। मिली जानकारी के अनुसार सांसद श्री शर्मा बुधवार को दोपहर 2 बजे कटनी से प्रस्थान कर शाम 4 बजे श्री जुगल किशोर मंदिर प्रांगण पन्ना पहुंचेंगे और हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# गोंड़बहेरा उज्जैनी ईस्ट खदान से प्रति वर्ष 30 लाख टन कोयला उत्पादन करने आधुनिक तकनीक से किया जाएगा भूमिगत उत्खनन






## परियोजना के संचालन के लिए जरुरत होगी सिर्फ 34 हेक्टेयर राजस्व भूमि, स्थानीय ग्रामीणों ने दोनों हाथ उठाकर परियोजना के पक्ष में दिया खुलकर समर्थन

### गोंड़बहेरा उज्जैनी ईस्ट भूमिगत खदान की पर्यावरण स्वीकृति के लिए हुई सफल लोक सुनवाई

जागरण, बैढ़न

जिले के बरगवां तहसील अन्तर्गत प्रस्तावित गोंड़बहेरा उज्जैनी ईस्ट कोयला खदान के लिए आज मझौली गांव में पर्यावरणीय मंजूरी के लिए आयोजित लोक सुनवाई सफ्लतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस कार्यक्रम में भूमिगत खदान से प्रभावित होनेवाले सभी चार गांवों के लगभग 2000 स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे जिन्होंने प्रोजेक्ट का खुलकर समर्थन किया। सिंगरौली जिला के संयुक्त कलेक्टर संजीव कुमार पांडेय एवं मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सिंगरौली के क्षेत्रीय अधिकारी संजीव मेहरा की उपस्थिति में जनसुनवाई सम्पन्न हुई। इस दौरान सरकार के प्रतिनिधियों के द्वारा स्थानीय जनता की समस्याओं और सुझावों को ध्यान से सुना गया। इस प्रोजेक्ट के आसपास के गांवों के लोगों ने पर्यावरण पर होनेवाली संभावित असरों के साथ.साथ स्थानीय लोगों के सामाजिक और आर्थिक विकास के बारे में अपने विचार रखे। प्रशासन की तरफ से देवसर के एसडीएम अखिलेश सिंह चितरंगी के सब डिविजनल ऑफ्सिर ऑफ पुलिस राहुल सैयाम देवसर की सब डिविजनल ऑफ्सिरऑफ पुलिस गायत्री तिवारी बरगवां के थाना प्रभारी मो. समीर सरई के थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह भदौरिया एवं कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। महान एनर्जेन लिमिटेड की तरफ से कई अधिकारियों की मौजूदगी रही जिन्होंने परियोजना के लिए उठाये जानेवाले पर्यावरणीय उपायों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। गोंड़बहेरा उज्जैनी ईस्ट भूमिगत कोयला परियोजना भारत सरकार के कोयला मंत्रायलय द्वारा कमर्शियल माइनिंग के तहत 2022 में स्पर्धात्मक बोली के द्वारा महान एनर्जेन लिमिटेड को मिला है। यह एक भूमिगत कोयला खदान है जो जिले के बरगवां तहसील अन्तर्गत चार गांवों मझौली उज्जेनी पचौर एवं कुंदा के 1130 हेक्टेयर क्षेत्र में विस्तृत है। भूमिगत खदान होने के कारण गोंड़बहेरा उज्जैनी ईस्ट परियोजना के संचालन के लिए सिर्फ 34 हेक्टेयर राजस्व भूमि की जरुरत होगी। ऊर्जा क्षेत्र की इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय निर्धारित मानकों के आधार पर वायु गुणवत्ता जल गुणवत्ता जल संसाधन ध्वनि स्तर भूमि पर्यावरण मृदा की गुणवत्ता के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन किया गया और पाया कि सभी निर्धारित मानकों के सीमा के अनुरूप हैं एवं समुचित पर्यावरणीय प्रबंधन योजना का प्रावधान भी रखा गया है। यह परियोजना 33 वर्षों तक चलेगी जिसमें प्रति वर्ष 30 लाख टन कोयला उत्पादन के लिए आधुनिक तकनीक से भूमिगत उत्खनन किया जाएगा। इस खनन परियोजना के संचालन के दौरान भारी मात्रा में रोजगार का सृजन होगा जिसके फ्लस्वरूप यहाँ के लोगों के आय में वृद्धि से जीवन स्तर बेहतर होगा। इस परियोजना से मध्य प्रदेश सरकार के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी। महान एनर्जेन लिमिटेड ने स्वास्थ्य शिक्षा पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था के लिए विस्तार से योजना बनायी है। पचौर ग्राम के रहनेवाले उपेन्द्र द्विवेदी ने बताया किए अंडरग्राउंड माइनिंग से प्रदूषण नहीं के बराबर होगा। साथ ही इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द चालू होना चाहिए ताकि इस क्षेत्र का विकास हो सके। जबकि उज्जैनी गांव के अनिल कुमार जायसवाल का कहना है किए इस प्रोजेक्ट के आने से स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे और सामाजिक विकास होगा। वहीं पचौर गांव की रहनेवाली बसन्ती रावत इस बात से काफी खुश हैं कि इस भूमिगत कोयला खदान के शुरू होने से बच्चों के साथ.साथ स्थानीय महिलाओं का भी कल्याण होगा जिससे स्थानीय लोग ज्यादा खुशहाल होंगे। भूमिगत खनन से कोयला उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है क्योंकि इससे सतही संरचनाओं को न्यूनतम क्षति होती है और पर्यावरणीय प्रभाव कम होता है। प्रदूषण नियंत्रण के लिए जल छिड़काव वृक्षारोपण और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का उपयोग किया जाएगा। खनन पट्टा क्षेत्रों और परिवहन सड़कों के किनारे हरित क्षेत्रों का विकास और वर्षा जल संचयन जैसे उपाय भी अपनाए जाएंगे। इस परियोजना के चालू होने से भौतिक अवसंरचना सुधार के साथ .साथ सामाजिक गतिविधियों में सुधार सामाजिक कल्याण के उपायों में जन स्वास्थ्य प्रबंधन शिक्षा प्रबंधन पर्यावरण की बेहतरी बुनियादी ढ़ांचे का विकास सतत आजीविका व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र एवं किसान विकास कार्यक्रम जैसे विभिन्न पहलूओं पर विशेष धयान दिया जाएगा।



# विद्या भारती के विद्यालय में विद्या के साथ-साथ संस्कार भी दिया जाता है : नरेंद्र भूषण

## विवेकानंद विद्यालय में पूर्व छात्र परिषद सम्मेलन का आयोजन

**जागरण, शक्तिनगर।** स्थानीय विद्या भारती द्वारा संचालित विवेकानंद विद्यालय में पूर्व छात्र परिषद का सम्मेलन आयोजित किया गया विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र भूषण शुक्ला द्वारा बताया गया कि विद्या के साथ.साथ संस्कार युक्त शिक्षा पद्धति का केंद्र विद्या भारती द्वारा संचालित शिशु मंदिरों में दिया जाता है बच्चों किस सर्वांगीण विकास के साथ.साथ उच्च स्तरीय शिक्षा पद्धति के माध्यम से शिक्षा दिया जाता है। विद्या भारती के प्रत्येक विद्यालय में प्रतिवर्ष पूर्व छात्र परिषद का सम्मेलन आयोजित किया जाता है पूर्व छात्र परिषद आदर्श छात्रों का समूह होता है जो विद्यालय परिवार से हमेशा जुड़ रहे इस नाते परिषद सम्मेलन कराया जाता है। मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत प्रशासनिक प्रमुख हेमंत मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक के अनुषांगिक संगठन के रूप में शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती ने अनेक कृतिमान स्थापित किए हैं। आज देश के हर क्षेत्र में विद्या भारती के पूर्व छात्र उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। विद्या भारती शिक्षा के साथ.साथ राष्ट्र प्रेम एवं संस्कार युक्त शिक्षा पद्धति का घोतक है। हम सब पूर्व छात्र विद्या भारती के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। पूर्व छात्र परिषद सम्मेलन का संचालन विद्यालय के आचार्य अमरेश चंद्र दुबे द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के साथ-साथ पूर्व छात्र उपस्थित रहे।

# मतदान केन्द्रो के युक्तियुक्तकरण के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आज

**जागरण, बैढ़न।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान केन्द्र में मतदाताओं की संख्या 1500 से घटाकर 1200 करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके संबंध में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 79.चितरंगी 80.सिंगरौली 81.देवसर से मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण का प्रस्ताव तैयार कराया गया है। मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के प्रस्ताव के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आज दोपहर 2 बजे मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों का बैठक निर्धारित की गई। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियो को बैठक में उपस्थित होने का अग्रह किया है।

# देश के सम्मान में आदर्श ग्राम खोखवा में निकाली गई तिरंगा यात्रा



**जागरण, चितरंगी।** मप्र जन अभियान परिषद जिला सिंगरौली के जिला समन्वयक राजकुमार विश्वकर्मा जी के निर्देशन में विकास खंड समन्वयक चितरंगी के मार्गदर्शन उपस्थिति में नवांकुर संस्था रामचंद्र सेवा समिति ने नवांकुर सेक्टर चितरंगी के आदर्श ग्राम खोखवा में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के तहत आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य है कि देश के प्रधान मंत्री ने 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को राष्ट्र प्रेम देश भक्ति के साथ बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाये। और राष्ट्र के प्रति देश प्रेम का माहौल बन सके। उसी क्रम में आज ग्राम पंचायत खोखवा में ग्राम पंचायत सचिव मंगलेश्वसर देव पाण्डेय पूर्व जनपद सदस्य रामलखन सिंह प्रधानाध्यापक बबनी सिंह समस्त शिक्षकगण ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के ग्रामवासी प्यारे छात्र छात्राये। तिरंगा यात्रा में रैली निकाल कर समाज को राष्ट्र प्रेम एवं स्वच्छता का संदेश दिया है। विकास खंड समन्वयक जी ने उपस्थित ग्रामीण जनों को बताया कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की आजादी त्याग और बलिदान का प्रतीक है। देश की एकता अखंडता को बनाये रखने के लिए देश के प्रधानमंत्री द्वारा समूचे अखंड भारत मे तिरंगा यात्रा का अभियान चला कर लोगो को राष्ट्र प्रेम केलिए जागृत किया जा रहा है। और अपने घर मे साफसफाई स्वच्छता बहुत जरूरी है। स्वच्छता रहने से किसी भी प्रकार की वीमारी नही हो सकती स्वास्थ्य रहने से सकारात्मक विचारों का आदान प्रदान होता है। जो घर परिवार और समाज मे एक प्रफुल्लित वातावरण निर्मित होता है। घर मे खुसहली और प्रेम दिखाई देता है।

# मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी ने अवैध क्लिनिक संचालकों को थमाया नोटिस

**जागरण, चितरंगी।** विकास खंड चितरंगी अंतर्गत क्षेत्रो में अबैध रूप से तमाम क्लिनिक संचालित है। विना डिग्री डिप्लोमा के इलाज कर रहे है। परिणाम स्वरूप जानकारी के अभाव में मरीज की मृत्यु हो जाती है। या फिर और सीरियस हो जाते है। मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ एच एस बैस ने अबैध क्लीनिक संचालको को नोटिस जारी किया है। क्लिनिक संबंधित दस्तावेज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चितरंगी कार्यालय में उपस्थित हो कर सत्यापन कराए। और तीन दिवस का अवसर दिया गया था। आपको बता दे कि जीवन मेडिकल स्टोर कुदैनिया प्रथम में संदीप सिंह उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। मेडिकल की दुकान है। अंदर कि मरीजो की दवा करता है। उत्तर प्रदेश से जनरिक लोकल दवा मरीजो को देता है। उसके पास कोई डिग्री डिप्लोमा नही है। अबैध रूप से क्लीनिक और मेडिकल की दुकान का संचालन कर रहा है। मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा नोटिस तामील कराई गई है। मामला को खत्म कराने के लिए दलालों की तलाश कर रहा है। अब देखना है कि नोटिस जारी दिनांक से एक सप्ताह बीत गए है। अभी तक अपने दस्तावेज का सत्यापन करवाने बी एम ओ कार्यालय नही पहुचा। नोटिस की अवहेलना की कार्यवाही कब तक खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा की जाती है।

# भागवत पुराण के प्रथम श्लोक से भागवत के द्वितीय दिवस की कथा




**जागरण, सिंगरौली।** क्रॉसिंग रिपब्लिक सांस्कृतिक कला संगम समिति द्वारा आयोजित हो रहे श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिन आज रामानंदीय वैष्णव आचार्य दासानुदास अवध गोपाल दास महाराज द्वारा भागवत पुराण के प्रथम श्लोक श्जन्माद्यस्य यतोऽन्वयादितरतः चतुर्थेष्वभिज्ञः स्वरातए तेने ब्रह्म हृदय य आदिकवये मुह्यन्ति यत् सूर्यः से कथा का आरंभ हुआ। कथा के दौरान महाराज ने हिंदू दर्शन पुनर्जन्म नारद सेवा भगवान के सम्पूर्ण अवतार मधुमंगल एवं कन्हैया मिलन पंचदेव की उपासना भीष्म.कृष्ण प्रसंग परीक्षित जन्म आदि का ज्ञान श्रोताओं को दिया। महाराज के द्वारा प्रस्तुत भजनों राधे राधे गोविन्द गोविन्द राधे जेहिं विधि राखें राम ठाकुर हमारे रमन बिहारी जब संत मिलन हो जाए के साथ समस्त श्रद्धालु श्रोताओं सहित खूब भक्ति रस के गोते लगाए। पहले दिन कथा वाचक व्यास जी महाराज ने भागवत जी के महात्म्य की कथा सुनाई। कथा के बीच.बीच में मुख्य प्रसंगों को भी उदाहरण सहित समझाया। व्यास महाराज के मुखारविंद से मीठे रस से भर्यो ये राधा रानी लाग्यो नाम जप ले हरि का नाम जप ले श्री वृन्दावन धाम अपारे श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारे आदि भजनों का श्रवण कर समस्त श्रद्धालु भक्ति में लीन हो गए। क्रासिंगवासियों को घर बैठे कार्यक्रम देखने के लिए समिति ने लाइव टेलीकास्ट की व्यवस्था भी की। कार्यक्रम का संयोजन समिति की ओर से क्षितिज सिंघल बी पी एस भाटिया तरुण भारद्वाज विजय गोयल रवि प्रकाश गुप्ता राकेश पुंज विकोस कुमार डॉ. मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव शिखर मनोज कुमार शर्मा अर्चना संजय अग्निहोत्री एस सी गुप्ता ने किया। परीक्षित की भूमिका में अविनाश वर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी सुमीता वर्मा सिम्मी ने कथा का श्रवण किया।

# सीटिया सीटू आज धूम धाम से मनायेगा 29 वॉ स्थापना दिवस

**जागरण, सिंगरौली।** आज कोल इंडिया आई.टी.आई.इम्प्लाईज एसोसिएशन सीटिया संबद्ध सेन्टर ऑफ़ इंडियन ट्रेड यूनियन्स सीटू द्वारा एनसीएल जोन के साथ.साथ पूरे कोल इंडिया में अपना 29 वां स्थापना दिवस बड़े धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। एनसीएल जोन में यह कार्यक्रम इस वर्ष एनसीएल के जयंत परियोजना में मनाया जा रहा है। यह कार्यक्रम सायंकाल सीटिया सीटू जयंत क्षेत्र के कार्यालय बी.26 सेक्टर.2 में मनाया जाएगा। इसके पूर्व सीटिया सीटू के केंद्रीय क्षेत्रिय एवं परियोजना प्रतिनिधियों की एक वर्कशॉप मीटिंग दोपहर श्रमिक मनोरंजन केन्द्र उल्लास भवन जयंत में आयोजित की गई है। उल्लास भवन से सायंकाल वर्कशॉप मीटिंग के पश्चात पैदल मार्च करते हुए सभी पदाधिकारी/सदस्य संघ का 29वां स्थापना दिवस मनाने सीटिया सीटू जयंत क्षेत्र कार्यालय में जाएंगे। वहां पर केक काटकर तथा रात्रि भोजन के पश्चात कार्यक्रम समाप्त किया जाएगा। संघ के केंद्रीय महामंत्री बी.के पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि एनसीएल जोन के महामंत्री अरविन्द शाह द्वारा एनसीएल जोन के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों से उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए आमंत्रण पत्र संघ के व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से भेजा गया है तथा यह भी अपील की गई है कि कोल इंडिया में 29 वर्ष पूर्व से संघ की लंबित ड्रेस की माँग पूरी होने पर सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उक्त कार्यक्रम में कोल इंडिया के द्वारा जारी यूनिफार्म में ही उपस्थित हो कर कार्यक्रम को सफ्ल बनाएँ।




# भारतीय राष्ट्रीय ध्वज सिर्फ एक प्रतीक नहीं बल्कि हमारा सामूहिक गौरव





## हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अंतर्गत निकाली गई तिरंगा बाइक रैली

### एनटीपीसी विंध्याचल केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सदस्यों ने निभाई सहभागिता

**जागरण, विंध्यनगर।** देश भर में मनाए जा रहे 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश में 2 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग विशेष अभियान मनाया जा रहा है। इसी तारतंभ में एनटीपीसी विंध्याचल केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई विंध्यनगर हर घर तिरंगा अभियान के तहत एनटीपीसी विंध्याचल केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई विंध्यनगर में कार्यक्रम की शुरुआत तिरंगा बाइक रैली से की गई। कार्यक्रम में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल् विंध्यनगर इकाई में बाइक रैली केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल पारिवारिक आवास से लेकर एनएच-1 एनएच-2 एनएच-3 तथा पूरी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल् कॉलोनी में बाइक रैली द्वारा हर घर तिरंगा अभियान का प्रचार.प्रसार किया गया। जिसमें वरिष्ठ कमांडेंट मनीष कुमार राय डिप्टी कमांडेंट ज्ञान सिंह भाटी असिस्टेंट कमांडेंट भास्कर चौधरी इंस्पेक्टर गगन सैनी इंस्पेक्टर ए के राय इंस्पेक्टर आर के सिंह इंस्पेक्टर एस आर एहसान एवं सब इंस्पेक्टर ज्ञानेंद्र नारायण के साथ कुल 48 बल सदस्यों ने भाग लिया। हर घर तिरंगा अभियान के तहत पूरी कॉलोनी में तिरंगा से संबंधित नारे गुंजयमान रहे। हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम के बारे में वरिष्ठ कमांडेंट मनीष कुमार राय ने सभी को हर घर तिरंगा कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया और सभी को बढ़ चढ़ के हिस्सा लेने को प्रेरित किया। वरिष्ठ कमांडेंट मनीष कुमार राय ने हर घर तिरंगा अभियान के बारे में बताया कि हर घर तिरंगा हर भारतीय को अपने घरों में तिरंगा लाने और हमारे देश की आज़ादी के जश्न में इसे गर्व से फ्हराने का निमंत्रण देता है। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज सिर्फ़ एक प्रतीक नहीं बल्कि हमारे सामूहिक गौरव और एकता का एक गहरा प्रतिनिधित्व है। हर घर तिरंगा पहल का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के भीतर देशभक्ति की गहरी भावना जगाना और हमारे राष्ट्रीय ध्वज के महत्व के बारे में बेहतर समझ विकसित करना है।

# रीवा व्यापारी महासंघ ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ देखी फिल्म

**रीवा।** शहर के समदरिया मल्टीप्लेक्स सिरमौर चौराहा में बहु प्रतीक्षित और सत्य घटना पर आधारित 'उदयपुर फाइल्स' फिल्म रीवा व्यापारी महासंघ ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ देखी। व्यापारी महासंघ के सदस्यों व भाजपा पदाधिकारियों ने बताया कि उदयपुर फाइल मात्र एक फिल्म न होकर एक ज्वलंत समस्या है। एक मानसिक बीमारी है जो कि दिनों दिन बढ़ती जा रही है। आज भी कन्हैया लाल के हत्यारों को तीन साल बाद भी सजा नहीं मिली। मामला न्यायालय में है। यह फिल्म सिनेमा घरों में न दिखाई जाए इसके लिए कई मुस्लिम संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट में वकीलों की फौज खड़ी कर रखी है।



## 9 सितंबर से शुरू होने वाले टी-20 टूर्नामेंट के लिए 19 या 20 अगस्त को हो सकता है टीम का चयन

# एशिया कपः बुमराह के खेलने की संभावना अक्षर व गिल के बीच उप कप्तानी की होड़



**संभावित दावेदार** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा/प्रसिद्ध कृष्णा, हार्दिक पंड्या, जितेश शर्मा/ध्रुव जुरेल।

**जेएनएन, नई दिल्ली**

इंग्लैंड के खिलाफ हालिया टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद शुभमन गिल इस सत्र के सबसे बेहतरीन खिलाड़ी हैं, लेकिन अगले महीने यूएई में होने वाले एशिया कप टी-20 में भारतीय टीम की उप कप्तानी के लिए उन्हें अक्षर पटेल जैसे दावेदार का सामना करना पड़ेगा। इसके अलावा तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का भी इस टूर्नामेंट में खेलना तय है और अक्टूबर की शुरुआत में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए उन्हें आराम दिया जा सकता है। अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति 19 या 20 अगस्त को एशिया कप के लिए टीम का चयन कर सकती है, जो इस बात पर निर्भर करेगा कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) की खेल विज्ञान टीम सभी खिलाड़ियों का 'मेडिकल बुलेटिन' कब भेजती है, जिसमें कप्तान सूर्यकुमार यादव की जानकारी भी शामिल है, जिन्होंने बेंगलुरु में नेट्स पर बल्लेबाजी शुरू कर दी है। चयन प्रक्रिया में कुछ पेचीदा फैसले होंगे, लेकिन भारतीय चयनकर्ता निश्चित रूप से निरंतरता बनाए रखना चाहेंगे, जिसने सूर्यकुमार के टी-20 कप्तान बनने के बाद से उन्हें काफी सफलता दिलाई है। अक्षर भारत की इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में उप कप्तान थे, जबकि पिछले साल श्रीलंका में जब सूर्यकुमार को पहली बार टी-20 टीम का पूर्णकालिक कप्तान नियुक्त किया गया था, तब गिल ने यह जिम्मेदारी निभाई थी। यह समझा जाता है कि चयन समिति इस टीम में अधिक बदलाव नहीं करना चाहेगी, क्योंकि अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, सूर्यकुमार, तिलक वर्मा और हार्दिक पंड्या शीर्ष पांच में मजबूत खिलाड़ी हैं।

### ऑलराउंडर में हार्दिक पंड्या हो सकते हैं टीम की पहली पसंद

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने बताया, अभिषेक शर्मा पिछली आईसीसी रैंकिंग में दुनिया के नंबर एक टी-20 बल्लेबाज हैं। संजू सैमसन ने पिछले सत्र में बल्ले और विकेटकीपर दोनों से शानदार प्रदर्शन किया था। इसलिए यह फैसला लेना मुश्किल होगा, लेकिन मौजूदा फॉर्म (हालांकि टेस्ट में) को देखते हुए शुभमन को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। आईपीएल में भी उनका प्रदर्शन अच्छा रहा था। चयनकर्ताओं के लिए समस्या यह है कि शीर्ष क्रम में कई अच्छे खिलाड़ी मौजूद हैं। शीर्ष क्रम में इतने सारे खिलाड़ियों के साथ यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन के लिए जगह बनाना बहुत मुश्किल होगा। हार्दिक पंड्या भारत के सफेद गेंद के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में पहली पसंद हैं, तो वहीं इंग्लैंड सीरीज के दौरान चोटिल हुए नितीश कुमार रेड्डी के समय पर फिट होने की संभावना नहीं है। इंग्लैंड के खिलाफ अच्छी वापसी करने वाले शिवम दुबे को टीम में जगह मिलने की संभावना है। अक्षर और वाशिंगटन सुंदर टीम में अन्य दो स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर होंगे। मुख्य संघर्ष तेज गेंदबाजी आक्रमण में होगा जहां बुमराह और अर्शदीप सिंह ने अपनी जगह पक्की कर ली है। तीसरे स्थान के लिए प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा के बीच मुकाबला होगा। प्रसिद्ध ने पिछले आईपीएल में 25 विकेट लिए थे।

### गिल 4 बार प्लेयर ऑफ द मंथ चुने जाने वाले पहले क्रिकेटर

**दुबई, जेएनएन।** इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 754 रन बनाने वाले भारतीय कप्तान शुभमन गिल को मंगलवार को आईसीसी का महीने (जुलाई 2025) का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना गया है। उन्होंने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और दक्षिण अफ्रीका के हरफनमौला वियन मुल्डर को पछाड़कर यह पुरस्कार जीता। वह चौथी बार प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बने। इससे पहले उन्हें जनवरी 2023, सितंबर 2023 और फरवरी 2025 में आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया था। महिला वर्ग में इंग्लैंड की सोफिया डंकले को जुलाई महीने की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। डंकले ने इस सम्मान के लिए अपनी टीम की साथी सोफी एक्लेस्टोन और आयरलैंड की कप्तान गैबी लुईस को पीछे छोड़ा। गिल ने कहा, जुलाई महीने का 'आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ' चुने जाने पर बहुत अच्छा लग रहा है। इस बार इसका महत्व और भी च्यादा है, क्योंकि यह कप्तान के रूप में मेरी पहली टेस्ट सीरीज में मेरे प्रदर्शन के लिए मिला है।



### अगर पहले विकेटकीपर सैमसन तो दूसरा कौन टीम में होगा

टीम में सैमसन का पहले विकेटकीपर के रूप में चुना जाना लगभग तय है, लेकिन दूसरे विकेटकीपर के स्थान के लिए जितेश शर्मा और ध्रुव जुरेल के बीच मुकाबला होगा। जुरेल पिछली टी-20 सीरीज का हिस्सा थे, जबकि जितेश ने आईपीएल में आरसीबी के विजयी अभियान में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। उन्होंने फिनिशर की भूमिका भी बखूबी निभाई। वनडे प्रारूप में पहली पसंद के विकेटकीपर केएल राहुल के नाम पर विचार नहीं किए जाने की संभावना है, क्योंकि वह मध्यक्रम में बल्लेबाजी नहीं करते हैं।

#### सैमसन करीब-करीब तय

सैमसन का यूएई जाना करीब-करीब तय माना जा रहा है। सैमसन टी-20 में न सिर्फ एक विकेटकीपर हैं, बल्कि सलामी बल्लेबाज की भूमिका बेहतरीन अंदाज में अदा करते हैं, लिहाजा उनका एशिया कप में जाना लगभग तय ही है। सैमसन पिछले कुछ दिनों से मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय टी-20आई टीम के प्रमुख सदस्य हैं। सैमसन ने वैसे तो भारत के लिए 42 टी-20 मैचों में 25.32 की औसत और 152.32 के स्ट्राइक रेट से 861 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक भी शामिल हैं।

#### जितेश शर्मा बेस्ट फिनिशर

सैमसन एशिया कप के लिए विकेटकीपर की पहली पसंद हैं, तो उनके बैकअप के तौर पर दूसरा विकेटकीपर कौन होगा? वैसे तो अगर रिषभ पंत चोटिल न हुए होते तो भारतीय दल का हिस्सा बिल्कुल हो सकते थे, लेकिन अब बैकअप विकेटकीपर पर चर्चा की जानी है, जिसमें पहला नाम आता है जितेश शर्मा का, वह विकेटकीपर जिन्हें भारत का भावी बेस्ट फिनिशर विकेटकीपर माना जाने लगा था। जितेश ने भारत के लिए नौ टी-20 खेले और इनमें रन सिर्फ 100 बनाए, लेकिन उनकी भूमिका अलग थी और नीचे आकर तेज तर्रार पारी खेलने की जिम्मेदारी थी।

#### ध्रुव जुरेल ने किया प्रभावित

पंत की गैर मौजूदगी में ध्रुव जुरेल ने इंग्लैंड दौरे पर भारत को सीरीज ड्रॉ कराने में विकेट के सामने के अलावा पीछे से भी काफी अहम योगदान दिए हैं। हालांकि जुरेल ने भारत के लिए चार टी-20 खेले हैं, लेकिन इनमें प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है।

---

## मैदान से हटकर

### फुटबॉलर रोनाल्डो ने पार्टनर जॉर्जिना रोड्रिग्स से सगाई की



स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लंबे समय से उनकी पार्टनर रही जॉर्जिना रोड्रिग्स ने सगाई कर ली है। जॉर्जिना 31 साल की हैं। उन्होंने सोमवार को इंस्टाग्राम पर अपनी उंगली में एक बड़ी अंगूठी दिखाते हुए एक तस्वीर के साथ इस खुशखबरी की घोषणा



की। जॉर्जिना ने तस्वीर के साथ स्पेनिश में कैप्शन में लिखा, हां, हमने सगाई कर ली है। यह मेरी जिंदगी का सबसे खूबसूरत पल है।



जॉर्जिना और 40 वर्षीय रोनाल्डो की दो बेटियां हैं। उन्होंने रोनाल्डो के अन्य तीन बच्चों की परवरिश में भी मदद की है। जॉर्जिना ने 2022 में जुड़वां बच्चों को जन्म दिया था, लेकिन उनमें से एक लड़के की मौत हो गई थी। रोनाल्डो की जॉर्जिना से 2016 में मुलाकात हुई थी, जब वह मैड्रिड के एक स्टोर में काम करती थीं। रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर यूनाइटेड पूर्व स्टार रोनाल्डो अब सऊदी अरब में अल-नासर के लिए खेलते हैं। **(जेएनएन)**

## खेल एक नजर

### वेस्टइंडीज क्रिकेट ने सुधार के लिए तैयार की लंबी सूची

**सेंट जोंस (एंटीगा), जेएनएन।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने अपने पूर्व खिलाड़ियों के साथ आपात बैठक के बाद 'लगभग सौ चीजों की पहचान की है' जिनमें सुधार की आवश्यकता है। इसमें युवा खिलाड़ियों में गर्व की भावना पैदा करना, घरेलू टूर्नामेंटों का स्तर बेहतर करना और अधिक धन जुटाना शामिल है। क्षेत्र में खेल की बेहतरी के लिए त्रिनिदाद में आयोजित दो दिवसीय बैठक में विव रिचर्ड्स, ब्रायन लारा, क्लाइव लॉयड, डेसमंड हेन्स, शिवनारायण चंद्रपॉल और वर्तमान मुख्य कोच डैरन सैमी जैसे दिग्गजों ने हिस्सा लिया। सीडब्ल्यूआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस डेहरिंग के हवाले से 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' ने कहा कि हमने लगभग सौ चीजों की एक सूची बनाई है, जिनमें हमें सुधार करना है, लेकिन शायद शीर्ष पांच में हमारे क्रिकेटरों के लिए हर स्तर पर सुविधाएं, पूरे क्षेत्र में अभ्यास पिचें और हमारे घरेलू टूर्नामेंटों की गुणवत्ता शामिल है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से विभिन्न स्तरों पर कौशल की कमी है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने तक उजागर नहीं होती और फिर आप अन्य टीमों के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की तुलना में स्पष्ट कमियां देखते हैं। बैठक में शामिल लोगों का मानना था कि वेस्टइंडीज वर्तमान में 'अन्य क्रिकेट खेलने वाले देशों के समान स्तर पर नहीं है' जिसके बाद क्षेत्र के क्रिकेट को पुनर्जीवित करने के लिए खाका तैयार किया गया। साथ ही वे इस बात पर भी सहमत हुए कि यह एक लंबा रास्ता है और यह रातोंरात नहीं होने वाला। यह बैठक हाल ही में किंगस्टन के सबीना पार्क में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वेस्टइंडीज के 27 रन पर आउट होने के बाद हो रही है, जो टेस्ट इतिहास का दूसरा सबसे कम और 1955 के बाद से सबसे कम स्कोर है। बैठक के बाद लारा ने कहा, यह वर्षों से ऐसा ही रहा है कि हम अन्य देशों के समान स्तर पर नहीं हैं।

---

# ब्रेविस के रिकॉर्ड शतक से दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 में रोका ऑस्ट्रेलिया का विजय रथ

### दूसरे मुकाबले में अफ्रीकी टीम 53 रन से जीती, तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर

**डार्विन (ऑस्ट्रेलिया), जेएनएन।** डेवाल्ड ब्रेविस के रिकॉर्ड टी-20 शतक की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय में मंगलवार को 53 रन से जीत हासिल कर ऑस्ट्रेलिया के नौ मैचों के विजय अभियान पर रोक लगाते हुए तीन मैचों की सीरीज को 1-1 से बराबर कर लिया। वहीं सात मुकाबलों में पहली बार दक्षिण अफ्रीका ने कंगारू टीम को हराया। 22 साल के ब्रेविस की 56 गेंदों पर आठ छक्कों और 12 चौकों की मदद से नाबाद 125 रन की पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर सात विकेट पर 218 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया टिम डेविड की 24 गेंद में 54 रन की आक्रामक पारी के बावजूद 17.4 ओवर में 165 रन पर आउट हो गई। सीरीज के शुरुआती मैच में चार विकेट लेने वाले क्वेन मफाका (57 रन देकर 3 विकेट) ने एक बार प्रभावित करते हुए कैमरुन ग्रीन (नौ), ग्लेन मैक्सवेल (16) और मिशेल ओवेन (आठ) जैसे खतरनाक बल्लेबाजों के विकेट चटकाए। दक्षिण अफ्रीका ने सातवें ओवर में 57 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। इसमें मैक्सवेल (44 रन पर दो विकेट) ने कप्तान एडेन मारक्रम (18) और लुआन-ड्रे प्रीटोरियस (14) को पवेलियन की राह दिखाई। ब्रेविस ने इसके बाद ट्रिस्टन स्टब्स (22 गेंद में 31 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 126 रन की ताबड़तोड़ साझेदारी के साथ मैच पर टीम का दबदबा कायम कर दिया। उन्हें 25 गेंद में अर्धशतक पूरा करने के बाद जीवनदान मिला, जब मैक्सवेल की गेंद पर स्थानापन्न फील्डर मैथ्यू कुहनेमान ने उनका कैच टपका दिया। ब्रेविस ने इसके बाद मैक्सवेल, एडम जंपा (46 रन पर एक विकेट) और जोश हेजलवुड (56 रन पर एक विकेट) की बखिया उधेड़ते हुए महज 16 गेंद के अंदर अगले 50 रन जोड़कर 41 गेंद में अपना शतक पूरा किया। जंपा ने स्टब्स को आउट कर चौथे विकेट की शतकीय साझेदारी को तोड़ा, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी ओवरों में तीन और विकेट झटके।




**22** साल के ब्रेविस दक्षिण अफ्रीका के लिए टी-20 में सर्वोच्च स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने नाबाद 125 रन की पारी खेली और फाफ डुप्लेसी के इस प्रारूप में 119 रनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। डुप्लेसी ने 2015 में वेस्टइंडीज के खिलाफ इस प्रारूप का सबसे बड़ा स्कोर बनाया था।

**41** गेंदों पर ब्रेविस ने शतक पूरा किया, जो दक्षिण अफ्रीका की ओर से दूसरा सबसे तेज टी-20 अंतरराष्ट्रीय शतक है। डेविड मिलर ने 35 गेंद पर बांग्लादेश के खिलाफ 2017 में शतक जड़ा था। ब्रेविस इस प्रारूप में शतक लगाने वाले सबसे युवा दक्षिण अफ्रीकी बन गए। उन्होंने 12 चौके और आठ छक्के लगाकर कुल 96 रन बाउंड्रीज में बनाए।

**53** रनों से जीत दक्षिण अफ्रीका की ऑस्ट्रेलिया पर सबसे बड़ी जीत है।

### बेंगलुरु पर महिला वर्ल्ड कप के मुकाबलों की मेजबानी गंवाने का खतरा मंडराया

**बेंगलुरु, जेएनएन।** महिला वनडे वर्ल्ड कप के चार मैचों की मेजबानी करने से बेंगलुरु का एम चिन्नास्वामी स्टेडियम वंचित रह सकता है। बीसीसीआई ने पुलिस की अनुमति लेने के लिए 10 अगस्त की समयसीमा निर्धारित की थी, लेकिन कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) को अभी तक अनुमति नही मिली है। तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड्स स्टेडियम को वैकल्पिक वेन्यू के तौर पर प्रस्तावित किया जा रहा है। 30 सितंबर को बेंगलुरु में ही टूर्नामेंट का पहला मैच भारत और श्रीलंका के बीच होना था और 3 अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका बनाम इंग्लैंड, 26 अक्टूबर को भारत बनाम बांग्लादेश मुकाबला सहित 30 अक्टूबर को दूसरा सेमीफाइनल भी यहीं खेला जाना था। वहीं 2 नवंबर को होने वाला फाइनल भी संभवतः यहीं खेला जाना है। अभी की स्थिति के अनुसार ग्रीनफील्ड्स स्टेडियम 21 अगस्त से 7 सितंबर के बीच केरल क्रिकेट लीग (केसीएल) के दूसरे संस्करण की मेजबानी की तैयारी कर रहा है। हालांकि ऐसा माना जा रहा है कि केरल क्रिकेट एसोसिएशन (केसीए) के पास एक वैकल्पिक योजना है, जिसके तहत अगर उन्हें वर्ल्ड कप की मेजबानी मिल जाती है, तब ऐसी स्थिति में केसीएल के मुकाबलों को किसी अन्य जगह स्थानांतरित किया जा सकता है। आईसीसी के दिशानिर्देशों के अनुसार टूर्नामेंट से कम से कम एक महीने पहले आयोजकों को आयोजन स्थल सौंपना होता है, ऐसे में बीसीसीआई और आईसीसी को एक हफ्ते के भीतर कोई फैसला लेना होगा, क्योंकि तिरुवनंतपुरम को भी 25 और 27 सितंबर को होने वाले अभ्यास मैचों की मेजबानी सौंपने की संभावना है। केएससीए को सोमवार तक मंजूरी नहीं मिली थी, जैसा कि कमिश्नर के कार्यालय ने पुष्टि की है, जबकि आईसीसी ने मुंबई में आयोजित एक भव्य समारोह के जरिए टूर्नामेंट की 50 दिन की उल्टी गिनती शुरू कर दी थी। केएससीए 4 जून से ही विवादों में है जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के आईपीएल-2025 जीतने के बाद जश्न के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के आसपास मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। इस घटना के बाद सचिव ए शंकर और कोषाध्यक्ष ई एस जयराम ने नैतिक जिम्ममेदारी का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

**भारत-श्रीलंका के बीच 30 सितंबर को टूर्नामेंट का पहला मैच इसी मैदान पर होना है**

### रोहित शमा ने भारत के पूर्व सहायक कोच नायर के साथ शुरू की प्रैक्टिस

**मुंबई, जेएनएन।** भारतीय वनडे टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने मंगलवार को मुंबई के एक उपनगरीय सुविधा केंद्र में पूर्व राष्ट्रीय सहायक कोच अभिषेक नायर के साथ अभ्यास शुरू किया। इंग्लैंड में कम अनुभव वाली टेस्ट टीम की सफलता के बाद 50 ओवर के प्रारूप में भी युवाओं को तरजीह देने के मांग के बीच रोहित ने लगभग दो महीने के ब्रेक के बाद वापसी की। रोहित ने इंग्लैंड के टेस्ट दौरे से पहले संन्यास की घोषणा कर दी थी और वह आईपीएल के बाद दो महीने के लिए खेल से दूर रहे। वह अब केवल एक प्रारूप के खिलाड़ी हैं। रोहित इंग्लैंड में परिवार के साथ छुट्टी पर थे और पिछले सप्ताह वापस आए। उन्होंने अपने करीबी दोस्त नायर के साथ जिम से एक इंस्टाग्राम स्टोरी पोस्ट की। वनडे प्रारूप में 32 शतक जड़ने वाले रोहित की तस्वीर इस बात का संकेत है कि उन्होंने अभी तक हार नहीं मानी है और वह 2027 में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप में खेलने की इच्छा रखते हैं।



### नेपाल की टीम ने बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र में अभ्यास किया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** नेपाल की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप क्वालिफायर के लिए बेंगलुरु स्थित भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) में अभ्यास किया। यह भारत और नेपाल के बीच बढ़ते सहयोग का एक और उदाहरण है। बीसीसीआई पड़ोसी देश को क्रिकेट टीम के रूप में अपनी साख बेहतर बनाने में मदद कर रहा है। बीसीसीआई ने 'एक्स' पर लिखा, आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप क्वालिफायर की तैयारी के तहत नेपाल की राष्ट्रीय टीम ने दो सप्ताह के विशेष शिविर में बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र में अभ्यास किया। टीम ने सुविधाओं का पूरा उपयोग किया और आगामी चुनौतियों के लिए खुद को तैयार करने के लिए कौशल, फिटनेस और खेल की विभिन्न स्थितियों पर काम किया।

### टी-20 रैंकिंगः दीप्ति-मंधाना दूसरे स्थान पर फिसली, सदरलैंड पहली बार शीर्ष पर

**दुबई, जेएनएन।** भारत की दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी-20 की नवीनतम रैंकिंग में गेदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है, जबकि सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना बल्लेबाजों के बीच शीर्ष से दूसरे स्थान पर खिसक गईं। दीप्ति पाकिस्तान की सादिया इकबाल के साथ 732 रेटिंग अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। सादिया रैंकिंग में पहले स्थान से दूसरे स्थान पर खिसक गई, जबकि ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड चार रेटिंग अंकों की बढ़त के साथ पहली बार शीर्ष रैंकिंग की टी-20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज बनने में सफल रही। सादिया ने आयरलैंड के खिलाफ सीरीज में सिर्फ तीन विकेट लेने के बाद रेटिंग अंक गवां दिए। सदरलैंड ने मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ चार विकेट लेने के बाद से सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में कोई मैच नहीं खेला है। इससे उनके रेंटिंग अंक (736) में कोई बदलाव नहीं आया है। हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में दीप्ति 387 रेटिंग अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं। वह वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज (505) और न्यूजीलैंड की अमेलिया केर (434) से पीछे हैं। मंधाना (728 रेटिंग अंक) एक स्थान फिसल कर इंग्लैंड की नैट सिवर-ब्रंट (731) के बाद दूसरे पायदान पर आ गई है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर 10 पायदान की छलांग लगाकर शीर्ष 10 बल्लेबाजों में शामिल होने के करीब पहुँच गई हैं। वह फिलहाल 11वें नंबर पर हैं।



## सिटी स्पोर्ट्स

### बैडमिंटन टूर्नामेंटः धार और इंदौर इंटर डिस्ट्रिक्ट टीम स्पर्धा के फाइनल में



**भोपाल, खेप्र।** धार ने भोपाल और इंदौर ने सीहोर को पराजित कर जीएच रायसोनी स्मृति 63वीं इंटर डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। भोपाल डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा गोविंदपुरा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन स्पोर्ट्स क्लब में खेली जा रही प्रतियोगिता के टीम इवेंट में मजबूत धार ने मेजबान भोपाल को 3-1 से शिकस्त दी। दूसरे सेमीफाइनल में इंदौर ने सीहोर को 3-1 से पराजित कर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। भोपाल के शिवांश गुर्जर ने धार के आदित्य चौहान (14-21, 21-11, 21-7) को हराकर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई, लेकिन आदित्य शर्मा, यश दवे और अक्षत शर्मा-यश की जोड़ी को हार मिली। शिवानी चौधरी ने आदित्या को 21-10, 21-12 से, यश रायकवार-पीयूष बोबाड़े ने अक्षत-यश 21-18, 21-18 से और अमित राठौर ने यश को 21-16, 21-14 से परास्त किया। इससे पहले क्वार्टर फाइनल में भोपाल ने उज्जैन 3-1 से, सीहोर ने ग्वालियर 3-1 से, धार ने नर्मदापुरम 3-0 और इंदौर ने रीवा को 3-1 से हराया था।

### बास्केटबॉल चैंपियनशिप में एसपीएस की दोनों टीमें अगले राउंड में पहुंची



**भोपाल, खेप्र।** सागर पब्लिक स्कूल (एसपीएस) की रोहित नगर और गांधी नगर टीम ने एसजीएफआई इंटर स्कूल बास्केटबॉल बॉयज एवं गर्ल्स चैंपियनशिप में अपने-अपने मुकाबले में जीत दर्ज की। बुधवार को प्रतियोगिता के सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। आईईएस पब्लिक स्कूल में खेले जा रहे टूर्नामेंट में गर्ल्स अंडर-14 के पहले क्वार्टर फाइनल में सेंट थेरेसा ने आर्मी पब्लिक स्कूल को 11-2 से हराया। एसपीएस रोहित नगर ने एसपीएस साकेत नगर को 16-15 से शिकस्त दी। अंडर-19 में एसपीएस गांधी नगर ने फादर एग्नेल स्कूल को 7-2 से, बिलाबोंग ने जीवीएन को 8-0 से और आईईएस पब्लिक स्कूल ने एसपीएस गांधी नगर को 20-14 से हराया। टूर्नामेंट का शुभारंभ आईईएस यूनिवर्सिटी के सीईओ देवांश सिंह ने किया। टूर्नामेंट में मेजबान आईईएस स्कूल सहित भोपाल शहर के कई प्रतिष्ठित स्कूल के 450 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

### एजीएम तक बीसीसीआई अध्यक्ष पद पर काम करते रहेंगे बिन्नी

**बेंगलुरु, जेएनएन।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर रोजर बिन्नी पिछले महीने 70 साल के हो गए, लेकिन मंगलवार को संसद में राष्ट्रीय खेल विधेयक के पारित होने के बाद 1983 विश्व कप में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाला यह दिग्गज कम से कम सितंबर में बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) तक अध्यक्ष के रूप में काम करता रहेगा। अगर बीसीसीआई की राच्य इकाइयों के सदस्य सहमत होते हैं, तो बिन्नी 75 वर्ष की आयु तक पद पर बने रह सकते हैं, जो अब राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) के पदाधिकारियों के लिए कट ऑफ आयु है। यह उन महासंघों के लिए है, जिनकी वैश्विक संस्थाओं में आयु संबंधी कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। क्रिकेट की वैश्विक संचालन संस्था अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) है। बोर्ड के एक सूत्र ने बताया, बिन्नी सितंबर में होने वाली बोर्ड बैठक तक पद पर बने रहेंगे। उन्हें नया कार्यकाल मिलेगा या नहीं, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि बीसीसीआई के सदस्य और उससे जुड़े अन्य प्रभावशाली लोग क्या फैसला लेते हैं। बीसीसीआई राष्ट्रीय खेल विधेयक के दायरे में आएगा, लेकिन आरटीआई अधिनियम देश की सबसे अमीर खेल संस्था पर लागू नहीं होगा, क्योंकि उसे सरकार से कोई अनुदान नहीं मिलता।

## कलेक्टर ने जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**सतना।** भारत सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो रीवा के द्वारा 13 एवं 14 अगस्त को चलने वाले दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस एवं हर घर तिरंगा पर आयोजित होने वाले प्रदर्शनी के पूर्व प्रचार हेतु जागरूकता रथ को कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने मंगलवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## मैहर कलेक्टर ई-रिक्शा पर बैठकर कार्यालय पहुंची

**सतना।** कमिश्नर रीवा बीएस जामोद की पर्यावरण संरक्षण की अपील पर मंगलवार को हो रही बारिश के फलस्वरूप कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने ई-रिक्शा में यात्रा कर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची। इस अवसर पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह सहित अन्य अधिकारी भी अपने-अपने कार्यालय पहुंचे।

# प्रधान आरक्षक व नगर सैनिक रिश्वत लेते गिरफ्तार

### रीवा लोकायुक्त ने नादन देहात थाना में रिश्वत लेते दोनों को पकड़ा



**जागरण सतना**

धाराए न बढाने के एवज में साढे 4 हजार रूपये रिश्वत लेते रीवा लोकायुक्त ने प्रधानआरक्षक और नगर सैनिक को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि 10 हजार रूपये में सौदा हुआ था और पूर्व में आरोपियों ने रिश्वत के रूप में साढे 5 हजार रूपये की पहली किश्त ले ली थी।

### ये है मामला

बताया जाता है कि आनंद कुमार कुशवाहा पिता शिव प्रसाद कुशवाहा उम्र 32 साल निवासी ग्राम देवरा पो.मगरौरा तह.मैहर जिला मैहर ने लोकायुक्त समक्ष शिकायत दर्ज कराई कि नदान देहात थाना में पदस्थ प्रधानआरक्षक श्यामलाल चौधरी और नगर सैनिक बृजेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा दर्ज प्रकरण में धाराए न बढाने के एवज में 10 हजार रूपये रिश्वत मांगी गई। शिकायत मिलते ही एसपी लोकायुक्त सुनील कुमार पाटीदार ने शिकायत का सत्यापन कराया। आरोपी गणो द्वारा साढे 5 हजार रूपये रिश्वत पहले ही ले ली गई थी 12 अगस्त को साढे 4 हजार रूपये रिश्वत लेते दोनो को रीवा लोकायुक्त ने ट्रैप किया है। प्रवीण सिंह परिहार डीएसपी लोकायुक्त ट्रैप करता अधिकारी की अगुवाई में निरीक्षक उपेन्द्र दुबे एवं 12 सदस्यीय टीम द्वारा यह कार्यवाही की गई है।

## स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में कलेक्टर करेंगे ध्वाजारोहण

**जागरण सतना।** स्वतंत्रता दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह 15 अगस्त को प्रातः 9 बजे स्थानीय पुलिस परेड ग्राउण्ड सतना में आयोजित किया गया है। मुख्य समारोह में सतना कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ध्वाजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। मुख्य समारोह स्वतंत्रता दिवस समारोह के पल-प्रतिपल निर्धारित कार्यक्रमानुसार 15 अगस्त को प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा। मुख्य अतिथि प्रातः 9 बजे से 9.05 तक ध्वजारोहण कर सलामी लेंगे। प्रातः 9.05 बजे से 9.25 तक परेड का निरीक्षण मार्च पास्ट, प्रातः 9.25 बजे से 9.55 बजे तक मुख्यमंत्री जी के संदेश के वाचन का सीधा प्रसारण किया जायेगा। प्रातः 9.55 बजे से 10 बजे तक मुख्य अतिथि द्वारा बधाई संदेश का वाचन, प्रातः 10 बजे से 10.30 तक पीटी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन तथा प्रातः 10.30 बजे से पुरूस्कार एवं प्रशस्ति पत्र का वितरण किया जायेगा।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली गई तिरंगा साइकिल रैली

### कलेक्टर, एसपी सहित आलाधिकारी हुये शामिल



**जागरण सतना।** राज्य शासन के निर्देशानुसार सतना जिले में 2 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव-स्वच्छता के संग अभियान चलाया जा रहा है। कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद की पहल पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने संभाग के सभी जिलों में प्रत्येक मंगलवार को साइकिल डे मनाया जाता है। इस दिन सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी पेट्रोल और डीजल चलित वाहन का उपयोग नहीं करते हुए साइकिल द्वारा घर से कार्यालय आना-जाना करते हैं। दूसरे मंगलवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत पुलिस परेड ग्राउंड से कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के नेतृत्व में तिरंगा साइकिल यात्रा निकाली गई।

कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित सभी अधिकारी अपने-अपने घर से साइकिल पर तिरंगा झंडा लगाकर पुलिस परेड ग्राउंड पहुंचे और तिरंगा साइकिल रैली में शामिल हुए। कलेक्टर ने हरी झण्डी दिखाकर तिरंगा साइकिल रैली को पुलिस परेड ग्राउण्ड से रवाना किया और स्वयं भी रैली में शामिल हुए। तिरंगा साइकिल रैली कोठी तिराहा, सिविल लाइन चौक, राजेन्द्र नगर, जवाहर नगर होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। रैली के समापन पर कलेक्ट्रेट परिसर में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों तथा सभी प्रतिभागियों को कलेक्टर द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। साइकिल डे के अवसर पर अधिकारी-कर्मचारी साइकिल चलाते हुए रैली के साथ कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अपने दफ्तर पहुंचे। साइकिल तिरंगा रैली में नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना, सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल,सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान, एसडीएम राहुल सिलाडिया, डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा, तहसीलदार सौरभ मिश्रा, जिला आबकारी अधिकारी नवीनचन्द्र पाण्डेय, आरटीओ संजय श्रीवास्तव, खेल अधिकारी एसपी तिवारी सहित अधिकारी-कर्मचारी तथा बडी संख्या में छात्र-छात्रायें शामिल हुए।

## राज्यमंत्री आज सतना आयेंगी



**सतना।** प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी 13 अगस्त को प्रातः 6.30 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से सतना आयेंगी।

# मैहर जिले में निकाली गई तिरंगा रैली यात्रा



**जागरण, सतना।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में द्वारा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता-स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मैहर जिले में भारतीय सेना गौरव एवं पराक्रम दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंगलवार को मैहर जिले में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा रैली यात्रा मैहर जिले के घंटाघर से होते हुए अग्रसेन तिराहे में संपन्न हुई। तिरंगा रैली यात्रा में विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, कलेक्टर रानी बाटड, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल, एसडीएम विकास सिंह, विकास तिवारी, संतोष सोनी सहित स्कूली छात्र-छात्राओं एवं जनप्रतिनिधि, नगरवासी शामिल रहे। तिरंगा रैली यात्रा रामनगर में नवागत एसडीएम एसपी मिश्रा के नेतृत्व में निकाली गई।

# स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग



**जागरण सतना।** 12 अगस्त को जिला प्रशासन एवं नगर पालिक निगम द्वारा भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया जो परेड ग्राउंड से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट पर संपन्न हुई। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता शपथ दिलाई। स्वच्छ भारत मिशन और स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर पालिक निगम सतना की आईईसी टीम द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं जिनका उद्देश्य नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी प्लास्टिक उपयोग के प्रति सतर्कता तथा पर्यावरण संरक्षण की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। वार्ड क्रमांक 40 में स्वच्छता ऐप जागरूकता अभियान प्लास्टिक प्रतिबंध जागरूकता स्वच्छता शपथ तथा शहर घर तिरंगा दृ हर घर स्वच्छताश् के अंतर्गत सुभाष पार्क से रैली निकाली गई। वहीं वार्ड क्रमांक 45 में स्रोत पर कचरा पृथक्करण जागरूकता प्लास्टिक प्रतिबंध जागरूकता 4.बिन प्रणाली जागरूकता अभियान एवं स्वच्छता ऐप प्रचार.प्रसार किया गया। इन सभी गतिविधियों में स्थानीय नागरिकों विद्यार्थियों और स्वच्छता टीम के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वच्छ सुंदर और स्वस्थ सतना शहर के निर्माण का संकल्प लिया।

# राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण संपन्न



**जागरण सतना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी के निर्देशन में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्नमूलन कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय वायरल हेपेटाईटिस कंट्रोल कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिलो में कार्यरत फील्ड स्टाफका एक दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार को जीएनएम धवारी सेंटर में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्नमूलन कार्यक्रम अंतर्गत प्राथमिक अवस्था में कुष्ठ रोगियो की खोज, उपचाररत एवं उपचार मुक्त कुछ रोगियो का फालोअप, कुष्ठ रोगियों के संपर्क में आये स्वास्थ्य व्यक्तियो को रोग से बचाव हेतु सिंगल डोज रिफैम्पसिन की दवा देने तथा राष्ट्रीय वायरल हेपेटाईटिस कंट्रोल कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त गर्भवती महिलाओ की हेपेटाइटिस बी की जांच करने की जानकारी प्रशिक्षण में दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि हेपेटाइटिस बी पाजीटिव गर्भवती महिलाओ के नवजात शिशु को एचबीआईजी का टीका लगाया जा सके। प्रशिक्षण में खंड चिकित्सा अधिकारी, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक एवं डा. प्रानेश तिवारी, सीपीएचसी सलाहकार, एनएचएम डा. विनय मोहन तिवारी सहित प्रशिणार्थी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने सुनी 105 आवेदकों की समस्यायें

**जागरण सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 105 आवेदकों से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। इस मौके पर प्रभारी अपर कलेक्टर सुधीर बेक सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने, अनुकंपा नियुक्ति, खाद्यान पात्रता पर्ची, दाखिल-खारिज कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध कब्जा हटाने, विद्युत समस्या, जमीन का कब्जा दिलाने, सीमांकन कराने, चिकित्सा सहायता, रोजगार दिलाने, भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

## कलेक्टर रानी बाटड मैहर में करेंगी ध्वजारोहण

**जागरण सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड 15 अगस्त शुक्रवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रातः 9 बजे मैहर में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगी। जिला स्तरीय मुख्य समारोह मैहर के उस्ताद अलाउद्दीन खां स्टेडियम में आयोजित होगा। मुख्य समारोह स्वतंत्रता दिवस समारोह के पल-प्रतिपल निर्धारित कार्यक्रमानुसार 15 अगस्त को प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा। मुख्य अतिथि प्रातः 9 बजे से 9.05 तक ध्वजारोहण कर सलामी लेंगे। प्रातः 9.05 बजे से 9.25 तक परेड का निरीक्षण मार्च पास्ट, प्रातः 9.25 बजे से 9.55 बजे तक मुख्यमंत्री जी के संदेश के वाचन का सीधा प्रसारण किया जायेगा।

## अमृत सरोवर स्थलों पर ध्वजारोहण के साथ होगा विशेष आयोजन

**सतना।** 15 अगस्त 2025 को 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश भर में विशेष आयोजन किए जाएंगे। केंद्र सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी निर्देश अनुसार एक सरोवर, एक संकल्प-जल संरक्षण की थीम पर आजादी का पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के सभी अमृत सरोवर स्थलों पर विशेष आयोजन किए जाएंगे। साथ ही ध्वजारोहण का कार्यक्रम भी होगा। केंद्र सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देश पर मध्यप्रदेश रोजगार गारंटी परिषद ने प्रदेश के समस्त जिलों को निर्देश जारी किए हैं।

**पर्यावरण संरक्षण एवं जल सुरक्षा का दिया जाएगा संदेश :** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को पर्यावरण एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। अमृत सरोवर स्थलों पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी या उनके परिवार के सदस्य अथवा स्थानीय पद्म पुरस्कार विजेता द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इनकी अनुपस्थिति में संबंधित ग्राम पंचायत के सबसे वरिष्ठ नागरिक से ध्वजारोहण कराया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पर्यावरण प्रेमियों, खिलाड़ियों, स्व-सहायता समूह, युवाओं और स्कूली विद्यार्थियों की सहभागिता से ध्वजारोहण किया जाएगा।

डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर
पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा
24/7 Our Services Dialysis (डायलिसिस)
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें 9174566996 7771009417
नवीनतम मशीन द्वारा हीमो डायलेसिस
Hepatitis C (HCV) मरीजों के लिए अलग से समर्पित मशीन
अन्य सुविधाएं:
• 24x7 मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. ईशान गोयल
• 24x7 स्त्री रोग विशेषज्ञ
• वेंटिलेटर एवं Bipap
• 24x7 मेडिकल स्टोर

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
कम खर्च दर्द निशान रक्तस्त्राव
आयुष्मान एवं कैशलेस द्वारा मुफ्त इलाज
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
• गॉलब्लेडर • अपेंडिक्स • सभी प्रकार के हार्निया • ओवेरियन सिस्ट • डायग्रोस्टिक लैप्रोस्कोपी • हिस्ट्रैक्टमी • रेक्टप्रोलैप्स • सुडोपेन कियाटिक सिस्ट • पेट संबंधित सभी प्रकार के ऑपरेशन
संपर्क करें जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.) 07662-356125, 8435896118

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
• IUI, IVF, ICSI • फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET) • एग फ्रीजिंग • एंब्रियो फ्रीजिंग • स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

श्री रामकृष्ण कॉलेज ऑफ फार्मेसी
पीसीआई/9649 द्वारा अनुमोदित, आरजीपीवी भोपाल द्वारा संबद्ध
डी. फार्मा
DTE Counselling Code: 608
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-
पता- ग्राम देवरा, गुरुकुल स्कूल के पास, चोरहटा, रीवा (म.प्र.)
मो.: 9584324641,6262084843,7470944611

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्शः- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेषः- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

PGI लखनऊ के एंडोक्रिनोलॉजिस्ट की OPD रीवा में
17 अगस्त, रविवार
प्रत्येक माह में पूर्व निर्धारित दिनाँक को समय - सुबह 10 से शाम 04:00 बजे तक
डायबिटीज, थायराइड एवं हार्मोन्स रोग विशेषज्ञ
डॉ. अजय शुक्ला
MBBS, M.D., D.M. (Endocriology & Metabolism) SGPGI लखनऊ
विभागाध्यक्ष मैक्स सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल लखनऊ
•डायबिटीज •थायराइड •हार्मोन •दुबलापन •मोटापा •मेटाबोलिक स्प्रोन •अत्यधिक पेशाब •अधिक प्यास लगना •मासिक धर्म में अनियमितता व बांझपन •योवन संबंधित विकार •जनन अंगों के विकास के रोग •हार्मोनो में गड़बड़ी •नपुंसकता •समय से पहले बुढ़ापा आदि रोगों के विशेषज्ञ।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433,9981287311
कृपया रजिस्ट्रेशन पूर्व में करायें, 50 मरीज तक इसके बाद अगली बार का समय दिया जायेगा।

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433 9981287311

SARDAR PATEL EDUCATION GROUP REWA • MP • INDIA
ADMISSIONS OPEN 2025-26
SARDAR PATEL UNIVERSITY Balaghat • MP
CSU COLLEGE OF
PHARMACY D. PHARMACY B. PHARMACY
ENGINEERING POLYTECHNIC | B.TECH. ME | CE | CSE | EEE | MINING Cement Technology Engg. Mining & Mine Surveying Engg. (Mms)
BBA/ MBA BCA /MCA B.A. LL.B. B.COM. LL.B. BBA LLB. LL.B / LL.M.
छात्रवृत्ति सुविधा पात्र विद्यार्थियों को शासन के योजनानुसार
कैम्पस : सिरमौर रोड, ग्राम-पल्हान (उमरी चौक), बैकुण्ठपुर, रीवा
+91 70493 99901, 70493 99902
सिटी ऑफिस ज्योति स्कूल के सामने, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः-** **मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com